राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 116 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


## पहलगाम आतंकी हमला: संसद के विशेष सत्र की मांग



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) सांसद पी. संदोष कुमार ने संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर संसद का एक विशेष सत्र आयोजित करने की मांग की है। इस हमले में कई निर्दोष लोगों की जान गई थी। संदोष कुमार केरल से राज्यसभा के सदस्य हैं। कुमार ने पत्र में लिखा है कि घटना ने पूरे देश की सामूहिक चेतना को हिला कर रख दिया है। संसद लोगों की सर्वोच्च आवाज है। ऐसे कठिन समय में यह आवश्यक है कि हम एकजुट होकर शोक व्यक्त करें। आतंकवाद के खिलाफ अपनी अडिग संकल्पना को दोहराएं। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने आग्रह किया कि सरकार उनकी इस मांग पर गंभीरता से विचार करे। इससे सभी सांसद मिलकर इस दुखद घटना के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेंगे। उन्होंने विशेष सत्र की आवश्यकता का उल्लेख करते हुए कहा, यह सत्र सभी राजनीतिक दलों के सदस्यों को एक साथ लाने का एक अवसर होगा।

# सुरक्षा मेरी जिम्मेदारी थी, मृतकों के परिजन से क्या कहूं; माफी के लिए शब्द नहीं: सीएम

टीम एक्शन इंडिया
**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार आतंकवाद के खिलाफ लोगों के अभियान को मजबूत करेगी, क्योंकि इसे केवल जनता के सहयोग से ही हराया जा सकता है। हालांकि, अब्दुल्ला ने आगाह किया कि सरकार को ऐसा कोई कदम उठाने से बचना चाहिए, जिससे जनता अलग-थलग पड़ जाए।
पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए बुलाये गए विशेष सत्र में प्रस्ताव पर चर्चा को समाप्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब लोग हमारे साथ होंगे, तो आतंकवाद या उग्रवाद खत्म हो जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ लोगों के आक्रोश को देखते हुए अगर हम उचित कदम उठाते हैं, तो यह इसके खत्म होने की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहिए, जिससे लोग अलग-थलग पड़ जाएं। हम बंदूक से आतंकवादी को नियंत्रित नहीं कर सकते, लेकिन अगर लोग हमारे साथ हैं, तो हम उग्रवाद को खत्म कर सकते हैं।



### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर निंदा प्रस्ताव पारित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने सोमवार को सर्वसम्मति से पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर दुख और पीड़ा व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव में सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने और प्रगति में बाधा डालने वाले नापाक इरादों को हराने के लिए दृढ़ता से लड़ने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की और स्वीकार किया कि वह पर्यटकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने की अपनी जिम्मेदारी में विफल रहे। विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी की ओर से पेश प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। सत्र की शुरूआत में सदन के सदस्यों ने पिछले सप्ताह इस त्रासदी में मारे गए 26 लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। राष्ट्र और जम्मू-कश्मीर के सांप्रदायिक सद्भाव और प्रगति को बाधित करने वालों के नापाक इरादों को दृढ़ता से हराने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

**भावुक संबोधन**

□ पहलगाम अटैक पर सीएम उमर का भावुक संबोधन:, केवल जनता के सहयोग से ही हराया जा सकता है आतंकवाद: उमर

## फास्ट न्यूज

### देश का औद्योगिक उत्पादन मार्च महीने में 3 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश का औद्योगिक उत्पादन मार्च में मासिक आधार पर 3 फीसदी बढ़ा है। इससे पहले फरवरी महीने में यह 2.7 फीसदी रही थी, जबकि पिछले साल की समान अवधि में आईआईपी पर आधारित औद्योगिक उत्पादन मार्च 2024 में 5.5 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर मार्च, 2025 में मामूली रूप से बढ़कर तीन फीसदी रही, जो इससे पिछले महीने फरवरी में 2.7 फीसदी थी। हालांकि, सालाना आधार पर औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि मार्च में घटी है, क्योंकि मार्च, 2024 में यह 5.5 फीसदी था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के जारी आंकड़ों के मुताबिक सालाना आधार पर विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों का प्रदर्शन खराब रहा है। एनएसओ के मुताबिक विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि मार्च 2025 में थोड़ी कम होकर तीन फीसदी रह गई, जो पिछले साल इसी महीने में 5.9 फीसदी थी। खनन क्षेत्र की उत्पादन में वृद्धि सालाना आधार पर 1.3 फीसदी से घटकर 0.4 फीसदी रह गई। इसके अलावा बिजली क्षेत्र का उत्पादन भी मार्च 2025 में घटकर 6.3 फीसदी पर आ गया, जो एक साल पहले की इसी अवधि में 8.6 फीसदी था। सरकार ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि फरवरी 2025 में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 2.9 फीसदी रही थी, हालांकि, अब राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से इस आंकड़े को संशोधित कर 2.7 फीसदी कर दिया गया है।

### तहव्वुर राणा की एनआईए हिरासत 12 दिनों के लिए बढ़ी

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट के स्पेशल जज चंदरजीत सिंह ने 2008 में 26 नवंबर को मुंबई में हुए आतंकी हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा की एनआईए हिरासत 12 दिनों के लिए बढ़ा दी है। आज तहव्वुर राणा की एनआईए हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद एनआईए ने उसे कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने आज सुनवाई के बाद एनआईए हिरासत की मांग पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

□ भारत-फ्रांस के बीच 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमानों की खरीद का सौदा पूरा □ भारत में फ्रांस के राजदूत ने 63 हजार करोड़ रुपये के सौदे पर किए हस्ताक्षर

# भारत और फ्रांस के बीच राफेल डील साइन, 26 राफेल मरीन मिलेंगे



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** भारत-फ्रांस के बीच 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए सोमवार को 63 हजार करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर हो गए। नई दिल्ली में भारत में फ्रांस के राजदूत के बीच हुए इस सौदे से भारतीय नौसेना की लड़ाकू ताकत और ज्यादा मजबूत होगी। भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने किया, जबकि नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल के स्वामीनाथन भी मौजूद थे। भारत और फ्रांस ने आज 26 राफेल मरीन विमान खरीदने के लिए 63 हजार करोड़ रुपये के बड़े सौदे पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की केंद्रीय कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने इसी माह 09 अप्रैल को फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमान खरीदने के लिए मेगा डील को मंजूरी दी थी।
इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना को 22 सिंगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर विमान मिलेंगे। इससे भारतीय नौसेना की लड़ाकू ताकत और ज्यादा मजबूत होगी। फ्रांस को अनुबंध के तहत सौदे पर हस्ताक्षर करने की तिथि से 37 महीनों के भीतर पहला राफेल मरीन विमान देने की बाध्यता होगी।

**लड़ाकू ताकत**

□ भारत में फ्रांस के राजदूत के बीच हुए इस सौदे से भारतीय नौसेना की लड़ाकू ताकत और ज्यादा मजबूत होगी

### आईएनएस विक्रांत के लिए राफेल मरीन को चुना

भारतीय नौसेना ने स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत के लिए बोइंग एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट की जगह फ्रांसीसी राफेल मरीन को चुना है। भारत और फ्रांस के बीच इस बारे में लम्बे समय से चल रही बातचीत पूरी हो चुकी है। पहले इस वित्तीय वर्ष में ही सौदे पर हस्ताक्षर करने की योजना थी, लेकिन संसद के बजट सत्र के कारण इसमें देरी हुई है।

### 'राफेल मरीन' परमाणु सक्षम

वायु सेना के राफेल जेट और समुद्री संस्करण 'राफेल मरीन' में एक अंडरकारेज और नोज व्हील, एक बड़ा अरेस्टर हुक, एक एकीकृत सीढ़ी जैसे कई अन्य मामूली अंतर हैं। 'राफेल मरीन' स्की टेक-ऑफ के लिए चार-पांच टन तक बाहरी भार ले जा सकता है। भारत की जरूरतों के लिहाज से फ्रांसीसी कंपनी ने परमाणु सक्षम एक 'राफेल मरीन' स्की-जंप करने की क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए भारत भेजा था।

### राफेल एम जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा कर सकता है

राफेल बनाने वाली कंपनी डसॉल्ट एविएशन को भरोसा है कि राफेल एम भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस विक्रांत के लिए उपयुक्त होगा। राफेल एम का इस्तेमाल अभी भी ग्रीस, इंडोनेशिया और यूएई की सेनाएं कर रही हैं। भारतीय नौसेना का मानना है कि राफेल उसकी जरूरतों को काफी बेहतर तरीके से पूरा कर सकता है।

### मिग-29के को बेड़े से हटाना चाहती है नौसेना

भारतीय नौसेना 43 पुराने रूसी फाइटर जेट मिग-29के और मिग-29के यूबी को अपने बेड़े से हटाना चाहती है। इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना को 22 सिंगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर विमान मिलेंगे। भारतीय नौसेना की लड़ाकू ताकत और ज्यादा मजबूत होगी। फ्रांस को अनुबंध के तहत सौदे पर हस्ताक्षर करने की तिथि से 37 महीनों के भीतर पहला राफेल मरीन विमान देने की बाध्यता होगी।




हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में भारत के 16वें वित्त आयोग के साथ बैठक करते हुए। साथ में हैं 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया व अन्य सदस्य।

### यूट्यूबर इलाहाबादिया का पासपोर्ट रिलीज

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विवादित यूट्यूबर रणबीर इलाहाबादिया का पासपोर्ट रिलीज करने की अनुमति दे दी है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इलाबादिया के मामले में जांच पूरी हो चुकी है, ऐसे में पासपोर्ट रिलीज कर दिया जाए.इससे पहले एक अप्रैल को रणबीर इलाहाबादिया ने सुप्रीम कोर्ट में अंडरटेकिंग देकर कहा था कि वो अपने शो में नैतिकता का स्तर बनाये रखेगा, ताकि सभी उम्र के लोग उस शो को देख सकें। इलाहाबादिया की ओर से पेश वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने इलाहाबादिया का पासपोर्ट रिलीज किये जाने की मांग की थी, ताकि वो विदेश जा सकें।

## सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट बैन की मांग, कई प्लेटफॉर्म्स को नोटिस



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ओटीटी और सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट पर बैन को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार, ओटीटी और सोशल प्लेटफॉर्म्स को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार के अलावा जिनको नोटिस जारी किया गया है, उनमें नेटफ्लिक्स, उल्लू डिजिटल लिमिटेड, ऑल्ट बाला जी, ट्विटर, मेटा प्लेटफार्म और गूगल शामिल है। पूर्व सूचना आयुक्त उदय माहुरकर और अन्य की ओर से दायर याचिका में मांग की गई है कि कोर्ट केंद्र सरकार को नेशनल कंटेंट कंट्रोल अथॉरिटी का गठन करने का निर्देश दे, जो इन प्लेटफार्म पर अश्लीलता को रोकने के लिए दिशा-निर्देश तय करे। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार इस याचिका को अन्यथा नहीं ले रही है। मेरी चिंता इस बात को लेकर है कि बच्चे भी इससे प्रभावित हो रहे है। इन प्रोग्राम की भाषा न केवल अश्लील है, बल्कि विकृत है। दो पुरुष भी इसे एक साथ बैठकर नहीं देख सकते। सिर्फ ये शर्त लगाई गई है कि 18 साल से ज्यादा उम्र वाले के कंटेंट है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि बच्चों की पहुंच इस कंटेंट तक नहीं है।

### *भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की दूसरी खेप सौंपी*

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली की दूसरी खेप फिलीपींस को सौंप दी है। इसी के साथ भारत और फिलीपींस के बीच 2022 में किया गया अनुबंध पूरा हो गया है, जो 374 मिलियन डॉलर से अधिक का सबसे बड़ा और पहला विदेशी सौदा था। भारतीय वायु सेना के ताकतवर सी-17 ग्लोबमास्टर ने मिसाइल की खेप लेकर हिंडन एयरफोर्स से उड़ान भरी थी और अब यह विमान फिलीपींस वायु सेना के क्लार्क एयरबेस पर उतर चुका है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) ने 28 जनवरी, 2022 को फिलीपींस गणराज्य के राष्ट्रीय रक्षा विभाग के साथ तीन मिसाइलों के लिए एक औपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। भारत से सुपरसोनिक मिसाइल खरीदने के लिए 374 मिलियन डॉलर से अधिक का यह सबसे बड़ा और पहला विदेशी सौदा था। भारत (डीआरडीओ) और रूस (एनपीओएम) के संयुक्त उद्यम ने सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस विकसित की है।



## पहलगाम पर सर्वदलीय बैठक में पीएम नहीं आए: खड़गे

**पीएम को घेरा**

□ हम चाहते थे कि इस बैठक में प्रधानमंत्री अपने प्लान के बारे में बताएं और लोगों के सुझाव भी लें

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जरिए चलाए जा रहे संविधान बचाओ' अभियान के तहत सोमवार को जयपुर के रामलीला मैदान में एक बड़ी रैली आयोजित की गई। रैली की शुरूआत सुबह 11 बजे से हुई, जिसे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संबोधित किया।



**देश के स्वाभिमान के लिए सभी को एकजुट रहना चाहिए**
श्रद्धांजलि देने के बाद उन्होंने आतंकी हमले को लेकर कहा कि उस दौरान उन्होंने बेंगलुरु में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि प्रधानमंत्री को एक सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए, क्योंकि जब देश के स्वाभिमान को ठेस पहुंचे तो हम सभी को एकजुट रहना चाहिए। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम चाहते थे कि इस बैठक में प्रधानमंत्री अपने प्लान के बारे में बताएं और लोगों के सुझाव भी लें।

**कठिन समय में हम सरकार के साथ हैं**
खड़गे ने आगे कहा कि इसके अलावा, हमने सीडब्ल्यूसी मीटिंग भी बुलाई, जिसमें हमने तय किया था कि हम सभी सरकार के साथ हैं। हमने सर्वदलीय बैठक में भी कहा था कि इस कठिन समय में हम सरकार द्वारा उठाए जाने वाले किसी भी कदम में उनके साथ हैं। इसमें बैठक सभी दलों के लोग आए लेकिन पीएम इस बैठक में नहीं आए।
जब देश के स्वाभिमान को ठेस पहुंची तो आप बिहार में प्रचार कर रहे थे। आप बिहार से आते, हमें अपनी योजनाएं बताते और बताते कि आपको हमसे किस तरह का सहयोग चाहिए।

### *एक मई से लागू होगी 'वन स्टेट वन आरआरबी पॉलिसी*



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** वन स्टेट वन आरआरबी पॉलिसी यानी एक राज्य में एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की नीति 1 मई से लागू हो जाएगी। मतलब सिर्फ दो दिन बाद 1 मई से देश में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) की संख्या घट कर सिर्फ 28 रह जाएगी। फिलहाल देश में कुल 43 ग्रामीण बैंक कार्यरत हैं। ये सभी ग्रामीण बैंक उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर, मध्य प्रदेश, गुजरात, ओडिशा, कर्नाटक, राजस्थान और महाराष्ट्र के हैं। पूरे देश के ग्रामीण इलाकों में काम कर रहे क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की सर्विस को और बेहतर बनाने के लिए देश के 11 राज्यों में कार्यरत 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विलय का फैसला लिया गया था। इस संबंध में 8 अप्रैल को ही वित्त मंत्रालय ने अधिसूचना भी जारी की थी। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण का ये चौथा चरण होगा। इसके पहले भी चीन चरणों में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की संख्या कम की गई है।

**पर्यावरण संरक्षण**

### ग्रीन इंडस्ट्री में हिमाचल प्रदेश में निवेश का सही समय: मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू

## *हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने में सभी वर्ग करें सहयोग: मुख्यमंत्री*

टीम एक्शन इंडिया
मनीष
**सोलन:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गत दिवस को सोलन जिला के कसौली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांधी ग्राम में अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस 'नेशनल ट्रक एंड बस मीट में बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश, देश के सबसे खूबसूरत और लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है। यहां की नदियां, झरने, झीलें, बागान, बर्फीली चोटियां, पहाड़, संस्कृति और अतिथि-भाव वर्ष भर लाखों पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इतनी बड़ी संख्या में पर्यटकों का आना यहां के वातावरण को भी प्रभावित करता है। इसीलिए वर्तमान राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास पर विशेष ध्यान देते हुए पर्यटन अधोसंरचना को मजबूत कर रही है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश को 31 मार्च, 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जो कार्ययोजना बनाई गई है उसमें इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ और इसके लिए अधोसंरचना का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, "मुझे प्रसन्नता है कि यह आयोजन न केवल हिमाचल प्रदेश के सत्त विकास से जुड़ा है, बल्कि यह पर्यावरण और हरित ऊर्जा भविष्य की दिशा में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राज्य के पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार नई योजनाएं बना रही हैं। श्री सुक्खू ने कहा कि ग्रीन हाउस गैसें, प्रदूषण का मुख्य कारण है और 16-20 प्रतिशत ग्रीनहाउस गैस परिवहन क्षेत्र से ही उत्सर्जित होती है। यह स्थिति हमारे वातावरण और हमारे राज्य की पर्यावरण की सेहत के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही है। प्रदेश में बढ़ती पेट्रोल और डीजल वाहनों की संख्या, प्रदूषण का प्रमुख कारण बन रहा है। इससे स्वच्छ पर्यावरण पर भारी दबाव पड़ता है, जो गंभीर चिंता का विषय है।



**सतत विकास**

□ प्रदेश में बढ़ती पेट्रोल और डीजल वाहनों की संख्या, प्रदूषण का प्रमुख कारण बन रहा है

## 'नरेश टिकैत का बयान देश विरोधी'

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** भारतीय किसान संघ ने भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत के बयान की निंदा की है। किसान संघ ने एक बयान में कहा है कि भारतीय किसान यूनियन के नेता का बयान देश विरोधी ताकतों का समर्थन है। इसकी जांच होनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 निदोर्षों की हत्या के बाद भारत सरकार ने कड़ा कदम उठाते पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। इस फैसले को किसान नेता नरेश टिकैत ने गलत बताया है। उन्होंने कहा कि संधि जारी रहनी चाहिए। हम इसके खिलाफ हैं। हम किसान हैं और हर किसान को पानी मिलना चाहिए।



देश के सबसे बड़े किसान संगठन भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि भारतीय किसान यूनियन के नेताओं का बयान देशविरोधी ताकतों का समर्थन है। उन्होंने मांग की कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि किसके इशारे पर इस प्रकार के पाकिस्तान समर्थक बयान दिए जा रहें हैं।

### मणिशंकर के बयान को भाजपा ने बताया असंवेदनशील

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के बयान पर घमासान मच गया है। भाजपा ने पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता के बयान को असंवेदनशील बताया है। सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पहलगाम में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना को पूरे देश ने देखा है। इसके खिलाफ लोगों में व्यापक आक्रोश है।

# फिलिंग स्टेशन मैनेजर को चाकू अड़ाकर आठ लाख रुपये की नकदी लूटी



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सेक्टर-27 शहर थाना** क्षेत्र के नरेला रोड पर स्थित फिलिंग स्टेशन पर हथियार के बल पर मैनेजर से आठ लाख रुपये की नकदी लूट ली। वारदात को अंजाम देकर कार सवार बदमाश मौके से भाग गए। सूचना के बाद डीसीपी समेत पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच की। पुलिस ने मैनेजर के बयान पर लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव जोली हाल में बंदेपुर निवासी विनोद ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि वह नरेला रोड पर राठधना के पास स्थित किरण फिलिंग स्टेशन पर मैनेजर कार्यरत है। वह सोमवार को फिलिंग स्टेशन से दो दिन का कैश लेकर सोनीपत शहर में मिशन चौक स्थित पीएनबी की शाखा में जमा कराने जा रहे थे। वह गांव राठधाना मोड़ के पास पहुंचे तो तभी गांव की तरफ से सेंट्रो कार आकर उनकी बाइक की साइड में रुकी। अचानक कार के आने से उन्हें बाइक रोकनी पड़ी। कार से दो युवक उतरे और उनके पास आकर जबरन बैग को छीनने लगे। जिस पर उन्होंने विरोध कर दिया। विरोध करने पर एक युवक ने चाकू उनके पेट पर अड़ा दिया। जिससे वह चोटिल हो गए। उसके बाद वह डराकर उनसे बैग छीनकर उसके अंदर पॉलिथीन में रखे रुपये निकाल कार में सवार होकर भाग गए। वह कच्चे रास्ते से होते हुए मैप्सको सिटी की तरफ भाग निकले। उनके शोर मचाने पर फिलिंग स्टेशन से सेल्समैन उनके पास आए और पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद डीसीपी नरेंद्र कादियान, एसीपी राजपाल व जीत सिंह, थाना प्रभारी सवित, सीआईए-1 प्रभारी बीर सिंह व सीआईए सेक्टर-27 प्रभारी अनिल पंवार भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने नाकाबंदी कर बदमाशों का पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन सुराग नहीं लग सका। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली है। पुलिस ने मामले में विनोद के बयान पर लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**12 साल से कर रहे मैनेजर के रूप में काम**

विनोद ने पुलिस को बताया कि वह 12 साल से फिलिंग स्टेशन पर बतौर मैनेजर कार्यरत है। अक्सर वह स्वयं ही नकदी जमा कराने के लिए बैंक में जाते हैं। पहली बार उनके साथ इस तरह की वारदात हुई है। फिलिंग स्टेशन मैनेजर के कारिंदे से हथियार के बल पर नकदी लूटने की शिकायत मिली है। इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। कार सवार बदमाशों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द से जल्द बदमाशों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**वारदात**

बदमाशों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द बदमाशों को काबू कर कार्यवाही अमल में लाई जायेगी

## दोपहिया वाहनों की खरीद फरोख्त करने वाले डीलर से मांगी 25 लाख

**सोनीपत: शहर थाना क्षेत्र के गोहाना** रोड स्थित दोपहिया वाहन डीलर से 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगने और न देने पर एके-47 से गोली मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है। तकि रंगदारी मांगने वाले का जल्द से जल्द सुराग लग सके। गली नंबर-24 मयूर विहार निवासी संजय ने शहर थाना पुलिस को शिकायत देकर बताया कि वह छोटूराम चौक के पास दादा गगन साध मोटर्स के नाम से दोपहिया वाहनों की खरीद-फोख्त करता है। उसके पास पास 24, नवंबर 2024 को 11 अंक के मोबाइल नंबर से कॉल आई थी, जिसमें 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी और न देने पर एके-47 से गोली मारने की धमकी दी गई थी। पहले उन्होंने इसे मजाक समझ कर अनदेखा कर दिया। अब 15 अप्रैल को उसी नंबर से उन्हें लगातार चार धमकी भरे कॉल आए। कॉल में न केवल गाली-गलौज की गई बल्कि दुकान बंद करने और जान से मारने की धमकियां भी दी गईं। संजय ने इन कॉल्स की रिकॉर्डिंग कर डायल 112 पर सूचना दी। पीड़ित ने बताया कि 27 अप्रैल को तीन युवक बाइक पर उनकी दुकान के बाहर आए और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस घटना की सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपी गई है। संजय ने बताया कि बार-बार मिल रही धमकियों के चलते उसका पूरा परिवार दहशत में है। शहर थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित ने मामले को लेकर थाने में शिकायत दी है। इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। साइबर सेल की मदद से कॉलर की पहचान व बाइक सवार बदमाशों की तलाश के प्रयास किए जा रहे है। गिरफ्तारी होने के बाद आरोपितों से पूछताछ में मामले का खुलासा हो सकेगा। पुलिस टीमें आरोपितो की तलाश के लिए दबिश दे रही है।

## युवती से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: कुंडली थाना सोनीपत** पुलिस ने युवती से दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सचिन निवासी गांव छतेहरा हाल में शहर का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक युवती ने गत 14 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह शहर में कोचिंग के लिए आती थी। उसकी मुलाकात सचिन नाम के युवक से हुई। सचिन ने उसे बहलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता नाम: **हीना उर्फ बानो उर्फ बुल्लो, पत्नी: चेतन, निवासी: आजेड–305, ब्रमपुरी, पंखा रोड, सागरपुर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.511/2018 U/S 33 Delhi Excise Act** के तहत एक मामला **थाना सागर पुर, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **हीना उर्फ बानो उर्फ बुल्लो** नहीं मिली या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **हीना उर्फ बानो उर्फ बुल्लो** फरार हो गयी हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.511/2018 U/S 33 Delhi Excise Act, थाना सागर पुर, दिल्ली** की आरोपी **हीना उर्फ बानो उर्फ बुल्लो** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए **30.05.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार सुश्री ईशा सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
कक्ष संख्या 18, मुख्य भवन,
पटियाला हाउस न्यायालय, नई दिल्ली

DP/5360/SW/2025
(अदालती मामला)

## प्रापर्टी डीलर की कार का शीशा तोड़कर हजारों रुपये की राशि चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र** के सेक्टर-15 में घर के बाहर खड़ी एक प्रापर्टी डीलर की कार का शीशा तोड़कर चोर हजारों रुपये की नकद राशि व सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सेक्टर-15 निवासी अमित दहिया ने कि वह प्रापर्टी डीलर का कार्य करता है। किसी काम को लेकर वह बाहर गया हुआ था। उसके बाद वापस लौटे तो अपनी कार को घर के बाहर खड़ा कर दिया। सुबह उठे तो कार की पिछली सीट का शीशा टूटा हुआ था। जांच की तो कार में रखे 52,500 रुपये, ईसीएम, पुश बटन स्टार्ट, गाड़ी का लॉक और उनका चश्मा गायब मिला। रात को किसी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी सवित कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरदीप सिंह चंदौखे, पुत्र** अमरपाल सिंह, **निवासी** म. नं. जी-147, पुष्कर ऐनक्लेव, पश्चिम विहार, दिल्ली एवं म. नं. आरजेड-48, नरसिंह गार्डन, ख्याला, दिल्ली ने **CC No. 19746/18 U/s 138 NI Act. थाना: रूप नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हरदीप सिंह चंदौखे** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हरदीप सिंह चंदौखे** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 19746/18 U/s 138 NI Act. थाना: रूप नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हरदीप सिंह चंदौखे** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
देशना गोलेछा
जेएमएफसी (NI ACT)-07 कमरा नं. 507
एक्टेंशन ब्लॉक, तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5298/N/2025/
(court matter)

### पीरामल कैपिटल & हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

Piramal Finance

(पूर्व में दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
सीआईएन: एल65910एमएच1984पीएलसी032639

**पंजीकृत कार्यालय:** यूनिट नं.-601, 6वीं मंजिल, पीरामल अमिटी बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कॉपोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई-400070-T+91 22 3802 4000.. **शाखा कार्यालय:** यूनिट नं. 01 और 09, ग्राउंड फ्लोर, जीडी-आईटीएल नॉर्थ एक्स टॉवर, प्लॉट नं. ए-9, नेताजी सुभाष प्लेस, नई दिल्ली-110034 और प्लॉट नं.-6, ब्लॉक-ए2वीं मंजिल, सेक्टर 2, नोएडा-201301

**सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8-(1) और परिशिष्ट-IV के अनुसार अचल संपत्ति के लिए कब्जे का**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉपोरेशन लिमिटेड के नाम से विख्यात) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए डिमांड नोटिस जारी किया जाता है। उधारकर्ता द्वारा राशि चुकाने में असफल रहने के कारण, उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के साथ उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के तहत नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को संपत्ति से निपटने के लिए चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी व्यवहार पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉपोरेशन लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) के अधीन होगा, जो कि ब्याज के साथ नीचे उल्लिखित राशि के लिए है।

| क्रमांक सं | उधारकर्ता/गारंटर का नाम | सुरक्षित परिसंपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि और राशि | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (ऋण कोड संख्या 255000000414), (शाखा दिल्ली पीतमपुरा), राज मुत्तरेजत (उधारकर्ता), मीनाक्षी कुमार (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का समस्त भाग- यूनिट नंबर 0716 7वीं मंजिल टावर 1 सेक्टर 74 ए कॉपोरेट ग्रीन गुड़गांव कंपनी- हरियाणा-122001 | 20-दिसम्बर-24 को रु. 1,35,06,215 करोड़ पैंतीस लाख छह हजार दो सौ पंद्रह मात्र) | 24/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 2 | (ऋण कोड संख्या BLSA0002D334), (शाखा रोहतक), राकेश कुमार (उधारकर्ता), उधारकर्ता) पिंकी देवी (सह- | संपत्ति के सभी भाग और पार्सल 126 खाता 140 किला 4//22 (9-4), 23(7-7), 24(5-19), 9/2(8-0), 3(3-0), 4(8-को-0), 5(6-10), 6(7-11), 7(7-11), 8(7-11), 9/1(4-4), 10/1(3-8), 60/1(7-4), 10(7-4), 11(7-4), 19/2(0-7), 20/1 रोहतक हरियाणा 124011 | 16-अक्टूबर-24 को रु. 19,88,999.52- (रु. उन्नीस लाख अस्सी हजार नौ सौ निन्यानवे और पचास पैसे मात्र) | 28/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 3 | (ऋण कोड संख्या BLSA0000ED41), (शाखा-दिल्ली द्वारका), वकील (उधारकर्ता), मो. सारिफ (सह-उधारकर्ता 1) वसीला (सह-उधारकर्ता ) | संपत्ति के सभी भाग और पार्सल खसरा संख्या 492, वकील ग्राम चामरी बागर पालिका हापुड, परगना और तहसील और सह-जिला। हापुड गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 24 जनवरी 2025 को रु. 14,71,856/- (केवल चौदह लाख इकहत्तर हजार आठ सौ छप्पन रुपये) | 24/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 4 | (ऋण कोड संख्या 09200001751)। (शाखा - पीतमपुरा), त्रिलोकपति कुमार (उधारकर्ता), मो. अजमेर अंसारी (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का पूरा हिस्सा- Rz-4-1013/13 अ (पुराना) नंबर-60) तीसरी प्राथमिकी (पीछे खं. नंबर-50/1/1 गांव पालम साइड) खं. नंबर-50/1/1, गांव पालम राज नगर-2 पालम कॉलोनी दक्षिण पश्चिम दिल्ली दिल्ली IN 110075 | 18 नवंबर 24 को रु. 11,40,831 (केवल 11 लाख चालीस हजार आठ सौ इकतीस) | 23/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 5 | (ऋण कोड संख्या 09600001242), (शाखा पीतमपुरा)। शिजू एस (उधारकर्ता), कार्तिका डी (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का संपूर्ण भाग एवं पार्सल - प्राइवेट फ्लैट नंबर 103, प्लॉट नंबर 38, यू.जी. एनए खसरा नंबर-16/15/2 और 17/11-12 (पिछला बायां भाग खसरा नंबर-16/15/2 और 17/11-12 (पिछला बायां पूर्वी भाग), मटियाला एक्सटेंशन, पश्चिम दिल्ली, दिल्ली, भारत, 110059। | 28 अगस्त 2023 को रु. 22,62,975 (बीस लाख बासठ हजार नौ सौ पचहत्तर मात्र) | 23/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 6 | (ऋण कोड संख्या M0277942), (शाखा बहादुरगढ़), मनु मनचंदा (उधारकर्ता), भव्य मनचंदा (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का पूरा हिस्सा- फ्लैट नंबर 1, तीसरी मंजिल पर छत के अधिकार के साथ, निर्मित संपत्ति के बाईं ओर असर संख्या 262. खसरा नंबर 4713 से बाहर, गांव हस्तसाल, भूमि माप 121 एसजी गज पश्चिम दिल्ली-110069 | 20-दिसम्बर-24 को रु. 52,59,527.56 (बावन लाख पच्चीस हजार पांच सौ बाईस छप्पन पैसे मात्र) | 23/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 7 | (ऋण कोड संख्या HLSA0005382A और HLSA0005382AT), (शाखा- दिल्ली-नरेला), महेश सिंह तोमर (उधारकर्ता), नेहा भदौरिया (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का समस्त भाग - एच नं. 50. ऊपरी भूतल, ब्लॉक एम. ख. नं. 10/23, नीरज जनरल स्टोर, ग्राम मटियाला, सैनिक नगर, पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली - | 24.01.2025 को कुल 15,60,548/- (पंद्रह लाख रुपये पांच हजार पांच सौ चालीस रुपये मात्र) | 24/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 8 | (ऋण कोड संख्या BLSA000160A5), (शाखा-मेरठ), तौसीफ (उधारकर्ता), शाहजहां (सह-उधारकर्ता) नजमा बेगम (सह-उधारकर्ता 2) मोहम्मद आसिफ (सह-उधारकर्ता 3) | संपत्ति का समस्त भाग एवं पनौल-खसरा संख्या 3105, 4 पृष्ठ 263, नीर शालीमार गार्डन (तान्या गार्टलेन) मेरठ उत्तर प्रदेश 250001 | 20 दिसंबर 2024 को रु. 13,50,619.8/- (रुपये तेरह लाख पचास हजार सौ उन्नीस अस्सी पैसे मात्र) | 24/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 9 | (ऋण कोड संख्या BLSA00020334), (शाखा-रोहतक), संत कुमार निरंकण (उधारकर्ता), कुसुम रानी (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का सम्पूर्ण भाग प्लॉट संख्या अ21, खसरा संख्या 753. ग्राम किसाडौली, त्रिवेणी एन्क्लेव कॉलोनी, - मेरठ-, उत्तर प्रदेश-250005 | 18 नवंबर 24 को 12,37,098,14 रुपये (बारह लाख सैंतीस हजार अट्ठानवे रुपये मात्र) | 24/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 10 | (ऋण कोड संख्या 25500002060), (शाखा दिल्ली पीतमपुरा)। मनोज कुमार (उधारकर्ता), उमीर्ला देवी (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का पूरा हिस्सा संपत्ति संख्या 1209-ए, तीसरी मंजिल (बाएं), छत के साथ गली नंबर 10, गोविंद पन कालकाजी, खं. नंबर-53 नई दिल्ली दक्षिण पश्चिम दिल्ली 110074 | 16-सितम्बर-24 को रु. 15.35.234 (पन्द्रह लाख यानि पांच हजार रुपये दो दिल्ली-एक सौ चौंतीस मात्र) | 25/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 11 | (ऋण कोड संख्या 2500000257), (शाखा-250000025718 दिल्ली), सुरिंदर कुमार जैन (उधारकर्ता), सुशीला जैन (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का पूरा हिस्सा आवासीय प्लॉट संख्या 46, क्षेत्रफल 84 50. मीटर, ब्लॉक बीजी, ईस्ट शालीमार बाग, नई दिल्ली-110088 | 17 जनवरी 25 को 2,47,49,417 रुपये दो करोड़ सैंतालीस लाख उन्तालीस हजार चार सौ और सवेस्तोरन मात्र | 25/04/2025 (प्रतीकात्मक) |

**स्थान: उत्तर प्रदेश दिनांक: 29.04.2025** **(प्राधिकृत अधिकारी) पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

## अलग-अलग स्थानों से ई-रिक्शा व दोपहिया वाहन चोरी

**सोनीपत: अलग-अलग स्थानों** से ई-रिक्शा व दोपहिया वाहन चोरी होने के मामले सामने आया है। पीड़ितों ने मामलों को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिए है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। मोहन नगर निवासी प्रवीन ने बताया कि वह गोहाना रोड स्थित एक निजी बैंक में चपरासी का काम करता है। उसके पास एक ई-रिक्शा भी है। वह ई-रिक्शा लेकर बैंक में लेकर आया था। ई-रिक्शा को बैंक के बाहर खड़ा दिया। जब वह ड्यूटी खत्म कर बाहर आए तो उनकी ई-रिक्शा नहीं मिली। ई-रिक्शा को कोई चोरी कर ले गया। शिकायत मिलने पर कोर्ट कांप्लेक्स चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जाएगी। जल्द ही चोर का पता लगाकर ई-रिक्शा बरामद कर ली जाएगी। वहीं, मामा-भांजा के पास से चोर एक युवक की बाइक चोरी कर ले गए। मशद मोहल्ला निवासी शांति लाल ने कि वह किसी काम से मामा-भांजा चौक के पास आए थे। इस दौरान फोटो स्टूडियो के बाहर बाइक खड़ी कर दी।

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **अजय शर्मा पुत्र:** संत राम शर्मा **पता:** मकान नंबर 153, एल–163 ए, खसरा नंबर 106/9/1 के ब्लॉक साइड, के पास गली नंबर 5, राजा पुरी, नई दिल्ली, ने **Ct Case 284/2023, U/s 135 of The Indian Electricity थाना: बिंदापुर दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय शर्मा,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय शर्मा,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Ct Case 284/2023, U/s 135 of The Indian Electricity थाना: बिंदापुर दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अजय शर्मा,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद कुमार मीना
एएसजे, द्वारका कोर्ट दिल्ली

DP/5388/DW/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **शिवम गुप्ता, पता:** मकान नं. 810, एफ ब्लॉक, मंगोलपुरी, दिल्ली ने **CT Case No. 2028/2020, U/s: 138 NI Act, पुलिस थाना: मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शिवम गुप्ता,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शिवम गुप्ता,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **शिवम गुप्ता, CT Case No. 2028/2020, U/s: 138 NI Act, पुलिस थाना: मंगोलपुरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.05.2025** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री रितिका जैन
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, उत्तरी–पश्चिम
कोर्ट नं. 105, रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/5322/OD/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ओमकार सिंह** पुत्र: **बिरजू** निवासी **म.नं. 66, गली नं. 3, ज्वाला नगर, दिल्ली एवं: सी–166, मुकेश नगर, काले चक्की वाला, शाहदरा, दिल्ली** ने case **FIR No. 38/2014 U/s 356/379/411 IPC, थाना विवेक विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **ओमकार सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **ओमकार सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 38/2014 U/s 356/379/411 IPC, थाना विवेक विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **ओमकार सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **02.06.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री स्वाती शर्मा
एलडी. मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
कमरा नं. 59, तृतीय तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/5278/SHD/2025(Court Matter)


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्पलेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री वय वंदना योजना शुरू

- सीएम ने वरिष्ठ नागरिकों को दिए कार्ड
- दिल्ली के 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को 10 लाख रुपये का निःशुल्क स्वास्थ्य उपचार देश में कही भी मिलेगा
- इस योजना के तहत सबसे पहला कार्ड राम सिंह नेगी को मिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री वय वंदना योजना की शुरूआत करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को राजधानी के वरिष्ठ नागरिकों को वय वंदना योजना (वीवीवाई) कार्ड वितरित किए। इस योजना के तहत सबसे पहला कार्ड राम सिंह नेगी, दूसरा वेद सिंह और तीसरा राजेन्द्र कुमार समेत कई लोगों को दिया गया। वीवीवाई कार्ड वितरण का मुख्य समारोह दिल्ली के त्याग राज स्टेडियम में किया गया। इस मौके पर दिल्ली सरकार के सभी मंत्री, दिल्ली के सभीभाजपा सांसद, विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट और दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह और उपमहापौर जय भगवान यादव मौजूद रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार का यह पहला कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी पहल के तहत अब राष्ट्रीय राजधानी में वय वंदना योजना लागू हो गई है। इस योजना के अंतर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को 10 लाख रुपये तक का निःशुल्क स्वास्थ्य उपचार प्रदान किया जाएगा। यह कवच केवल दवाइयों और अस्पतालों तक सीमित नहीं है बल्कि यह उनके प्रति हमारी अटूट श्रद्धा और कृतज्ञता का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि यह दिल्ली के लिए बहुत खुशी का दिन है। दिल्ली सरकार अपने सभी माता-पिता को सम्मान, न्याय और सुविधा प्रदान कर रही है। दिल्ली के लोग केवल अपना आधार कार्ड लेकर जाएंगे और अपना पंजीकरण इस योजना में करवा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान वय वंदना योजना हमारे समाज के उन वयोवृद्ध बुजुर्गों के प्रति एक हृदयस्पर्शी सलाम है, जिनके कांपते कंधों ने कभी हमारे सपनों को आकार दिया, जिनके थके पांवों ने हमें जीवन की राह दिखाई।

ये बुजुर्ग, जिन्होंने अपनी जवानी का हर पल परिवार और समाज के लिए समर्पित कर दिया, आज जीवन के उस पड़ाव पर खड़े हैं, जहां उन्हें हमारी सबसे अधिक जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली के बुजुर्गों को नया जीवन मिला है।

### बुजुर्ग अब बोझ नहीं, देश का गौरव हैं

*अब उन्हें स्वास्थ्य और इलाज को लेकर कोई चिंता और लाचारी नहीं होनी चाहिए। बुजुर्गों को इस आयुष्मान वय वंदना कार्ड के साथ सम्मान और स्वास्थ्य दोनों उपलब्ध हैं। बुजुर्ग अब बोझ नहीं, देश का गौरव हैं। केंद्रीय मंत्री हरदीपसिंह पुरी सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने अपने मोहल्ला क्लीनिक में 65 हजार फर्जी जांचें कराई और यहां की दवाइयों पर मैन्युफैक्चरिंग व एक्सपायरी डेट नहीं थी। आम आदमी पार्टी का ये स्वास्थ्य मॉडल था।*

### आप ने मोहल्ला क्लीनिक के नाम पर खूब भ्रष्टाचार किया

*केंद्रीय मंत्री लने कहा कि आम आदमी पार्टी ने मोहल्ला क्लीनिक के नाम पर खूब भ्रष्टाचार किया। दिल्ली ने आधिकारिक तौर पर अप्रैल 2025 में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) लागू की। एबी पीएम जेएवाई के लिए एनएचए के साथ समझौता ज्ञापन पर 5 अप्रैल 2025 को हस्ताक्षर किए गए। एबी पीएम जेएवाई कार्ड वितरण 10 अप्रैल 2025 को शुरू हुआ और पीएम वीवीवाई कार्ड का वितरण आज शुरू किया गया।*

# 16वें वित्त आयोग ने की मुख्यमंत्री सैनी और आला अधिकारियों के साथ बैठक

**चर्चा**

- बैठक में हरियाणा के आर्थिक ढांचे से संबंधित वित्तीय मुद्दों का समाधान और संसाधनों के आवंटन को बढ़ाने पर चर्चा की गई




**टीम एक्शन इंडिया**

चंडीगढ़: 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया और सदस्यों ने सोमवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी व राज्य के आला अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री, जिनके पास वित्त मंत्री का प्रभार भी है, ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राज्य के वित्तीय मामलों और रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में हरियाणा के आर्थिक ढांचे से संबंधित वित्तीय मुद्दों का समाधान और संसाधनों के आवंटन को बढ़ाने पर चर्चा की गई।मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल तथा और शहरी स्थानीय निकाय विभाग के महानिदेशक श्री पंकज ने वर्ष 1966 से लेकर हरियाणा के भारत के आर्थिक ढांचे में प्रमुख योगदानकर्ता बनने तक की यात्रा पर एक विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। इस प्रस्तुति में हरियाणा के मजबूत आर्थिक प्रबंधन और भविष्य के लिए रोडमैप को रेखांकित किया गया। राज्य के आर्थिक प्रदर्शन के बारे में जानकारी देते हुए आयोग को अवगत कराया गया कि वर्ष 2024-25 के लिए हरियाणा का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (ञ्ज्ञ्ख्रञ्जढ्ढ) 6,77,033 करोड़ रुपए अनुमानित है।

### सतत विकास लक्ष्यों की ओर पर तेजी से अग्रसर

*देश में प्रमुख राज्यों में हरियाणा 3,53,182 रुपए प्रति व्यक्ति आय के साथ दूसरे स्थान पर है। भी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित की है। राज्य ने गरीबी रेखा से नीचे परिवारों की पहचान हेतु वार्षिक आय सीमा 1.80 लाख रुपए निर्धारित की है।*

# पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे डॉ कलाम के परिवार ने एनएआई को सौंपे उनके निजी कागजात

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के परिवार वालों ने उनके कुछ जरूरी कागजात भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार (एनएआई) को सौंपे। इनमें मूल पत्राचार, पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड, यात्रा रिपोर्ट और विभिन्न विश्वविद्यालयों के साथ-साथ संगठनों में डॉ कलाम द्वारा दिए गए व्याख्यान से जुड़े कागजात शामिल हैं। दिल्ली स्थित एनएआई में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में डॉ. कलाम की भतीजी डॉ.



एपीजेएम नाजमा मरैकयार और डॉ. कलाम के पोते एपीजेएमजे शेख सलीम ने पूर्व राष्ट्रपति के कुछ जरूरी कागजात एनएआई को सौंपें। इस मौके पर एनएआई के महानिदेशक अरुण सिंघल ने डॉ. एपीजेएम नाजमा मरैकयार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर महानिदेशक सिंघल ने कहा कि अब आम लोग भी डॉ. कलाम के 1000 से अधिक भाषणों के संग्रह को देख और पढ़ सकेंगे। सभी कागजात का डिजिटलीकरण किया जाएगा। आने वाली पीढ़ी एनएआई के निजी संग्रह में जाकर डॉ. कलाम, महात्मा गांधी, पूर्व राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद, नेताजी सुभाष चंद्रबोस द्वारा लिखे पत्र और दस्तावेज पढ़ सकती है। एनएआई के सहायक निदेशक डॉ. मानस मिश्रा ने बताया कि आज औपचारिक तौर पर डॉ कलाम और एनएआई के बीच समझौता किया गया।

# देश के दुश्मनों को कड़ा सबक सिखाना जरूरीः धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** पहलगाम हमले उपरांत देशवासियों में रोष और आक्रोश का माहौल है। हर भारतवासी दुश्मन को करारा सबक सिखाने के लिए तत्पर है। पीएम मोदी सही समय पर सही निर्णय लेते हुए देशवासियों की भावनाओं के अनुरूप दुश्मन को करारा सबक सिखाएंगे। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने सिंधु नदी जल समझौता को निलंबित करने के फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि परोक्ष युद्ध करने वालों का पानी रोकना नैतिकता और देश हित में लिया गया बड़ा ऐतिहासिक निर्णय है।



पीएम मोदी के इस निर्णय से दुश्मन देश में हाहाकार मचा हुआ है। श्री धनखड़ ने कहा कि भारत की नीति पड़ोसियों के साथ शांति और प्रगति के पक्षधर की रही है। लेकिन पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देश की नीति क्षेत्र में अशांति और आतंक फैलाने की रही है। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान की सरपरस्ती में चल रही आतंक की फैक्ट्री को नेस्तनाबूद किया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश एकजुट है । सभी की भावना है कि आतंकवाद को पनाह देने वाले दुश्मन को कड़ा सबक सिखाया जाए। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने कहा कि सिंधु नदी जल समझौता निलंबित करना देश हित में सही फैसला है। यह कैसे हो सकता है कि दुश्मन गोली चलाए और हम उनको पानी दें। ये साथ - साथ नहीं चल सकता। दुश्मन अगर गोली की भाषा समझता है तो उसे तोप के गोले से जवाब दिया जाएगा।

# नरेश टिकैत का बयान देश के किसानों का अपमानः प्रवेश साहिब

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने किसान नेता नरेश टिकैत के पाकिस्तान के समर्थन में बयान देने पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की है। आज यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि नरेश टिकैत का यह बयान न सिर्फ देश के करोड़ों किसानों का अपमान है बल्कि यह शर्मनाक और राष्ट्रविरोधी है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि भारत के किसानों ने हमेशा तिरंगे की शान के लिए खेतों में पसीना बहाया है।



## न्यूज फ्लैश

### दिन दहाड़े लाठी डंडो से हमला कर युवक को किया घायल, 5 के खिलाफ मामला दर्ज

**समालखा ( कुलदीप सिंह ): समालखा की** आफिसर कालोनी मे एक युवक पर दिन दहाड़े आधा दर्जन युवको ने लाठी डंडो से हमला कर घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए सामान्य अस्पताल मे दाखिल कराया गया। डिकाडला निवासी युवक अमर ने हमलावरो के खिलाफ समालखा थाना मे मामला दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत मे डिकाडला के अमर ने बताया कि वह रविवार को किसी काम से समालखा आया था। इसी दौरान वह आफिसर कालोनी मे चला गया जहा हिमांशु पुत्र निवासी गढी छाज्जु, परमजीत निवासी जौरासी, क्रिस निवासी शहरमालपुर व सागर निवासी गढी छाजु ने मेरा रास्ता रोक लिया ओर अपने हाथों मे लिए लाठी व डण्डो से मारपीट करने लगे। परमजीत ने अपने हाथ मे लिए हुए डण्डा से मेरे सिर मे वार किया। जब मैने बचाव-2 का शोर किया तो ये सभी मुझे जान से मारने की धमकी देकर मौका से भाग गए।राहगीरो ने मुझे समालखा अस्पताल मे भर्ती कराया। पुलिस ने हमलावरो के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### खरीद एजेंसियों ने खरीदा 5 लाख 40 हजार 939 एमटी गेहूं: नेहा सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : उपायुक्त नेहा सिंह** ने कहा कि कुरुक्षेत्र के विभिन्न खरीद केन्द्रों और मंडियों में विभिन्न एजेंसियों द्वारा 5 लाख 40 हजार 939 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। इन खरीद केन्द्रों से 74 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य पूरा किया गया है। उपायुक्त नेहा सिंह ने बातचीत करते हुए कहा कि गेहूं के सीजन में खाद्य आपूर्ति एजेंसी द्वारा 3 लाख 15 हजार 928 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा है। इसके अलावा हैफेड ने 1 लाख 96 हजार 836 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर कारपोरेशन द्वारा 8 हजार 881 एमटी, प्राइवेट एजेंसियों द्वारा 19294 एमटी गेहूं खरीदा है। उन्होंने कहा कि खादय आपूर्ति द्वारा 69 प्रतिशत, हैफेड द्वारा 81 प्रतिशत, हरियाणा वेयर कारपोरेशन द्वारा 96 प्रतिशत और निजी एजेंसियों द्वारा 89 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि इस जिले में अब तक 5 लाख 40 हजार 939 एमटी गेहूं खरीदा है, इसमें से 15 हजार 448 एमटी एफसीआई को डिलीवर किया गया है, 4 लाख 1 हजार 792 एमटी गेहूं की लिफ्टिंग की गई है। अभी भी मंडियों में 1 लाख 39 हजार 147 एमटी गेहूं रखा हुआ है। उन्होंने एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गेहूं की लिफ्टिंग का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

# नए युग का सूत्रपात करेगी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020: बंडारू

### उत्तर भारत के विश्वविद्यालयों के कुलपति व प्रतिनिधि दो दिवसीय सम्मेलन में अच्छे शिक्षक का निर्माण करने पर करेंगे चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : हरियाणा के** राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि देश में परिवर्तन लाने व नए युग का सूत्रपात करने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का अहम् योगदान होगा। यह शिक्षा नीति देश में एक नई चेतना और क्रान्ति पैदा करेगी जिससे वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बन सकेगा। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन, हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन विकसित भारत 2047 की दिशा में विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, एनसीटीई के




चैयरमेन प्रो. पंकज अरोड़ा, एचएसएचईसी के चैयरमेन प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, एनसीटीई की सदस्य सचिव अभिलाषा झा मिश्रा ने दीप प्रज्वलित किया व एनसीटीई के ध्येय गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राज्यपाल बंडारू दत्तोत्रय ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र की आत्मा होती है। यदि हम 2047 तक एक आत्मनिर्भर, समृद्ध और वैश्विक नेतृत्व वाला भारत बनाना चाहते हैं, तो शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षकों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगी। आज गीता स्थली कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक धरती से शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन के नए युग का सूत्रपात कर रहे हैं, जो विकसित भारत 2047 के सपने की ओर एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का संचारक नहीं होता, वह चरित्र निर्माण का शिल्पकार भी होता है। शिक्षक के शब्द विद्यार्थी के भविष्य को आकार देते हैं, उसकी सोच को दिशा देते हैं, और उसमें नवाचार व सेवा की भावना का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में तैयार की गई नई शिक्षा नीति-2020 इसी दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। इस नीति का उद्देश्य शिक्षा को समावेशी, बहु-विषयी, गुणवत्तापूर्ण और वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि शिक्षकों से अपील है कि शिक्षक एक डिजिटल ज्ञान बैंक बनकर विद्यार्थियों को तकनीकी नवाचारों से जोड़े और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को पूर्ण करने में अपना योगदान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि देश और समाज के भविष्य का निर्माण करने के लिए एक अच्छे शिक्षक की जरूरत है। एक अच्छे शिक्षक को तैयार करने के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन अहम् भूमिका अदा करेगा। एनसीटीई के चेयरपर्सन प्रो. पंकज अरोड़ा ने कहा कि देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से ही एनसीटीई की तरफ से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन का विषय भी शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन विकसित भारत 2047 की दिशा रखा गया है।

## धर्मप्रकाश प्रधान और कपिल देव मंत्री पद पर विजयी



**घोषणा**

चुनाव अधिकारी नरेन्द्र सिंह और फर्म एंड सोसायटी के प्रतिनिधि नवीन कुमार ने चुनाव परिणाम की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। स्थानीय काठ मंडी** स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में रविवार को संस्था की प्रबंध कार्यकारिणी का त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी नरेन्द्र सिंह और जिला फर्म एंड सोसायटी के प्रतिनिधि नवीन कुमार ने चुनाव परिणाम की घोषणा की। इस चुनाव में धर्मप्रकाश दहिया प्रधान, कपिल देव मंत्री, प्रताप सिंह शास्त्री उप-प्रधान, अरुण दहिया कोषाध्यक्ष, राजपाल सिंह सह-सचिव के पद पर विजयी हुए। इसके अतिरिक्त नरेन्द्र सिंह, प्रवीण कुमार, शिव काजल, सतबीर सिंह सरोहा, धर्मदेव व उमेद सिंह दहिया प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्यों के तौर पर चुनाव जीते। विजेता पदाधिकारियों एवं सदस्यों के प्रतिद्वंदी राजपाल खत्री, भगत सिंह, नरेश चंद गोयल, सुरेश बंसल, नरेश कुमार, राजेश चंद आर्य, विजय दहिया, अशोक गोयल, राजबीर सिंह, विवेक तथा नरेन्द्र को पराजय का सामना करना पड़ा। चुनाव अधिकारी ने बताया कि आर्य समाज महासभा के कुल 71 वोट में से 70 मतदाताओं ने अपना वोट डाला। इस अवसर पर पूर्व विधायक जयतीर्थ दहिया, पवन गुप्ता, ज्ञानचंद आर्य, राजेन्द्र दहिया, नरेश कुमार सरोहा, नफे सिंह, राजेश कुमार धनेरवाल, सुरेश कुमार, राज सिंह, जयसिंह दहिया, दयाव्रत शास्त्री, धनपत मलिक, शैलेन्द्र खत्री, सुधीर कुमार, प्रेम सिंह, यशदेव, विवेक चहल, सूर्य दहिया, आलोक भनवाला आदि भी उपस्थित थे।

## निया ने कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: बहादुरगढ़ में हुई नॉर्थ इंडिया** कराटे चैंपियनशिप इस चैंपियनशिप में 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया रोहतक एमडीयू फैकल्टी क्लब में चल रही है अकैडमी के 8 बच्चों ने भी भाग लिया सभी ने अच्छा प्रदर्शन दिखाया निया ने स्वर्ण पदक जीता। निया ने बताया की उनके कोच ने उसको बोला की तेरे गले में गोल्ड मेडल देखना चाहता हूँ तो छोटी बच्ची ने 20 किलोग्राम भार में अपने कोच की बात रखी। कोच दिनेश ने बताया की वो कहावत है की पूत के पांव पालने में दिखे उनेह विश्वाश था की निया स्वर्ण पदक प्राप्त कर सकती है इस प्रतियोगिता में यश ने रजत पदक जीता और चारु , चेष्टा, शास्वत, अंशुल , अभिमन्यु ,शौर्य कांस्य पदक जीता कराटे कोच दिनेश ने बताया इस चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ी काफी दिनों से तैयारी कर रहे।

## हत्या मामले में हथियार उपलब्ध करवाने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

**काबू**

ललित निवासी पंजलासा की गाड़ी पर फायर करने के लिए हथियार उन्होंने ही उपलब्ध करवाए थे




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: पुलिस** अधीक्षक अम्बाला अजीत सिंह शेखावत के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए विशेष अभियान के दौरान थाना नारायणगढ़ में दर्ज हरबिलास रज्जूमाजरा की गोली मार कर हत्या करने के मामले में अम्बाला पुलिस व पुलिस एजैंसियों द्वारा लगातार छापेमारी करके कार्यवाही की जा रही है। 14 अप्रैल 2025 को सीआईए-1 के सह उपनिरीक्षक सुखबीर सिहँ व पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए मुकदमा नम्बर 84 दिनांक 21 मार्च 2025 धारा 287,285,324,308,61,111 बीएनएस थाना नारायणगढ में कार्यवाही करते हुए आरोपी शुभम निवासी गाँव मारवा कलां थाना बिलासपुर जिला यमुनानगर और शौकीन निवासी गाँव रसूलपुर थाना सढौरा जिला यमुनानगर को लखनऊ एयरपोर्ट से काबू किया गया था जोकि दुबई भागने की फिराक में थे।
न्यायालय में पेश कर दोनों आरोपियों का 09 दिन पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया था। रिमाण्ड के दौरान आरोपी शुभम व शौकीन ने बतलाया कि ललित निवासी पंजलासा की गाड़ी पर फायर करने के लिए हथियार उन्होंने ही उपलब्ध करवाए थे तथा दिल्ली में एक प्रोपर्टी बिल्डर की हत्या में भी उनकी ही मुख्य भूमिका है मामले में दिल्ली पुलिस की कई टीमें उनका पीछा कर रही है व श्री हरबिलास रज्जो माजरा हत्या मामले में भी आरोपी शुभम ने आरोपियों को हथियार उपलब्ध करवाए तथा हथियार लाने ले जाने में शौकीन निवासी रसूलपुर थाना सढौरा जिला यमुनानगर, मनजीत निवासी गाँव मानकपुर थाना छछरौली जिला यमुनानगर व गर्व निवासी गाँव भिल छप्पर थाना बिलासपुर जिला यमुनानगर शामिल रहे है।

## नेपाली समुदाय के नवनियुक्त चेयरमैन दीपक वोहरा ने ली शपथ



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: राष्ट्रीय अध्यक्ष** वीरेश शांडिल्य एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया एवँ विश्व हिंदू तख्त के संयोजक ने प्रदेश चेयरमैन दीपक वोहरा को दिलाई शपथ और बाकी पदाधिकारियों को पूर्व प्रिंसिपल ओम प्रकाश ने शपथ दिलाई मोके पर एसएच ओ रवि कुमार की मौजूदगी में अंबाला के ए एस सीनियर सेकेंडरी स्कूल ( आर्य स्कूल ) में आयोजित भव्य समारोह में दीपक वोहरा ने हरियाणा के नए राज्य चेयरमैन के रूप में शपथ ली। देश के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सेवा सुरक्षा सहयोग समिति (रजि.)और पंचमुखी श्री पशुपतिनाथ मंदिर एवं धर्मशाला हीरा नगर के सभी सदस्य मौजूद रहे। डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने 10 कैबिनेट अधिकारियों और 3 राज्य मंत्रियों को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नवगठित समिति के पदाधिकारी नए कैबिनेट मंत्रियों में जिसमें चुनाव मैदान में नेपाली समुदाय अंबाला हरियाणा राज्य के विजयी चेयरमैन ,प्रदेश अध्यक्ष दीपक वोहरा ,उपाध्यक्ष कृष्ण लाल ,महासचिव राधा शर्मा ,सचिव पूजा गुरुंग ,सह सचिव रजनी ,कोषाध्यक्ष किशन थापा ,संगठन मंत्री प्रेम के सी ,व्यवस्था मंत्री धर्मेंदर कुमार ,संपर्क प्रमुख एव प्रवक्ता संतोष थापा के पुत्र सूरज थापा ,सह सलाहकर कृष्ण राय , परिवार संपर्क प्रमुख, सीता रानी ,मीडिया प्रभारी एव सुचना मंत्री माधव गौतम ,मुख्य सलाहकार चमन लाल वोहरा ने पद की शपथ ली।

**जिम्मेदारी**

देश के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई


## डी.ए.वी. विद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: डी.ए.वी. विद्यालय** के प्रांगण में आर्य युवा समाज द्वारा प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी जी के जीवन एवं कार्यों पर आधारित एक विशेष प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया।
प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को गुरुदत्त जी के प्रेरणादायक जीवन, उनके शिक्षा क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण योगदान तथा आर्य समाज के प्रति उनके समर्पण के विषय में जागरूक किया गया।
प्रश्नोत्तरी के दौरान विद्यार्थियों में अद्भुत ऊर्जा और सीखने की जिज्ञासा देखने को मिली।
प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप एक सुंदर पेन भेंट किया गया। यह छोटी-सी सौगात उनके प्रयासों की सराहना और भविष्य में इसी प्रकार सक्रियता से भाग लेने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से दी गई।
विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राधा रमण सूरी ने विद्यार्थियों के उत्साह की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने नृत्य दिवस पर बिखेरा जलवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक** स्कूल, समालखा के नन्हे कलाकारों ने अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर मनमोहक प्रस्तुति दी-
दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, समालखा के प्रांगण में आज अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस का अद्भुत नजारा देखने को मिला। विद्यालय के कक्षा पीपी-1 से सेकंड तक के नन्हे-मुन्ने कलाकारों (छात्रों) ने नृत्य प्रतियोगिता में अपनी कला का जादू बिखेरा। जिसने ऑडिटोरियम में उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन नन्हे नर्तकों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस को एक अविस्मरणीय



ट्रिब्यूट (श्रद्धांजलि) अर्पित किया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने विभिन्न नृत्य शैलियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए पी पी-1 और पी पी-2 के नन्हें कदमों ने जहाँ 'मछली जल की रानी है' जैसे प्यारे गीत पर अपनी मासूम हरकतों से सबका दिल जीता तो दूसरी तरफ फर्स्ट कक्षा के उत्साहित बच्चों ने रंग-बिरंगी वेशभूषा में पंजाब, गुजरात, हरियाणा आदि के जीवंत लोक नृत्यों की ऊर्जावान प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। सेकंड कक्षा के प्रतिभाशाली छात्रों ने कथक, गरबा और लावणी की मनमोहक भाव-भंगिमाओं और लयबद्ध पदों से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके अतिरिक्त कुछ बच्चों ने वेस्टर्न डांस के हल्के-फुल्के और तालमेलपूर्ण मूव्स भी दिखाए, जिससे आधुनिक नृत्य की चमक बिखरी। इस नृत्य प्रतियोगिता में पीपी-1 से प्रथम स्थान पर कनिष्क, पीपी-2 से अलायना ने प्रथम स्थान पर, पहल ने द्वितीय स्थान पर और तृतीय स्थान पर युवान ने बाजी मारी। कक्षा फर्स्ट से तृषा ने प्रथम स्थान पर, द्वितीय स्थान पर देवांश और तृतीय पर यशमीत और कक्षा सेकंड से आरित ने प्रथम स्थान पर, मिष्टी ने द्वितीय स्थान पर और रव्या तृतीय स्थान अर्जित किया। इस शुभावसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. अजीत भारद्वाज ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की भरपूर सराहना की। उन्होंने कहा कि आज हमारे इन छोटे-छोटे कलाकारों ने जो प्रतिभा और आत्मविश्वास दिखाया है, वह अविश्वसनीय है। उनकी हर प्रस्तुति में नृत्य के प्रति उनका जुनून और समर्पण स्पष्ट झलक रहा था। अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस हमें इस खूबसूरत कला के महत्त्व को समझने और उसका सम्मान करने का अवसर देता है और हमारे बच्चों ने आज इसे बखूबी चरितार्थ किया है।
प्रबंधक समिति के सदस्यों ने भी बच्चों की कलात्मक प्रतिभा को सराहा और विद्यालय द्वारा कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों को रेखांकित किया।

**नृत्य दिवस**

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, समालखा के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस का अद्भुत नजारा देखने को मिला

## समस्याओं के समाधान के लिए लगाए जा रहे समाधान शिविर



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**
हरियाणा सरकार के बड़े कर्यक्रम के तहत जिले व उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे जनता समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का अधिकारियों द्वारा रूचिपूर्वक समाधान किया जा रहा है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्याओं के समाधान को लेकर ठोस निर्णय लें। उपायुक्त ने बताया कि जो समस्याएं समाधान शिविर में पहुंच रही है उनमें इस मुहिम का साफ असर दिखाई पड़ रहा है व इसमें प्रशासन को अच्छी खासी सफलता मिल रही है। नागरिक समाधान शिविर में निःसंकोच होकर अपनी समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं व उनका समाधान करवा रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरे दो घंटे समर्पित भाव से देते हैं। नागरिकों को भी अधिकारियों के सम्पर्ण व प्रतिबद्धता का सम्मान करना चाहिए। समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए एसडीएम ब्रहमप्रकाश ने कहा कि जनता समाधान शिविर में समस्याओं का समाधान चुनौतीपूर्ण कार्य जरूर है लेकिन इसमें व्यक्तिगत रूचि लेकर इस कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं। आम जन की समस्याओं का समाधान हो रहा है उससे शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में परिवर्तनकारी बदलाव की झलक साफ दिखाई पड़ रही है।
जनता समाधान शिविर में उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स ने पुलिस विभाग से जुड़ी अनक समस्याओं के समाधान को लेकर पुलिस थाना अध्यक्षों को समस्याओं का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस कार्य में उन्हें रूचि लेनी होगी तभी समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने इस कार्य में ज्यादा से ज्यादा समय देने के पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये।
सोमवार को जनता समाधान शिविर में जिले के नागरिकों ने पैंशन, फैमिली आईडी में इनकम कम करवाने, आधारकार्ड व पुलिस विभाग से जुड़ी 37 समस्याएं दी। उपायुक्त ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में जिला परिषद मुख्यकार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण ने सभी विभागों की समस्याओं की समीक्षा की व संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिये। समाधान शिविर में पहुंचे प्रार्थी सतबीर सिंह वासी गीता कॉलोनी ने अपने मकान का बिजली का बिल ठीक करवाने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया। एक अन्य प्रार्थी समीराम ने प्रशासन से ब्याज और बिजली बिल माफ करवाने की प्रार्थना की। इसी विभाग से जुड़ी एक अन्य शिकायत में राजपती वासी जलमाना ने घरेलु बिजली क्नैक्शन दिलवाने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया। रोहित वासी खलीला माजरा ने खेत के लिए बिजली क्नैक्शन दिलवाने की प्रार्थना प्रशासन से की।

## किराएदारों व दुकानों पर काम करने वालों की कराएँ पुलिस वैरीफिकेशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला कैंट: पुलिस** अधीक्षक अम्बाला अजीत सिंह शेखावत के निदेर्शानुसार प्रबन्धक थाना अम्बाला छावनी निरीक्षक अजैब सिहँ ने अम्बाला छावनी में सोमवार लगने वाले बाजार का पुलिस दल सहित दौरा किया। इस बाजार में दुकानदार दूर दराज से सामान बेचने के लिए दुकाने लगाते है तथा खरीददार सामान की खरीददारी करते है। अक्सर देखने में आया है कि सोमवार लगने वाले बाजार में दुकान लगाने वाले अधिकतर दुकानदार व दुकान पर काम करने वालों की पुलिस वैरीफिकेशन नहीं होती और ना ही अधिकतर व्यक्तियों के पास कोई पहचान पत्र होता है। इस सम्बन्ध में आज प्रबन्धक थाना अम्बाला छावनी ने आज अम्बाला छावनी बाजार में लगभग 80-90 संदिग्ध व्यक्तियों के पर्चे अजनबी भरवाएँ। जिनकी पहचान के लिए पर्चे अजनबियों को डाक के माध्यम से सम्बन्धित थाना को भेजा जाएगा व सम्बन्धित थानों से पता किया जाएगा कि किसी के खिलाफ कोई आपराधिक रिकार्ड तो नहीं है या उसका सम्बन्धित थाना क्षेत्र में निवास स्थान है या नहीं। अगर किसी का आपराधिक रिकार्ड पाया जाता है तो सम्बन्धित के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि वह सड़क पर अत्याधिक सामान ना रखें जिससे रास्ता अवरूद्ध हो तथा आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ें। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वह किराएदारों या दुकानों पर काम करने वालों की पुलिस वैरीफिकेशन कराकर ही किराएदार या अपनी दुकान पर काम करने के लिए रखें। कई बार आपराधिक किस्म का व्यक्ति होता है जिसे हम किराएदार या दुकान पर काम करने के लिए रख लेते है और वह अपराध करके निकल जाता है बाद में पता करने पर मालिक द्वारा ना तो पुलिस वैरीफिकेशन करवाई मिलती है और ना ही उसका कोई पहचान पत्र होता है।

# विधायक मनमोहन भड़ाना के आदेश पर समालखा प्रशासन ने चलाया सफाई अभियान

## विधायक से रेलवे रोड का अतिक्रमण हटवाने का भी आग्रह करूंगा: अशोक कुच्छल

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**समालखा को साफ** सुथरा शहर बनाने का सपना संजोए विधायक मनमोहन भड़ाना के आदेश पर सोमवार सुबह शहर के रेलवे रोड पर सफाई अभियान चलाकर सिर्फ दो घंटे मे कुडे कर्कट की चार ट्रालिया एकत्रित की। हालांकि सफाई अभियान मे विधायक मनमोहन भड़ाना तो शामिल नही हुए लेकिन उनके प्रतिनिधि विजय शेखर व एसडीएम अमित कुमार ने सफाई अभियान की अगुवाई की। पुराना बस अड्डा स्थित फ्लाईओवर के नीचे से सुबह 6 बजे सफाई अभियान की शुरूआत हुई ओर मात्र दो घंटे मे रेलवे रोड को साफ किया गया।



नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपमंडल प्रशासन द्वारा निकाली गई स्वच्छता रैली में समालखा के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ नगर पालिका अध्यक्ष अशोक कुच्छल व पार्षदों के अलावा पीएम श्री व राजकीय स्कूलो के अध्यापक, अध्यापिकाओ ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शहर को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से एसडीएम समेत अन्य अधिकारियों व पार्षदों ने स्वयं झाड़ू लगाकर व कस्सी-तसलों से रेलवे रोड का कूड़ा-कर्कट साफ करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। रेलवे-स्टेशन पर अभियान के सफलतापूर्वक समापन होने उपरांत एसडीएम अमित कुमार ने स्वच्छता अभियान में पहुंचे लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि अपने शहर व मोहल्ले को साफ रखना हम सभी की जिम्मेदारी बनती है अतः हमें स्वच्छता का ध्यान रखते हुए सरकार के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। एसडीएम ने कहा कि शहर में जहां-जहां भी नाले अवरुद्ध हुए पड़े हैं सभी को खुलवाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने समालखा के दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि वे कूड़ा कर्कट रोड पर इधर-उधर ना फेंके व दुकानों के बाहर डस्टबिन भी रखें। एसडीएम ने बताया कि इस अभियान की शुरूआत समालखा से की गई है जिसके तहत बारिश के मौसम से पूर्व सभी नालों की अच्छी तरह से सफाई कर दी जाएगी व समालखा के गांवों में भी इसी प्रकार के स्वच्छता अभियान चलाए जाएंगे।

वही समालखा पालिकाध्यक्ष अशोक कुच्छल ने कहा कि विधायक मनमोहन भड़ाना के आदेश पर चलाए गए सफाई अभियान की। सफलता से बेहद खुश है।वह जल्दी ही विधायक से रेलवे रोड से अतिक्रमण हटवाने का भी आग्रह करेंगे। उन्होने मीडिया कर्मियो से बातचीत करते हुए कहा कि पालिका द्वारा बार बार नोटिस देने के बावजूद दुकानदार अपनी दुकानो के सामने फल व सब्जी की रेहड़ी पटरी लगवाने से बाज नही आ रहे है। चेयरमैन ने आरोप लगाए कि दुकानदार रेहडी पटरी वालो से मोटी वसूली कर रहे है। पालिका जब भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाती है तो कोई न कोई दुकानदार विधायक से फोन करवाकर अभियान को प्रभावित करते है। इसलिए वे विधायक से एक सप्ताह तक अपना मोबाइल बंद रखने की अपील करके अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाएंगे। इस मौके पर एसडीओ पीडब्लूडी सलेन्द्र भाटिया एसडीओ पब्लिक हैल्थ मोहित शर्मा नगर पालिका सचिव मनीष शर्मा जेई गोरव कुमार विकास नरवाल रेखा गोयल पार्षद सजय गोयल मनीष बैनीवाल अनिल बैनिवाल अजय शर्मा रेणू धीमान राजेश ठाकुर विनोद बाल्मिकी आदि मौजूद रहे

# पार्ट टाइम सफाई कर्मचारियों ने नियमित करने की मांग को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**मांग**

⏩ साल 2012 और 2018 के बीच कुछ पार्ट टाइम कर्मचारियों को नियमित किया गया था



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** शिक्षा विभाग पार्ट-टाइम सफाई कर्मचारी एसोसिएशन चतुर्थ श्रेणी के बैनर तले कर्मचारियों ने हलका विधायक देवेंद्र कादियान को उनके कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रवीन तेवड़ी, सुनील कुमार, दीपक, गोविंद, सुभाष, कृष्ण, अमित सनपेड़ा, संदीप आदि ने बताया कि वे सरकारी स्कूलों में 10 से 20 साल से अस्थायी तौर पर कार्यरत हैं। संघ की मांग है कि विभागीय नीति के अनुसार पार्ट टाइम कर्मचारियों को नियमित किया जाए। कर्मचारियों ने बताया कि साल 2012 और 2018 के बीच कुछ पार्ट टाइम कर्मचारियों को नियमित किया गया था। उसके बाद से अब तक किसी को नियमित नहीं किया गया। मांग की गई कि जिन पार्ट टाइम कर्मचारियों का निधन हो गया या जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनके परिवार को आर्थिक सहायता या रोजगार दिया जाए। जो स्कूल मर्ज किए गए हैं, उनके कर्मचारियों को अन्य स्कूलों में समायोजित किया जाए। विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को अपने निजी कार्यालय पर जनता दरबार लगाया। लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। इस मौके पर लोगों ने राशन कार्ड, बुढ़ापा पेंशन, साफ-सफाई जैसी समस्याएं रखीं। सैय्याखेड़ा गांव से किशन सेवा सोसायटी के सदस्यों ने बताया कि गांव में बना रजवाहा करीब 45 साल पुराना है। अब वह खराब हो चुका है। खेतों में नहर का पानी नहीं पहुंच रहा। कुलबीर सिंह, अतर सिंह, महेंद्र सिंह, सुभाष, आजाद सिंह, रामफल ने कहा कि पानी का स्तर काफी नीचे चला गया है। फसलें कमजोर हो रही हैं। मांग की गई कि खाल को जल्द बनवाया जाए।

विधायक कादियान ने भरोसा दिलाया कि इस बारे में संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर सोमवार को निजी कार्यालय पर

# नया बांस राजकीय स्कूल के डीडीओ की सेवानिवृत पर हुआ विदाई समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। नया बांस गांव के** राजकीय स्कूल में कार्यरत कार्यवाहक मुख्याध्यापक परमानंद 28 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत हो गए। उनकी सेवानिवृति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के शिक्षकों के अलावा गांव के गणमान्य लोगों ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मान करते हुए उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्य की सराहना की। सरपंच प्रवीन धनखड़ ने कहा कि मास्टर परमान्द कौशिक ने बहुत ही मेहनत, लग्न से उनके गांव के स्कूल में अपनी सेवाएं दी। उनके द्वारा किए कार्य कार्य के कारण उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। स्कूल के अन्य शिक्षकों को भी उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। सेवानिवृत परमानंद कौशिक ने बताया कि जीपीएस घरौंडा के स्कूल से वर्ष



1998 में जेबीटी शिक्षक से अपनी सेवाएं शुरू की। उसके बाद दो साल बिलंदपुर गन्नौर के राजकीय स्कूल में 2009 से अब तक नयाबासं गांव के राजकीय स्कूल में अपनी सेवाएं दी। पांच साल डीडीओ रहे। प्रधानाचार्य विनोद शर्मा ने सेवानिवृ परमान्द कौशिक के कार्य की सराहना करते हुए कि ब्लाक शिक्षा अधिकारी द्वारा 2001 में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के पुरस्कार से सम्मान, 2008 में लांयस क्लब गन्नौर द्वारा सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार, शिक्षा व समाजसेवा में कार्य करने पर 2008 में एचआर गौड द्वारा पुरस्कार से सम्मान, इसके अलावा लायंस क्लब गोल्ड के अध्यक्ष के अलावा सामाजिक गतिविधियों का नेतृत्व करते हुए गरीब लड़कियों की शादी, पौधारोपण, अनाथ आश्रम में सहयोग किया। सरपंच प्रवीन धनखड़, प्रधानाचार्य विनोद शर्मा, स्टाफ नवीन कुमार, श्रमिला, देवेन्द्र, राजेश, योगेन्द्र, निमिका, शीला आदि मौजूद थे।

# साइबर धोखाधड़ी पर किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:जिला विधिक सेवा** प्राधिकरण द्वारा आज पंजाब नेशनल बैंक अम्बाला शहर में एक साइबर धोखाधड़ी पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विषय बैंक में आने वाले लोगों को इस अपराध से बचाने के लिए जागरूकता लाना तथा कानूनी साक्षरता को बढ़ावा देना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से अधिवक्ता साहिल आर्य ने भी साइबर धोखाधड़ी डिजिटल अरेस्ट इत्यादि बारे तथा इससे कैसे बचा जा सकता है इस बारे भी जानकारी दी। उन्होंने ये भी बताया कि इस बारे खुद के साथ साथ ब्रांच में आने वाले लोगों को भी इसके बारे में अवगत करवाना चाहिए, ताकि कोई भी व्यक्ति धोखाधड़ी का शिकार न बन सके और सब लोगों तक इसकी जानकारी पहुंच सके।

# भाविप वीर सावरकर शाखाध्यक्ष बनी मंजू शर्मा, किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** भारत विकास परिषद, वीर सावरकर शाखा गन्नौर ने नवकार गार्डन में दायित्व ग्रहण एवं परिवार मिलन समारोह आयोजित किया। प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश मित्तल ने मंजू शर्मा को अध्यक्ष, प्रीतम लाल आहूजा को सचिव और पूनम सिंघल को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक ने विशिष्टातिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में 10 नए सदस्यों ने भी परिषद की सदस्यता ली। प्रवीण सिंघल, मंजू शर्मा व मोनिका गुजराल ने मंच संचालन किया। हरियाणा कला परिषद का सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहा। नवीन कौशिक ने समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने पर संदेश दिया। वहीं प्रांतीय वित्त सचिव योगेश गोयल ने परिषद का परिचय कराते हुए सभी सदस्यों का मार्गदर्शन किया। डा. जोगिंद्र शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार जताया।

## संक्षिप्त खबरें

### हरियाणा पंजाबी संघ के पदाधिकारी धार्मिक यात्रा को लेकर रवाना



**गन्नौर। हरियाणा पंजाबी** संघ द्वारा धार्मिक यात्रा को संघ के प्रधान भूपेन्द्र कुकेरजा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने बरसाना, नंदगांव व कोकिलावन के लिए रवाना किया। रवाना करने से पूर्व संबोधित करते हुए दीपक बजाज ने कहा कि पंजाबी संघ द्वारा सदस्यों के लिए धार्मिक स्थल की यात्रा करवाने का बीड़ा उठाया है। इससे लोगों में धार्मिक आस्था और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भी संघ समय- समय पर गरीब व जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए आगे रहता है। यह बड़ा सराहनीय कदम है। इस मौके पर संघ के उपप्रधान रमेश कुमार,संजीव दावड़ा, सचिव प्रीतम आहूजा, सह सचिव धर्म चंद खन्ना, हर्ष अदलखा, कोषाध्यक्ष नारायण दास खन्ना, परियोजना अध्यक्ष रिंकू राय, जीत मुटरेजा आदि गणमान्य लोग रवाना हुए।

### मकान का ताला तोड़ 1 लाख चुराये

**गन्नौर। बसंत बिहार** में बंद मकान का ताला तोड़ चोर नकदी चोरी कर ले गया। मकान मालिक ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में बसंत विहार निवासी नमन टुटेजा ने बताया कि वह 27 अप्रैल की दोपहर को पड़ोस में रस्म पगड़ी पर गया था। करीब 1 घंटे बाद घर आया तो घर का दरवाजा टूटा हुआ था और घर मे समान बिखरा पड़ा था। जब वह अंदर गया तो अज्ञात व्यक्ति घर के अंदर मौजूद थे, जो उसे देखते ही भाग गया। डर के कारण वह उस अज्ञात व्यक्ति को पकड़ नहीं सका। उसने अलमारी देखी तो अलमारी से 1 लाख रुपये की नकदी गायब थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### समाधान शिविर हुआ आयोजित, सुनी आमजन की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:एसडीएम दर्शन** कुमार ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है इसी ध्येय के साथ समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है जिनमें प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाता है। एसडीएम उपायुक्त कार्यालय मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थे। एसडीएम दर्शन कुमार ने समाधान शिविर मे पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकांश लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। इस दौरान समाधान शिविर मे शिकायत कताओं द्वारा कुल 6 शिकायतें रखी गई, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निपटान कर दिया गया। शिविर में ज्यादातर प्रार्थियों द्वारा वृद्धावस्था पेंशन, परिवार पहचान पत्र मे इनकम कम करवाने, जन्म तिथि व अन्य संबंधी समस्याएं रखी गई।
उन्होंने कहा कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन मे जिलें मे जिला स्तर व उपमंडल स्तर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें, जिनमें लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाया जाता है।
उन्होंने यह भी कहा कि समाधान शिविर मे विभिन्न विभागों के अधिकारीगण के छत के नीचे बैठकर लोगों की समस्याओं का समाधान करते है। इस मौके पर डीएसपी विजय कुमार, एसडीओं लोक निर्माण विभाग कर्ण सिंह, एसडीओ बिजली विभाग जोगिंद्र, जिला कष्ट निवारण समिति गैर सरकारी सदस्य साहब सिंह, नगर निगम से शेर सिंह के साथ- साथ अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहें।

# महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। राजकीय महाविद्यालय** में विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति अभियान को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं कभी भी किसी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करेंगे तथा समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।
समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने यह भी निर्णय लिया कि वे गांव-गांव जाकर आमजन को नशे से होने वाली हानियों के प्रति जागरूक करेंगे और विशेष रूप से नौजवानों को इस अभियान से जोड़ने का प्रयास करेंगे, ताकि एक नशा मुक्त भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के नशा मुक्ति क्लब तथा यूथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रो. जितेंद्र कुमार, प्रभारी, नशा मुक्ति क्लब एवं डॉ. पविता यादव, प्रभारी, वाईआरसी के कुशल मार्गदर्शन में सफल हुआ। प्राचार्य प्रो. डॉ. पूर्ण प्रभा ने कहा कि नशा समाज को दीमक की तरह खोखला कर रहा है।

# ठगी करने वाले गिरोह का चौथा आरोपी गिरफ्तार

**काबू किया**

⏩ ठगी करने वाले गिरोह के चौथे आरोपी को थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने गिरफ्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
तांत्रिक क्रिया से पैसे डबल करने का झांसा देकर दरियापुर गांव निवासी दो युवकों से 2.20लाख रूपए की ठगी करने वाले गिरोह के चौथे आरोपी को थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान दीपक निवासी उजाले खां गोहाना सोनीपत के रूप में हुई। थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी साहिल, सतीश व मेवासिंह उर्फ सागर के साथ मिलकर ठगी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। ठगी गई राशि में से आरोपी दीपक के हिस्से में 50 हजार रूपए आए थे। आरोपी ने अपने हिस्से में आए पैसे खाने पीने में खर्च कर दिए। पूछताछ के बाद पुलिस ने सोमवार को आरोपी दीपक को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया।



मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके आरोपी साहिल व सतीश के कब्जे से 2700 रूपए व शामिल जांच कर गिरफ्तार किये आरोपी मेवासिंह उर्फ सागर के कब्जे से 1500 रूपए बरामद कर आरोपी साहिल व सतीश को माननीय न्यायायल में पेश कर जेल भेजा जा चुका है।
आरोपियों ने पीड़ित को अपने असली नाम ना बताकर आरोपी साहिल ने अपना नाम भगत, आरोपी मेवासिंह ने सागर व आरोपी दीपक ने रामनिवास बताया था।

**यह है मामला**
थाना पुराना औद्योगिक में दरियापुर गांव निवासी सुखबीर पुत्र शेर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह और उसके गांव का कर्ण सिंह पुत्र केशव राम खेती मजदूरी का काम करते है। गांव सौंधापुर में 12 अप्रैल 2022 को उन दोनों को सतीश निवासी सौंधापुर, सागर निवासी निसंग, भगत व रामनिवास मिले। जिनमें से सतीश को वह पहले से जानते थे। चारों सौंधापुर में किराये का कमरा लेकर एक साथ रहते है और झाड़, फूक व तांत्रिक क्रिया करते है। चारों उन दोनों को तांत्रिक क्रिया से रूपए डबल करने की बात कहते हुए कहने लगे की उनकी शक्ति क्रिया चल रही है। दूर पहाड़ो से सौंधी लकड़ी, समुंद्र का जल व जड़ी बुटी लानी है। दो लाख रूपए की जरूरत है। चारों ने बातों में उलझा कर दोनों से कहा कि जल्द ही उनकी तांत्रिक क्रिया सिद्ध हो जाएगी उन्हे एक सप्ताह में रूपए डबल करके वापिस दे देगे। चारों ने अपनी बातों से सम्मोहित कर अगले दिन दोनों से एक-एक लाख रूपए ले लिए। इसके बाद 17 अप्रैल को चारों ने उन्हें कहा खाते में 20 हजार रूपए डलवा दें, नही तो काम अधूरा रह जाएगा।

# लाल डोरा के अंतर्गत आने वाली प्रॉपर्टी धारकों को मिलेगा मालिकाना हक : त्यागी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई। लाल डोरा के** अंतर्गत आने वाली प्रॉपर्टी धारकों को मिलेगा मालिकाना हक मिलेगा। इसके लिए सोमवार को राई गांव में नगर निगम आयुक्त द्वारा वार्ड नंबर 8 में टीम भेजकर कार्रवाई की। पुनीत राई ने कहा कि टीम ने ग्रामीणों को जागरूक किया है कि आपत्ति एवं दावे नगर निगम कार्यालय सोनीपत में आगामी 30 दिन के अंदर दर्ज कराने होंगे। पुनीत राई ने टीम के साथ चलकर लिस्ट को राई गांव में कम्यूनिटी हॉल, लिवान गांव में जनरल चौपाल के बाहर लिस्ट को लगवाया गया ताकि लोगों को मालिकाना हक के बारे में पूरा पता मिल सके। पुनीत राई ने कहा कि गांव के लोगों को लाल डोरे की जमीन का मालिकाना हक देने के लिए प्रक्रिया तेज कर दी है। रिपोर्ट के आधार पर उन लोगों के मकान की रजिस्ट्री एक रुपये में करवाई जाएगी। इसके लिए सर्वे शुरू हो चुका है। साथ ही, निगम द्वारा इन लोगों को मालिकाना सर्टिफिकेट भी जारी किया जाएगा। यह योजना प्रदेश सरकार की स्वामित्व योजना के तहत लागू की जा रही है, और जल्द ही मालिकाना सर्टिफिकेट मिलने की उम्मीद है।



# विश्व हिंदू परिषद ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** विश्व हिंदू परिषद गन्नौर ने सोमवार को उपमंडल अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार गजे सिंह को ज्ञापन सौंपकर हिंदू समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई। परिषद ने हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुई हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि हिंदू समाज पर हो रहे हमलों से आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में परिषद ने पांच प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें गन्नौर में चोरी छिपे रह रहे पाकिस्तानियों, बांग्लादेशी व रोहिंग्या को चिन्हित कर वापिस भेजने, सभी रेहड़ी, कबाड़ी, फेरी वाले व किराएदारों की पहचान पत्र की जांच करने, हिंदू बहुल क्षेत्र में मुस्लिम भीड़ एकत्रित न होने देने सहित अन्य मांगे रखी। परिषद ने चेतावनी दी कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो हिंदू समाज आंदोलन करने को मजबूर होगा।

# रामनगर स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री में लगी आग 18 घंटे बाद हुई काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** रामनगर रोड स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में रविवार शाम लगी भीषण आग पर करीब 18 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया जा सका। फैक्ट्री में लकड़ी का कच्चा माल भरा होने के कारण आग लगातार सुलगती रही, जिससे आग पर नियंत्रण पाना मुश्किल हो गया। सूचना के अनुसार फैक्ट्री में लकड़ी के दरवाजे बनाए जाते हैं और वहीं मजदूरों के लिए लेबर क्वार्टर भी बने हुए हैं। रविवार को मजदूर छुट्टी होने के कारण बाजार गए हुए थे और फैक्ट्री में केवल चौकीदार मौजूद था। शाम करीब सात बजे एक चाय विक्रेता ने चौकीदार को आग लगने की सूचना दी। दोनों ने मिलकर फैक्ट्री में लगे फायर उपकरणों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। सूचना पर सबसे पहले दो दमकल गाड़ियां और बड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। आग पर काबू न पाने पर सोनीपत, कुंडली, खरखौदा, गोहाना, गन्नौर और बड़ी से करीब 30 फायर गाड़ी बुलानी पड़ी।



## संपादकीय

# पहलगाम की घाटी में इंसानियत की हत्या

**जम्मू**-कश्मीर के पहलगाँव में हुए आतंकी हमले में जहाँ हिन्दू पर्यटकों को उनका नाम गोली मार दी गई। ये हमला सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि धार्मिक पहचान के आधार पर की गई घृणा और आतंक का प्रतीक है तो है ही, वहीं इंसानियत की भी हत्या है। यह घटना भारत की एकता, नागरिक सुरक्षा और धार्मिक सहिष्णुता पर चोट बताकर चेतावनी देती है कि यदि अब भी ठोस कदम नहीं उठाए गए तो अगला शिकार कोई और होगा। यह घटना शोक प्रकट करने की बजाय जवाबदेही, निर्णायक कार्रवाई और सामाजिक चेतना की मांग करती है, ताकि आतंक के आगे इंसानियत बार-बार न मरे। 22 अप्रैल की सुबह के कुछ शांत लम्हे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाँव में बफीर्ली वादियाँ पर्यटकों का स्वागत कर रही थीं। नवविवाहित जोड़े, बच्चे, बुजुर्ग झ्र सबको उम्मीद थी कि कश्मीर की हवा में सुकून मिलेगा, तनाव से कुछ राहत मिलेगी। लेकिन तभी आतंक की आहट हुई। बंदूकें गरजीं। और उस वादी में जहाँ बर्फ गिरती है, अब खून बहा। राजस्थान से आया एक नवविवाहित दंपत्ति भी उन्हीं पर्यटकों में था। दोनों ने अभी पांच दिन पहले ही शादी की थी। वो अपने हनीमून के लिए कश्मीर आए थे। लेकिन शायद किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। आतंकियों ने गाड़ी रोकी, नाम पूछा, पहचान की और फिर गोली मार दी। युवक हिन्दू था। बस यही उसके मरने की वजह बन गई। सिर में गोली लगी। मौके पर ही दम तोड़ दिया। उसकी पत्नी, जिसके हाथों की मेंहदी अभी भी गीली थी, स्तब्ध खड़ी थी। शोक से ज्यादा वो एक अनकहे डर में जमी हुई थी-जैसे समय वहीं थम गया हो। यह सिर्फ एक आतंकी हमला नहीं था। यह योजनाबद्ध नरसंहार था। एक सोच के तहत, एक धर्म के आधार पर। आज आतंकवाद महज क्षेत्रीय या वैचारिक लड़ाई नहीं रह गया है। यह अब धार्मिक पहचान को मिटाने का एक उपकरण बन चुका है। यह हत्या बताती हैं कि कुछ तत्व अब यह तय कर चुके हैं कि कौन जिएगा, कौन मरेगा और यह फैसला नाम पूछकर किया जाएगा। क्या यही इंसानियत है, क्या यही ह्यकश्मीरियतह्न है, जिसके नाम पर हम वर्षों से शांति की दुहाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर उस पत्नी की तस्वीर वायरल हुई, जो अपने पति के शव को निहार रही थी। न चीख, न रोना, न प्रतिरोध। बस एक स्थिर मौन- जो पूरी व्यवस्था पर सबसे कठोर आरोप बन गया। उस मौन में एक सवाल छुपा है हमने क्या गलत किया क्या एक जोड़े का कश्मीर आना, उसकी सुंदरता देखना, उसकी वादियों से प्यार करना अब गुनाह बन चुका है। हमें समझना होगा कि इस तस्वीर में केवल एक महिला नहीं थी, बल्कि उस पूरे राष्ट्र की आत्मा थी, जख़्मी, असहाय और शर्मसार। हर हमले के बाद सरकार की ओर से एक तैयार स्क्रिप्ट आती है- निंदा, मुआवजा, जाँच। लेकिन जवाबदेही कहीं नहीं होती। क्या यह सवाल नहीं पूछा जाना चाहिए कि घाटी में आतंकियों को खुलेआम चलने-फिरने की छूट कैसे मिलती है। वे नाम पूछकर कैसे किसी को गोली मार सकते हैं और फिर बच निकलते हैं। क्या पर्यटन सीजन में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती नहीं होनी चाहिए। क्या जम्मू-कश्मीर प्रशासन को यह नहीं पता कि ऐसे हमले पर्यटन, अर्थव्यवस्था और भारत की एकता झ्र तीनों पर हमला करते हैं।

# आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन

**राजेश माहेश्वरी**

> “सवाल यह भी है कि आखिर खुफिया एजेंसियों से किस स्तर पर और क्यों चूक हुई। आखिर स्थानीय व विदेशी आतंकवादी इतनी आसानी से हमारे सुरक्षा चक्र को भेदने में कैसे सफल रहे? ऐसे तमाम सवाल हमारे नीति-नियंताओं से पारदर्शी जवाब मांग रहे हैं। ऐसे में सिर्फ सार्वजनिक रूप से बयान देने से काम चलने वाला नहीं है। हमें सुरक्षा व्यवस्था व खुफिया तंत्र की उन तमाम खामियों को दूर करना होगा, जिनके अभाव में आतंकवादी अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने में सफल हो सके। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद ताबड़तोड़ एक्शन जारी है। सुरक्षाबलों की ओर से चुन-चुन कर आतंकवादियों को उसकी औकात दिखाई जा रही है। कश्मीर घाटी में आतंक के खिलाफ ऑपरेशन तेज कर दिया गया है”

**जम्मू कश्मीर** के पहलगाम में बीती 22 अप्रैल को पर्यटकों के लिए किसी दुःस्वपन से कम नहीं था। पहलगाम में हुए एक आतंकवादी हमले में कुल 26 पर्यटक मारे गए। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और उसमें पाकिस्तान की भूमिका को लेकर देशभर में आक्रोश है। इसमें दो राय नहीं कि पहलगाम के भीषण आतंकी हमले ने देश के अंतर्मन पर गहरे जख्म छोड़े हैं। निस्संदेह, निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कई सवाल हमारे सामने छोड़ गई है। दुर्भाग्य से आतंकवादियों ने उस क्षेत्र को अपने आतंक का निशान बनाया, जो जम्मू-कश्मीर के अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्रों में शामिल था। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस हमले को लेकर कोई खुफिया अलर्ट क्यों नहीं मिल पाया, जिससे लोगों में रोष व्याप्त हुआ है। दरअसल, सुरक्षा चूक की ऐसी घटनाएं सिस्टम की तैयारियों के प्रति जनता के भरोसे को प्रभावित करती हैं। पहलगाम हमला पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के इस बयान के एक सप्ताह बाद हुआ है कि कश्मीर इस्लामाबाद की "गले की नस" है। अतीत में अपमानजनक हार का सामना करने और दुनिया के सामने अपनी कुटिल योजनाओं का पदार्फाश होने के बावजूद, पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान भारत के खिलाफ आतंकवाद को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की अपनी पुरानी रणनीति पर दांव लगाना जारी रखता है। इसमें दो राय नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मामले में त्वरित हस्तक्षेप किया। इस संकटपूर्ण स्थिति में उन्होंने अपनी विदेश यात्रा को बीच में ही रोकना प्राथमिकता समझा। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तुरंत जम्मू-कश्मीर पहुंचे। वहीं शाह का तुरंत घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचना दुर्भाग्यपूर्ण घटना की गंभीरता को ही रेखांकित करता है। अब चाहे ये प्रयास कितने भी तात्कालिक व ईमानदार क्यों न हों, वे प्रणालीगत सुधार के विकल्प नहीं हो सकते। वहीं दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आश्वासन दिया है कि हर अपराधी को पकड़ने के लिये सरकार कृतसंकल्प है। लेकिन इस तरह के आश्वासन केवल अल्पकालिक आवश्यकता को पूरा करते हैं। बेहतर होता कि हम पहले ही ऐसी चाक-चौबंद



व्यवस्था सुनिश्चित करते कि परिंदा भी पर न मार सकता। निश्चित रूप से इस तरह के आतंकी हमले का व्यापक परिदृश्य हमें आत्ममंथन को विवश करता है। बहरहाल, पहलगाम आतंकी हमले से हुई जनहानि तमाम सवालों को जन्म देती है। हर किसी संवेदनशील मन में घटनाक्रम को लेकर अनेक प्रश्न उभरते हैं। आम विमर्श में यह मुद्दा उठता रहा है कि जम्मू-कश्मीर के इस संवेदनशील क्षेत्र में सेना की उपस्थिति क्यों नहीं थी। आखिर इस हमले की भनक हमारे खुफिया तंत्र को क्यों नहीं लगी। जम्मू-कश्मीर देश का सीमावर्ती व संवेदनशील क्षेत्र है। दशकों की आतंकी घटनाओं के चलते इस क्षेत्र में सेना, केंद्रीय सुरक्षा बलों, खुफिया एजेंसियों तथा स्थानीय पुलिस की उपस्थिति देश के अन्य राज्यों के मुकाबले काफी ज्यादा रहती है।

सवाल यह भी है कि आखिर खुफिया एजेंसियों से किस स्तर पर और क्यों चूक हुई। आखिर स्थानीय व विदेशी आतंकवादी इतनी आसानी से हमारे सुरक्षा चक्र को भेदने में कैसे सफल रहे? ऐसे तमाम सवाल हमारे नीति-नियंताओं से पारदर्शी जवाब मांग रहे हैं। ऐसे में सिर्फ सार्वजनिक रूप से बयान देने से काम चलने वाला नहीं है। हमें सुरक्षा व्यवस्था व खुफिया तंत्र की उन तमाम खामियों को दूर करना होगा, जिनके अभाव में आतंकवादी अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने में सफल हो सके। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद ताबड़तोड़ एक्शन जारी है। सुरक्षाबलों की ओर से चुन-चुन कर आतंकवादियों को उसकी औकात दिखाई जा रही है। कश्मीर घाटी में आतंक के खिलाफ ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। अब तक 8 आतंकवादियों के घर को जमींदोज कर दिया गया है। साथ ही आतंकियों के कई ठिकानों पर छापेमारी की गई और पूछताछ के लिए बड़ी संख्या में आतंकियों के मददगारों को हिरासत में लिया गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद बीते शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कश्मीर का दौरा किया। उस आतंकी हमले के बाद जिसमें छब्बीस लोग मारे गए थे। निस्संदेह, उनका यह दौरा हमारे इस सैन्य संकल्प की अभिव्यक्ति है कि हमारी सेना आम जन की सुरक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। एक ऐसे क्षेत्र में जहां लोगों ने दशकों आतंक की त्रासदी झेली है, वहां प्रतीकात्मक जवाबदेही से आगे ठोस रणनीति बनाने की जरूरत है। निस्संदेह, कश्मीर यात्रा के दौरान सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने सुरक्षाबलों के बीच ऑपरेशनल समन्वय की समीक्षा की। लेकिन राष्ट्र और कश्मीरी सिर्फ प्रोटोकॉल को सख्त करने से कहीं अधिक चाहते हैं। पहलगाम आतंकी हमले के आलोक में खुफिया जानकारी साझा करने के तंत्र को सक्षम बनाने, तेज प्रतिक्रिया ढांचे के निर्माण और सुरक्षा तंत्र की मजबूती को मूर्त रूप देने की जरूरत है। कश्मीर को लेकर हमारे दांव हमेशा ऊंचे होते हैं, अब चाहे वे सैन्य, भावनात्मक और राजनीतिक रूप से हों। मन की बात' कार्यक्रम में पीएम मोदी ने एक बार फिर से पहलगाम हमले को लेकर दुख जताया और साथ ही पहलगाम के दोषियों को कड़ी सजा देने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि 'इस जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सभी ने कठोर निंदा की है। पूरा विश्व आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश के साथ खड़ा है। मैं पीड़ित परिवारों को भरोसा देता हूं उन्हें न्याय मिलेगा...और न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।' इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते गुरुवार को बिहार की एक जनसभा में भी पहलगाम हमले के दोषियों को चेतावनी देते हुए कहा था कि– भारत इन लोगों की पहचान करेगा, उन्हें ढूंढेगा और हर आतंकी तथा उनकी मदद करने वालों को सजा देगा। हम उन्हें पृथ्वी के अंतिम छोर तक खदेड़ देंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि पाकिस्तान ने फिर एक बार कायराना हरकत की है, जिसकी पूरे देश और विश्व ने निंदा की है। अब वक्त आ गया है कि उसे सबक सिखाया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं, जैसे- सिंधु जल संधि को रद्द करना, पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर उन्हें वापस भेजना और भारतीय राजदूतों की वापसी और पाकिस्तान के राजनयिकों को वापस भेजना शामिल है। सरकार हर मोर्चे पर ठोस कदम उठा रही है।सरकार आतंकवादियों और उनके आकाओं को तहस-नहस करने की दिशा में पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। दहशतगर्दी के दरिंदों और उनके संरक्षकों को अब कड़ा सबक मिलेगा। जब भी भारत आतंक के खिलाफ सख्ती दिखाता है, मानवाधिकार की दुकानें खुल जाती हैं। दिल्ली, लंदन, न्यूयॉर्कझ्र हर जगह के तथाकथित बुद्धिजीवी अचानक ह्यसंवेदनाह्न से भर जाते हैं। लेकिन जब किसी हिंदू नागरिक को सिर्फ उसके नाम के कारण सिर में गोली मारी जाती है, तब यही आवाजें खामोश हो जाती हैं। क्यों? क्या एक विशेष समुदाय के पीड़ितों के लिए ही संवेदना है? क्या हिन्दू होना अब मानवाधिकार के चश्मे से अदृश्य हो जाना है? पहलगांव हमला केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं है यह भारत की आत्मा पर हमला है। यह संदेश देने की कोशिश है कि यहां तुम्हारी जगह नहीं है। यह भारत की एकता, समरसता और धर्मनिरपेक्षता को चुनौती है। और यदि हमने इस चुनौती को ठोस जवाब देने की जरूरत है।

## कविता

टेढ़ी-मेढ़ी पगडंडियों के बीच,
नन्हें-नन्हें पैरों के निशान,
तोतली बोली में झूमती हवाएं,
लहरा लहरा कर उड़ता दुपट्टा,
अनाज की बालियां,
खेतों की हरियाली,
कल केल कर बहता पानी,
पहली बरसात की
काली मिट्टी की सोंधी खुशबू,
गोधूलि की फैली संध्या,
बैलों का मुंडी हिला हिला कर चलना,
छोटी सकरी सड़क पर,
बकरी और गाय हांकने की आवाज,
दूर दिखाई देता,
घास फूस का मचान,
और उस पर बैठा प्रसन्न मंगलू,
सब कुछ धुंधला दिखता,
फ्लैशबैक की तरह मलीन,
घिसटता मिट्टता सहमता दिखाई देता,
कसैला धूंआ
गोधूलि की बेला को धूमिल करता,
निश्चल पानी कसैला हो उठा,
नन्हें पैर भयानक बन गए,
काली सौंधी मिट्टी पथरीली हो चली,
छोटी पगडंडी हाईवे में बदल गई,
मशीनी हाथियों का सैलाब झेलती,
दूर लकड़ी का मचान नहीं,
गगनचुंबी इमारत दिखती,
उस पर बैठा निष्ठुर बिल्डर

संजीव

## परंपरा तब तक सुंदर है, जब तक वह पंख न काटे

**प्रियंका सौरभ**

**रात** के आठ बजे का वक्त था। ढाणी बीरन गांव की चौपाल पर बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे इकट्ठा थे। धीमी हवाओं के बीच चारों तरफ टिमटिमाते दीयों और लालटेन की रोशनी थी। माहौल में एक अजीब-सी उत्तेजना थी – जैसे कोई बड़ा बदलाव दस्तक दे रहा हो। तभी बुजुर्ग धर्मपाल, जिनकी बात को गांव में विशेष आदर मिलता है, उठे और भारी आवाज में बोलेः "बेटी वह है जो हमारे घर को बढ़ाती है। हमारी बेटी भी किसी और के आंगन में रोशनी फैलाएगी। आज से हम प्रण लेते हैं कि किसी बहू-बेटी को यह नहीं कहेंगे कि घूंघट क्यों उतार रखा है। अगर कोई इसका विरोध करेगा तो पंचायत में उसके खिलाफ उचित निर्णय लिया जाएगा।" चौपाल में बैठे तमाम लोगों ने एक साथ दोनों हाथ उठाकर इस संकल्प का समर्थन किया। यह महज समर्थन नहीं था, यह सदियों पुरानी एक मानसिकता की बेड़ियों को तोड़ने का सामूहिक निर्णय था।

**कविता देवी ने दिखाई राह**

गांव की सरपंच कविता देवी, जो अब तक परंपरा के चलते घूंघट में थीं, धीमे-धीमे आगे बढ़ीं। फिर सबकी नजरों के सामने उन्होंने घूंघट को सिर से पीछे सरका दिया। वह सिर ऊंचा किए, गर्व से मुस्कुराती रहीं – मानो सदियों का एक बोझ उनकी मुस्कान के नीचे झरता जा रहा हो।

कविता देवी के इस साहसिक कदम ने बाकी महिलाओं के भीतर भी एक नयी ऊर्जा फूंकी। धीरे-धीरे कई और महिलाएं, जो सिर से पल्लू हटाने से झिझकती थीं, चौपाल में खड़ी होकर बिना घूंघट के सामने आईं। ढाणी बीरन में एक नयी कहानी लिखी जा रही थी – घूंघट से आजादी की कहानी।

**परंपरा या बंधन?**

हरियाणा जैसे राज्य में, जहां घूंघट को लंबे समय तक सम्मान और संस्कार की निशानी माना गया, वहीं दूसरी तरफ इस परंपरा ने महिलाओं की स्वतंत्रता और आत्मविश्वास पर अक्सर अनदेखे पहरे भी लगाए। बहू-बेटियों को घरों में सीमित करना, सार्वजनिक जीवन में उनकी भागीदारी कम करना – ये सब पर्दा प्रथा के अदृश्य दुष्परिणाम रहे हैं। लेकिन ढाणी बीरन ने आज यह तय कर लिया था कि सम्मान का असली अर्थ नियंत्रण में नहीं, बल्कि बराबरी में है।

**बदलाव एक दिन में नहीं आता**

गांव के बुजुर्ग धर्मपाल मानते हैं कि बदलाव अचानक नहीं आता। "समझदारी से काम लेना होता है। अगर हम अपनी बहू-बेटियों को शिक्षा, रोजगार और निर्णय लेने का अवसर देना चाहते हैं, तो सबसे पहले हमें अपने सोच के पर्दे हटाने होंगे," वे कहते हैं। इसी सोच ने पूरे गांव को एक नई दिशा दी। आज ढाणी बीरन के लोग न सिर्फ घूंघट उतारने की बात कर रहे हैं, बल्कि लड़कियों की पढ़ाई, महिलाओं की पंचायत में भागीदारी और आर्थिक आजादी को भी प्राथमिकता दे रहे हैं।

## विचार

# पराक्रम के प्रतीक थे भगवान परशुराम

**ऋतुपर्ण दवे**

दरअसल धर्म को सरल और बेहद कम शब्दों में इस तरह भी समझा कि समाज द्वारा स्वीकृत वो मान्यताएं हैं जिस पर चल कर मनुष्य कितना भी शक्तिशाली हो जाए किसी दूसरे का अहित नहीं कर सकता है तथा संतुलित व मर्यादित रहता है। वह धर्मनीति ही है जोमानवता का बोध कराने,अत्याचार, अनाचार, साधु-संतो के उत्थान के लिए भगवान का अनेकों रूप बनवाती है ताकि दुष्टों का संहार, विश्व कल्याण के साथ धर्म जो मनुष्य को उसकी सीमाओं में रखता है की रक्षा की जा सके। भगवान परशुराम ऐसे ही धर्मपरायण थे जो क्रोध के वशीभूत होकर अनाचारियों के लिए किसी काल से कम न थे। परशुराम ही इतिहास के पहले ऐसा महापुरुष हैं जिन्होंने किसी राजा को दंड देने के लिए दूसरे राजाओं को भी सबक सिखा नई राजव्यवस्था बनाई जिससे हा-हाकार मच गया। परशुराम की विजय के बाद संचालन सही ढ़ंग से न होने से अपराध और हाहाकार की स्थिति बनी। उससे घबराए ऋषियों ने तपोभूमि से साधना लीन दत्तात्रेयजी को उठा पूरा वृत्तान्त बताया। उनके साथ जाकर कपिल और कश्यप मुनि ने परशुराम को समझाया। पहले तो समझ नहीं आया लेकिन कई वर्षों के क्रोध के बाद जब परशुराम कुछ शांत हुए तो उन्हें समझ आया और अपने कृत्यों पर पश्चाताप करने लगे। परशुराम को,मुनि दत्तात्रेय, कपिल और कश्यप ने इसके लिए बहुत धिक्कारा। ग्लानि में डूबे परशुराम ने संगम तट पर सारे जीते हुए राज्य कश्यप मुनि को दान दे दिया और स्वयं महेन्द्र पर्वत चले गए उसके बाद राजकाज की दोबारा सुचारू शासन व्यवस्था संचालित हो पाई। भगवान परशुराम को पराक्रम का प्रतीक माना जाता है। उन्हें राम का पर्याय और सत्य सनातन माना जाता है जिनका जन्म 6 उच्च ग्रहों के योग में हुआ। ग्रहों के प्रभाव से वो तेजस्वी, ओजस्वी और वर्चस्वी बने। महाप्रतापी व माता-पिता भक्त परशुराम ने जहां पिता की आज्ञा से माता का गला काट दिया वहीं पिता से माता को जीवित करने का वरदान भी मांग लिया। इस तरह हठी, क्रोधी और अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने वाले परशुराम का लक्ष्य मानव मात्र का हित था। वो परशुरामजी ही थे जिनके इशारों पर नदियों की दिशा बदल जाया करतीं थीं। उन्होंने अपने बल से आर्यों के शत्रुओं का नाश किया, हिमालय के उत्तरी भू-भाग, अफगानिस्तान, ईरान, इराक, कश्यप भूमि और अरब में जाकर शत्रुओं का संहार किया। उसी फारस जिसे पार्शिया भी कहा जाता था का नाम इनके फरसे पर ही किया गया। इन्होंने भारतीय संस्कृति को आर्यन यानी ईरान के कश्यप भूमि क्षेत्र और आर्यक यानी इराक में नई पहचान दिलाई।गौरतलब है कि पार्शियन भाषी पार्शिया परशुराम के अनुयायी और अग्निपूजक कहलाते हैं और परशुराम से इनका संबंध जोड़ा जाता है। अब तक भगवान परशुराम पर जितने भी साहित्य प्रकाशित हुए हैं उनसे पता चलता है कि मुंबई से कन्याकुमारी तक के क्षेत्रों को 8 कोणों में बांटकर परशुराम ने प्रान्त बना कर इसकी रक्षा की प्रतिज्ञा भी की। अयोध्या,मिथिला, काशी,कान्यकुब्ज,कनेर, बिंग के साथ ही कहते हैं कि पूर्व के प्रान्तों में मगध और वैशाली भी महासंघ में शामिल थे जिसका नेतृत्व भगवान परशुराम ने ही किया। दूसरी ओर हैहयों के साथ आज के सिन्ध, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान,पंजाब, लाहौर, अफगानिस्तान, कंधार, ईरान, ट्रांस-ऑक्सियाना तक फैले 21 राज्यों के राजाओं से युध्द तक किया। सभी 21 अत्याचारी राजाओं और उनके उत्तराधिकारियों तक का परशुराम ने विनाश भी किया जिससे दोबारा कोई सिर न उठा सके।

केरल प्रदेश को बसाने वाले परशुराम ही थे। एक शोध के अनुसार परशुराम में ब्रम्हा की सृजन शक्ति, विष्णु की पालन शक्ति व शिव की संहार शक्ति विद्यमान थी जिससे त्रिवंत कहलाए। उनकी तपस्या स्थली आज भी तिरुवनंतपुरम के नाम से प्रसिध्द है जो अब केरल की राजधानी है। केरल, कन्याकुमारी और रामेश्वरम के संस्थापक भगवान परशुराम की केरल में नियमित पूजा होती है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत एकजुट

**किशन**

**वैश्विक स्तर**पर पहलगाम में टूरिस्टों पर हुए विभित्सक हमले में बेगुनाह मारे गए 27 पर्यटकों के बारे में सुनकर भारत ही नहीं करीब करीब पूरी दुनियाँ के देशों ने निंदा कर भारत को आतंकवाद के मुद्दे पर समर्थन में सहयोग की पेशकश की है, जिसमें अब मुस्लिम वर्ल्ड भी शामिल हो गया है। बता दें, केंद्रीय गृह मंत्री ने शुक्रवार दिनांक 25 अप्रैल 2025 को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि वे अपने-अपने राज्यों में रह रहे सभी पाक नागरिकों की पहचान कर जल्द से जल्द पाक वापस भेजने के लिए कदम उठाएं। इस फैसले के तहत भारत सरकार ने सभी प्रकार के वीजा को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। दूसरी और बता दें, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाक दोनों की फौजें हाई अलर्ट पर हैं। गुरुवार रात पाक आर्मी ने लाइन ऑफ कंट्रोल पर स्मॉल आर्म फायरिंग की, जिसका भारतीय सेना ने माकूल जवाब दिया।दूसरी तरफ पूरी रात अलग अलग जगहों पर फायरिंग की आवाज गूंजती रही। भारतीय सेना पूरे एलओसी पर अलर्ट है। सूत्रों के मुताबिक हाई अलर्ट में सभी अहम पदों पर तैनात लोग हर वक्त उपलब्ध रहते हैं। क्विक रिएक्शन टीम का रिस्पॉन्स टाइम कम हो जाता है। यानी कुछ भी होने पर तुरंत उसपर एक्शन होता है। सभी असेस्ट्स एकदम रेडी होते हैं। राशन का रिजर्व स्टॉक 7 से 15 दिन का पूरी तरह सुनिश्चित हो जाता है। यह अलग अलग यूनिट में अलग अलग होता है क्योंकि सबकी लोकेशन और भौगोलिक स्थिति अलग होती है। हर यूनिट के पास जितना गोला-बारूद होनाचाहिए वह चेक होता है और सुनिश्चित होता है कि संभावित स्थितियों केहिसाब से सभी तैयारी हो।पिछले कुछ दशक से अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की स्थिति काफी मजबूत हुई है,भारत की हर बात को गौर से सुना जाता है, दुनिया हर छोटे-बड़े ईलीट क्लब की सदस्यता भारत के पास है, वहीं पाक की हालत दिन प्रति दिन खराब होती जा रही है। रखा जा रहा है, उसकी आर्थिक स्थिति भी बद से बदतर होती जा रही है, वह लगातार अंतरराष्ट्रीय समर्थन भी खोता जा रहा है।

## आतंकवादियों को जड़ से नेस्तनाबूद करना ही एकमात्र विकल्प

**संजीव**

**आज** जब पहलगाम में आतंकवादियों ने और उनके आकाओं ने मिलकर भारतीय नागरिकों का एवं भारत सरकार का मनोबल एवं संयम तोड़ने की कोशिश की है एवं 27 निर्दोष भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या कर भारत की आर्थिक रेखा और जम्मू कश्मीर के निवासियों की रोजी-रोटी छीनने का बड़ा ही घृणित कृत्य किया है। बदला निश्चित तौर पर लिया जाना चाहिए और और ऐसा बदला लिया जाना चाहिए कि आने वाली सात पुस्तें भी आतंकवाद की तरफ ना मुड़ के देख सकें। ऐसे में स्वाभाविक है कि देश के हर नागरिक के खून में उबाल आकर बदला लेने की इच्छा बलवती हो जाती है एवं देश का शीर्ष नेतृत्व भी आक्रोश में आकर बड़ा निर्णय लेकर आतंकवादियों के ठिकानों और उनके नेपथ्य में सहयोगियों को सबक सिखाने की सोचन रही हैं। ऐसी ही विषम परिस्थितियों में हमें अपने आप पर नियंत्रण रखना होता है एवं दिमाग को एकदम शांत रख बड़े निर्णय लेने की आवश्यकता है।

भारत सरकार को बड़े ही ठंडे दिमाग से पड़ोसी राष्ट्र पाकिस्तान से इस बार आर-पार की लड़ाई के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण नीति बनानी होगी और उसको समूल नष्ट कर आतंकवाद का स्थाई निराकरण किया जाना चाहिए तब ही जाकर भारत अपने नागरिकों की हत्या का बदला पूरा कर सकता है। हम सबको जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा तब सोची गई सफलता हमारे सामने होगी' कठिन तथा विषम परिस्थितियों में हमें अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे ' निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है' जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं' संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं।

## न्यूज फ्लैश

### नेक्सस अमृतसर ने महीने भर चलने वाला वेकेशन नेशन शुरू किया

**अमृतसर:** गुरु नगरी के प्रसिद्ध मॉल – नेक्सस अमृतसर ने वेकेशन नेशन नामक महीने भर चलने वाले अपने एक अनूठे फेस्टिवल की शुरूआत की है जो कि ट्रैवल थीम पर आधारित है। 18 मई तक चलने वाला यह कैंपेन विजिटर्स को ट्रैवलिंग यात्रा की जीवांत दुनिया में ले जाने के लिये डिजाईन किया गया है जिसमें खरीदारी, मनोरंजन और इंटरनेशनल स्वाद के एक अनूठे मिश्रण को पेश किया गया है। इस फेस्टिवल में यात्रा के लिए जरुरी चीजों का एक खास चयन किया गया है, जिसमें लग्जरी लगेज, डिजाईनर सनग्लास, स्टाइलिश फैशन, ब्यूटी प्रोडक्ट्स अेर स्मार्ट ट्रैवल गैजेट्स शामिल हैं। विजिटर्स फूड फेस्टिवल के माध्यम से परोसे गये इंटरनेशनल कुजिन का भी आनंद ले सकते हैं। इस अनुभव को और अधिक रोचक बनाने के लिये माल ने फोटोग्राफी मास्टरक्लास, रियल्टी जोन और टूरिज्म एक्सपो भी स्थापित किया है। अपने शापिंग एक्सपीरयेंस को और अधिक फायदेमंद बनाने के लिये माल शाप एंड विन प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है जहां विजिटर्स ट्रैवल थीम वाले ईनाम और विशेष मेगा पुरस्कार भी जीत सकते हैं।

### पारस हेल्थ पंचकूला में मल्टी-स्पेशलिटी हेल्थ कैंप, 200 से अधिक लोगों ने कराई जांच

**पंचकूला:** पारस हेल्थ पंचकूला ने नाडा साहिब गुरुद्वारे के पास अस्पताल परिसर में मल्टी-स्पेशलिटी हेल्थ कैंप का आयोजन किया। इस अवसर पर 200 से अधिक लोगों ने विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों से मुफ्त परामर्श और प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच कराई। इस कैंप में कार्डियोलॉजी, आर्थोपेडिक्स (हड्डी और जोड़ रोग), नेफ्रोलॉजी, गैस्ट्रो एंट्रोलॉजी, यूरोलॉजी, ऑनकोलॉजी (कैंसर रोग), फेफड़े रोग, ईएनटी रोग, महिला स्वास्थ्य, पेट की सर्जरी और इंटरनल मेडिसिन जैसे डिपार्टमेंट के टॉप डॉक्टर एक साथ आए। पंचकुला और आस-पास के इलाकों से लोग मुफ्त में एक्सपर्ट्स से मिलने, सलाह लेने और अपने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने आए। पारस हेल्थ पंचकूला के फैसलिटी डायरेक्टर डॉ. पंकज मित्तल ने कहा, "इस तरह के हेल्थ कैंप सिर्फ नियमित जांच के बारे में नहीं होते बल्कि ये उन लोगों को हेल्थकेयर सिस्टम से जुड़ने में मदद करते हैं जो डॉक्टर के पास नहीं जा पाते हैं। अपने रोजमर्रा के काम में हम अक्सर देखते हैं कि मरीज तभी आते हैं जब उनकी समस्याएँ बहुत गंभीर हो जाती हैं, जिससे इलाज मुश्किल और महंगा हो जाता है। इस तरह के कैंप हमें लोगों की शुरूआती मदद करने का मौका देते हैं, क्योंकि शुरूआत में इलाज आसान, ज्यादा प्रभावी और सस्ता होता है। इस तरह के कैंप जागरूकता भी फैलाते हैं, जल्दी कार्रवाई को प्रोत्साहित करते हैं और हेल्थकेयर में भरोसा पैदा करते हैं। आज कैंप आए लोगों की इतनी ज्यादा संख्या दशार्ती है कि समुदाय को आसानी से उपलब्ध हेल्थकेयर की कितनी ज्यादा जरूरत है। अगर भारत सच में रिएक्टिव से प्रोएक्टिव मॉडल में बदलना चाहता है, तो इस तरह की पहल के माध्यम से प्रीवेंटिव मेडिसिन को उस बदलाव की रीढ़ की हड्डी बनाना होगा। कंसल्टेशन के अलावा कैंप में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, बॉडी मास इंडेक्स, ईसीजी और बोन मिनिरल डेंसिटी जैसे नि:शुल्क टेस्ट उपलब्ध कराए गए। पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी सेवाओं पर छूट के साथ-साथ प्रमुख डायग्नोस्टिक टेस्ट भी रियायती दरों पर उपलब्ध थे। ये सभी सुविधाएं इन्क्लूसिव, किफायती हेल्थकेयर के प्रति पारस हेल्थ की प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं। कैंप में हिस्सा लेने वाले लोगों ने बिना किसी रुकावट वाली रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और हॉस्पिटल के पेशेंट फर्स्ट दृष्टिकोण की तारीफ की। कैंप ने न केवल समय पर डायग्नोसिस के महत्व पर जोर दिया बल्कि लॉन्ग टर्म में सेहत को अच्छा रखने के लिए नियमित हेल्थ चेकअप की भूमिका पर भी महत्व दिया। इस पहल से पारस हेल्थ ने एक बार फिर सामुदायिक कल्याण, दयालु देखभाल और मेडिकल एक्सीलेंस (चिकित्सा उत्कृष्टता) के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

### बहामास ने लॉन्च किया अपना नया कलेक्शन

**पानीपत।** भारत के सबसे बड़े फुटवियर निमार्ता रिलेक्सो फुटवियर्स लिमिटेड के ब्राण्ड बहामास ने कैजुअल फुटवियर के नए कलेक्शन का लॉन्च किया है, जो आराम के साथ रचनात्मक अभिव्यक्ति का अनूठा संयोजन है। इस नई रेंज को भारत के जेन-जी एवं मिलेनियल उपभोक्ताओं का ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, जो अपने व्यक्तित्व को दशार्ने वाले फैशन की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। नए, आकर्षक एवं रोमांचक डिजाइनों के साथ बहामास ने अपने स्टाइल गेम को इस तरह से आगे बढ़ाया है, कि यह स्टाइलिश होने के साथ-साथ आरामदायक भी है। नई रेंज में हाई-एनर्जी शेड्स से लेकर बोल्ड प्रिंट्स तक सभी कुछ है जो पल भर में किसी को भी लुभा सकता है। ब्राण्ड के डिजिटल कैंपेन ह्यस्ट्रैस को दो रेस्टह्न के मद्देनजर यह लॉन्च किया गया है, इस कैंपेन के माध्यम से ब्राण्ड ह्यकीप चिलिन, कीप फ्लिपिनह्न का संदेश देता है। सलमान खान के साथ फिल्माया गया यह कैंपेन युवा भारतीयों को संदेश देता है कि वे छोटी-मोटी बातों को भूलकर आनंदमय जीवनशैली को अपनाएं। इसी भावना के साथ यह नया कलेक्शन सिर्फ संदेश तक सीमित नहीं है बल्कि सहज, सरल एवं शांत अभिव्यक्ति का अहसास देता है।

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने भारत मंथन 2025 में की सहभागिता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग ने इंद्रप्रस्थ अध्ययन केन्द्र द्वारा नॉन कॉलेजिएट महिला शिक्षा बोर्ड दिल्ली विश्वविद्यालय, संस्कृत एवं प्राच्य विद्या अध्ययन संस्थान, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस महाविद्यालय में ह्यराष्ट्रीय स्वयंसेवक संघः राष्ट्रीय स्वत्व के जागरण के सौ वर्ष विषय पर केंद्रित इस संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के रेक्टर-1 प्रो. ब्रजेश कुमार पांडेय मुख्यवक्ता तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के महाविद्यालय अधिष्ठाता प्रो. बलराम



पाणि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस सत्र की अध्यक्षता रामजस महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अजय कुमार अरोडा ने की। संगोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आधारभूत मान्यताएं विषय पर केंद्रित सत्र में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. टंकेशवर कुमार ने समाज के विविध क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महती भूमिका एवं विगत सौ वर्षों के आरंभिक 25 वर्षो की संघ से जुड़ी स्मृतियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि संघ की आधारभूत मान्यताएं हमारे समाज को एक ज्ञानवान एवं मूल्यवान आधार प्रदान करती हैं। संगोष्ठी के दूसरे दिन हकेवि के संस्कृत विभाग के शिक्षक प्रभारी डॉ. देवेंद्र सिंह राजपूत ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सैद्धान्तिक अधिष्ठान पर केंद्रित वैचारिक सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय इस संगोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर क्षेत्र सह-कार्यवाह प्रो. किस्मत कुमार, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. मनोज कुमार खन्ना, दिल्ली प्रांत कार्यवाह अनिल गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉन कॉलेजिएट महिला शिक्षा बोर्ड की निदेशक प्रो. गीता भट्ट ने विभिन्न सत्रों में अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। संगोष्ठी के आयोजन में अजेय कुमार, विनोद कुमार, प्रो. राकेश पांडे, प्रो. सुनील कुमार एवं डॉ. विकास शर्मा ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगोष्ठी के समापन सत्र में मुकुल कानिटकर मुख्यवक्ता तथा हिमाचल प्रदेश केद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतप्रकाश बंसल विशिष्ट अतिथि रहे एवं अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. योगेश सिंह द्वारा की गई।

## सोनीपत विधानसभा में डी प्लान से होंगे 2 करोड़ रु के विकास कार्य



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : विधायक निखिल** मदान ने कहा कि सोनीपत विधानसभा में डी प्लान से लगभग दो करोड रुपए की लागत के विकास कार्य जल्दी शुरू होंगे। विधायक निखिल मदान सोमवार को अपने सेक्टर 14 कार्यालय में आम जन की समस्याएं सुन रहे थे। विधायक निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नं 17 वेस्ट राम नगर में गली नंबर 8 और 2 को सी सी से पक्का किया जाएगा। गली नं 2 में नई सीवरेज लाइन भी बिछाई जाएगी। वार्ड नं 3 में सेक्टर 14 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में दादा भटूरे वाली गली के पास सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य करवाया जाएगा।
वार्ड 11 के मशद मोहल्ला मामा भांजा चौक के पास भी सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा।
वार्ड नं 2 कटरा मोहल्ला में नाली का निर्माण करवाया जाएगा। वार्ड नं 4 सेक्टर 12 फेस 3 में सार्वजनिक शौचालय बनवाने का कार्य भी किया जाएगा।
सब्जी मंडी सोनीपत में राहगीरों और मंडी के श्रमिकों के लिए पानी का प्याऊ भी बनवाने का प्रावधान किया गया है। साथ ही वार्ड नं 14 की लक्ष्मण कालोनी की मुख्य गली को इंटरलॉकिंग टाइल्स से पक्का करवाने की भी संस्तुति भेजी गई है।

## सेवादार मानवता की भलाई के दिन रात करते हैं कार्य

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) आज के युवा पढ़ाई** और खेल में देश के साथ अपने परिवार का नाम रोशन कर रहे है लेकिन डेरा सच्चा सौदा के युवा पढ़ाई और खेलों के साथ-साथ दूसरों की मदद करके भी अपने परिवारों का नाम रोशन कर रहे है। बता दे कि आपको डेरा सच्चा सेवादार के सेवादार लगातार दरबार द्वारा चलाए जा रहे मानवता भलाई के कार्य दिन रात करते रहते है और आज भी ब्लॉक पानीपत के तहसील कैंप की रहने वाली अंजली चुघ इन्सां ने डेरा सच्चा सौदा के स्थापना दिवस और शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर की वर्दी मिलने की खुशी में झुग्गी झोपड़ी में रहे है।

# ईंट-भट्ठे पर काम कर रहें तीन बांग्लादेशी परिवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। बांग्लादेशी तीन** परिवारों के 14 लोग को पुलिस पकड़कर थाना में लेकर आई, जिनके आधार कार्ड चेक किया तो वे नकली पश्चिम बंगाल के निकले। सदर पुलिस ने सात नामजद लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं मूं केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। प्रदेश सरकार के आदेश के बाद गुप्तचर विभाग और पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। गुप्तचर विभाग और पुलिस जगह-जगह छापेमारी कर रोहिंग्या की तलाश कर रही है।
इसी के तहत जिला महेंद्रगढ़ के गांव आकोदा मे स्थित ईंट-भट्ठा पर पुलिस और गुप्तचर विभाग की



संयुक्त टीम ने छापेमारी कर अवैध रूप से रह रहे 14 बांग्लादेशी पकड़े। पुलिस इन नागरिकों के खिलाफ मामला दर्ज की कार्रवाई शुरू कर रही है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रदेश सरकार हाई अलर्ट मोड पर है। सरकार ने सुरक्षा की दृष्टि से प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षक को अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या की तलाश के आदेश दिए हैं। सरकार के आदेश के बाद आज गुप्तचर विभाग ने नारनौल की टीम ने जिला के ईंट भट्ठा, औद्योगिक इकाई, होटल आदि चेक किए। इसके बाद गुप्तचर इकाई नारनौल व जिला पुलिस नारनौल की संयुक्त टीम द्वारा गांव आकोदा, तहसील महेंद्रगढ़ मे स्थित पूजा ईंट भट्ठा को चैक किया गया, जहां पर बांग्लादेश के तीन परिवार के कुल 14 सदस्य पाए गए। पुलिस ने जब इनसे दस्तावेज मांगे तो उनके पास केवल आधार कार्ड था, वह भी पश्चिम बंगाल का नकली आधार कार्ड बना हुआ था। जब पुलिस ने उनसे शक्ति से पूछताछ की तो उन्होंने बांग्लादेशी होने की बात कबूल कर ली। इन सदस्यों में 3 पुरूष, 4 महिलाएं व 7 बच्चे हैं। इन तीन परिवारों में से एक परिवार 2008 और दो परिवार 2021 मे भारत में आए थे और पिछले तीन सालों से इस ईंट भठ्ठे पर रहकर मजदूरी का काम कर रहे थे।

## पीएनडीटी की तरफ से मौके पर एमपीटी किट बरामद

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
खरखौदा में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से पुलिस टीम के साथ मिलकर एक रेड की गई। जोकि शहर के मटिंडू चौक सांपला मार्ग पर स्थित एक निजी अस्पताल श्री श्याम अस्पताल में की गई। इस रेड़ में पीएनडीटी की तरफ से मोके पर एमपीटी किट बरामद की गई है। जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन पर केस दर्ज करवाने की बात टीम की तरफ से कही जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को पीएनडीटी, सोनीपत की टीम प्रभारी डॉ नितीन फलस्वाल की अगुवाई में एक टीम खरखौदा पहुंची। टीम ने मटिंडू चौक सांपला मार्ग स्थित श्री श्याम अस्पताल पर छापा मारा। जहां पर जांच करने पर टीम को मौके से एमटीपी किट बरामद हुई। जिसे रखने को लेकर टीम ने संबंधित अस्पताल संचालक से जवाब मांगा तो वह न तो कोई जवाब दे पाए और न ही कोई लाइसेंस दिखा पाए। इसके बाद टीम ने मौके से गर्भपात करने की इस दवा को अपने कब्जे में लेते हुए सील कर दिया। वहीं पीएनडीटी प्रभारी डॉ नितीन फलस्वाल ने बताया कि सिविल सर्जन के आदेश पर उन्होंने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। उन्हें इस अस्पताल की शिकायत मिल रही थी।

## केस कंस्ट्रक्शन ने बीएस (सीईवी) स्टेज वी-अनुरूप मशीन निकाली

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम।** सीएनएच का एक ब्रांड और वाइब्रेटरी कॉम्पैक्टर सेगमेंट में अग्रणी नाम, केस कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट ने आज भारतीय बाजार के लिए मध्य प्रदेश के पीथमपुर में अपनी अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा से अपनी पहली बीएस (सीईवी) स्टेज वी-अनुपालन मशीन की शुरूआत की घोषणा की। यह शुरूआत पर्यावरण जिम्मेदारी के प्रति केस के सक्रिय दृष्टिकोण और भारत में स्वच्छ और हरित निर्माण मशीनरी के अगले चरण के लिए तत्परता को रेखांकित करती है। इसके साथ ही, केस ने उन्नत उपकरणों की अपनी व्यापक लाइन-अप का निर्माण शुरू कर दिया है, जिसमें दो बिल्कुल नए वाइब्रेटरी कॉम्पैक्टर - 952 एनएक्स और 450 एनएक्स - के साथ-साथ उन्नत 1107 एनएक्स वाइब्रेटरी कॉम्पैक्टर भी शामिल हैं। ताजा पोर्टफोलियो में 770 एनएक्स, 770 एनएक्स मैग्नम और 851 एनएक्स जैसे उन्नत लोडर बैकहो मॉडल भी शामिल हैं। बैकहो लोडर और 1107 एनएक्स कॉम्पैक्टर उन्नत एफपीटी एफ28 इंजन से लैस हैं जो नवीनतम उत्सर्जन मानदंडों का अनुपालन करते हैं, जिससे पर्यावरण पर कम प्रभाव पड़ता है, ईंधन दक्षता में सुधार होता है और उत्पादकता बढ़ती है।

## अधिकारियों को सरकारी कार्य को अपना कार्य समझ करके पूरा करना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
हमेशा लगन निष्ठा व ईमानदारी से पंचायती राज विभाग में अपनी सेवाएं प्रदान करने वाले सत्य प्रकाश मालिक उपमंडल अधिकारी सोमवार को 35 वर्ष की विभाग की सेवा प्रदान करने के बाद सेवानिवृत हो गए। उनके विदाई समारोह कार्यक्रम में प्रदेश के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पवार ने शिरकत की व कहा कि उनकी शानदार सेवाओं के लिए उन्हें पूरा विभाग हमेशा याद रखेगा व जरूरत पड़ने पर उनकी फिर से सेवाएं भी ले सकता है। इस मौके पर मुख्य अभियंता यसवीर पवार ने कहा कि उन्होंने हमेशा अपना कार्य समझकर विभाग का कार्य किया।
उनकी ईमानदारी ,निष्ठा को हमेशा याद किया जाएगा। पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता प्रदीप कुमार ने कहा कि उन्होंने कभी भी प्रशासन द्वारा सौंपे गए कार्य को मना नहीं किया। हर जिम्मेदारी को मन लगाकर पूरा किया व हर कार्य में अग्रणी भूमिका निभाई।

# गुरुग्राम में पहलगाम आतंकी हमले के निकाला खिलाफ कैंडल मार्च

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ गुरुग्राम के लोगों में गुस्सा है। कई दिनों से लोग प्रदर्शन और कैंडल मार्च निकालकर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। रविवार शाम को सुशांत लोक 1 गुरुग्राम आरडब्ल्यूए तथा पार्षद वार्ड-24 आरती अनिल यादव, बोध राज सीकरी जी के के नेतृत्व में लोग एकत्र हुए जिसमें सैंकड़ो सुशांत लोक निवासियों ने भाग लिया, कैंडल मार्च नरूला रेस्टोरेंट (पार्षद ऑफिस ) से आरम्भ




होकर व्यापार केंद्र मार्किट में समाप्त हुआ। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में बैनर लेकर पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। पैदल मार्च के दौरान लोगों ने आतंकवाद और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने पहलगाम हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने निर्दोष लोगों का धर्म पूछकर उनकी हत्या की। प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## मंडियों मे 289871.3 मीट्रिक टन गेहूं की हुई आवक

**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**
जिला उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की मंडियो में गेहूं की खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। 26 अप्रैल तक मंडियों में मीट्रिक टन की कुल 289871.3 अवाक हुई है व 262373.6 मीट्रिक टन की खरीद हुई है और 209642.9 मीट्रिक टन की अब तक लिफ्टिंग हुई है । उपायुक्त ने बताया कि सभी मंडियों में खरीद का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि पानीपत मंडी में 29546.8 मीट्रिक टन की आवक हुई।

## हकेंवि में पांच दिवसीय ज्ञान पाठ्यक्रम का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा दक्षिण एशिया से अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संदर्भ और नीतियां विषय पर आयोजित पांच दिवसीय ज्ञान (ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ एकेडमिक नेटवर्क्स) पाठ्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह पाठ्यक्रम मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ के अंतर्गत विश्वविद्यालय में आयोजित पहला ज्ञान कार्यक्रम था। समापन सत्र में विश्वविद्यालय की प्रथम महिला एवं भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की प्रोफेसर सुनीता श्रीवास्तव मुख्यातिथि के रूप में




उपस्थित रहीं।प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में आयोजन की सराहना करते हुए समाजशास्त्र विभाग को बधाई दी। उन्होंने प्रवासन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अंतरविषयक विमर्श की आवश्यकता को रेखांकित किया और वैश्विक अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए विभाग की पहल की प्रशंसा की। पाठ्यक्रम के स्थानीय ज्ञान समन्वयक प्रो. गुंजन गोयल ने प्रतिभागियों को पांच दिनों तक चली शैक्षणिक चचाओं की सहभागिता, संरचना और गुणवत्ता विश्वविद्यालय के बढ़ते शैक्षणिक कद को दशार्ती है। पाठ्यक्रम की समन्वयक एवं समाजशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डॉ. रीमा गिल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। साथ ही शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया। हकेंवि में पांच दिन तक चले इस पाठ्यक्रम में डॉ. राधा अधिकारी, प्रो. राजेश गिल, डॉ. एलिना समंत्रोय, डॉ. राम्या रंजन पटेल और डॉ. रीमा गिल सहित अनेक प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने व्याख्यान में ऐतिहासिक प्रवासन, लिंग आधारित दृष्टिकोण, नीतिगत ढांचे, अनौपचारिक श्रम और प्रवासन अध्ययन में उभरते शोध विषयों पर विस्तार से चर्चा की। आयोजन में देशभर के विभिन्न संस्थानों से 45 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की। समापन सत्र के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए।

# हकेंवि में विशेषज्ञ व्याख्यान का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय में भारत में चुनाव, लोकतंत्र, संघवाद और धर्मनिरपेक्षता की प्रक्रिया विषय पर केंद्रित विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। आयोजन में लोकनीति, सीएसडीएस के सहनिदेशक और भारत में निर्वाचन राजनीति के विख्यात विश्लेषक प्रो. संजय कुमार मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। विशेषज्ञ व्याख्यान में विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा व भौतिकी एवं



खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। आयोजन में मुख्यवक्ता प्रो. संजय कुमार ने भारत में लोकतंत्र की सुदृढ़ता, संघीय ढांचे की मजबूती और धर्मनिरपेक्षता की चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की। चुनाव आयोग की भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने इसे लोकतंत्र की विश्वसनीयता बनाए रखने का प्रमुख आधार बताया। प्रो. संजय ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र मजबूती की तरफ बढ़ रहा है, संघवाद भी मजबूत हो रहा है और भारत में धर्मनिरपेक्षता की नींव भी और अधिक मजबूत हो गयी है। उन्होंने रेखांकित किया कि क्षेत्रीय दलों की मजबूती भारतीय संघवाद की आत्मा को जीवित रखती है और महिलाओं, युवाओं तथा विभिन्न सामाजिक समूहों की बढ़ती चुनावी भागीदारी लोकतंत्र के गहरीकरण का संकेत है। विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में प्रोफेसर और कार्यक्रम के संयोजक प्रो. चंचल कुमार शर्मा ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए विश्व में लोकतंत्र के विकास और इसके विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। उनके व्याख्यान और शोध में लोकतंत्र की जटिलताओं, उसके उत्थान और गिरावट की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। इस व्याख्यान ने प्रतिभागियों को लोकतंत्र के मूल्यों, प्रक्रियाओं और संभावित विकृतियों के संदर्भ में गहराई से समझने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ।
प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए वक्ता से जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस अवसर पर समाजशास्त्र विभाग से सहआचार्य डॉ. टी. लॉन्कोई, डॉ. तनवी भाटी, राजनीति विज्ञान से सहायक आचार्य डॉ. अभिषेक शर्मा, मोहित नूणीवाल सहित विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

## इस अक्षय तृतीया सोनाटा पेश करते हैं 'सोनाटा गोल्ड' वॉचेज

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** अक्षय तृतीया का त्योहार आ रहा है, जिसे समृद्धि एवं सकारात्मक शुरूआत का प्रतीक माना जाता है, इसी के मद्देनजर पेश किया गया कलेक्शन सोनाटा गोल्ड, सोने के उपहार को नया दृष्टिकोण प्रदान करता है। इस कलेक्शन की हर घड़ी के डायल में 0.15 ग्राम का 22 कैरट तनिष्क गोल्ड कॉयन है, एक शानदार डीटेल जो कारीगरी, विरासत एवं डिजाइनिंग को दशार्ता है। यह कलेक्शन उन लोगों के लिए बेहतरीन है, जिन्हें बारीकी से तैयार किए गए डिजाइन खूब लुभाते हैं। इन घड़ियों का स्लीक केस डिजाइन, गोल्ड कॉयन से युक्त लैकर्ड हाई-पॉलिश ब्लैक डायल और असली लैदर का स्ट्रैप इसे बेहद आकर्षक और खास बनाता है। इस नई पेशकश पर बात करते हुए श्री प्रतीक गुप्ता, ब्राण्ड हैड, सोनाटा ने कहा, ह्यह्यसोनाटा गोल्ड सिर्फ एक घड़ी नहीं बल्कि एक अनुभव है। हम कुछ ऐसा बनाना चाहते थे, जो प्रीमियम अहसास दे, सदाबहार होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी हो। ये घड़ियां उन लोगों के लिए हैं जो डिजाइन को महत्व देते हैं- ये आपके और आपके प्रियजनों के लिए सोने की सशक्त अभिव्यक्ति है।
इस कलेक्शन में पुरूषों एवं महिलाओं के लिए डिजाइन किए गए बेहद भव्य दो वेरिएन्ट हैं, जिनकी कीमत रु 5695 से रु 5995 के बीच है। तो सोनाटा गोल्ड त्योहारों के इस सीजन एक बेहतरीन उपहार है, फिर चाहे इसे आप अपने लिए खरीदना चाहते हैं या अपने किसी प्रियजन को उपहार में देना चाहते हैं।

# राज्यपाल धर्मपत्नी सहित पहुंचे माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार, विधिवत पूजा अर्चना कर नवाया शीश

**स्वागत**

**उपायुक्त जतिन लाल और जिला पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने राज्यपाल का स्वागत किया।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** जिला के दौरे पर पहुंचे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल सोमवार सुबह धर्मपत्नी सहित माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार पहुंचे। जहां उन्होंने माता के दरबार में विधिवत पूजा अर्चना करते हुए पवन पिंडी के दर्शन किए। जिला प्रशासन की तरफ से उपायुक्त जतिन लाल और जिला



पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने महामहिम राज्यपाल का माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार पहुंचने पर स्वागत किया। जबकि मंदिर के पुजारी वर्ग ने राज्यपाल और उनकी धर्मपत्नी से माता श्री चिंतपूर्णी की विधिवत पूजा अर्चना करवाई। इस मौके पर राज्यपाल ने मंदिर न्यास द्वारा मंदिर के विकास को लेकर चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी ली और साथ ही श्रद्धालुओं को प्रदान की जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने मंदिर न्यास को श्रद्धालुओं के लिए बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिशा निर्देश भी दिए। डीसी जतिन लाल ने राज्यपाल को माता की चुनरी और चित्र भेंट करते हुए मंदिर परिसर में आने पर उनका स्वागत किया। इस मौके पर राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की और मां के दरबार की परिक्रमा की।

# देशहित में सब एकजुट, पाकिस्तान को सबक सिखाने की जरूरत: विक्रमादित्य सिंह

**बड़ा बयान**

**लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर बड़ा बयान दिया है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस दुःखद घड़ी में केंद्र सरकार के साथ खड़ी है। देश के 140 करोड़ लोग एकजुट हैं। अब समय निकलता जा रहा है, आतंकियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। यह पूरे देश की आवाज है। उन्होंने पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते



हुए कहा कि अब वक्त आ गया है कि पाकिस्तान को सबक सिखाया जाए। पहलगाम हमले का प्रतिशोध लिया जाना चाहिए। इससे पहले भी उरी और पुलवामा जैसे हमलों में पाकिस्तान का हाथ सामने आया था।

विक्रमादित्य सिंह ने यह भी याद दिलाया कि साल 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे। आज भी देश में वैसी ही स्थिति बन गई है। हमें एकजुट होकर निर्णायक कदम उठाने की जरूरत है।

सिंधु जल संधि को सस्पेंड किए जाने के फैसले को उन्होंने स्वागत योग्य करार दिया और कहा कि कांग्रेस देशहित में सरकार के साथ है। विक्रमादित्य सिंह ने यह भी बताया कि पहलगाम हमले के बाद कांग्रेस पार्टी ने अपने सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं। इस संदर्भ में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब पूरा देश शोक में है, तब नेता प्रतिपक्ष और बीजेपी के अन्य नेता सार्वजनिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर नाटी कर रहे हैं। उन्हें भी इस संवेदनशीलता का ध्यान रखना चाहिए।

## रॉकफोर्ड में उपभोक्ता के अधिकारों बारे किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** रॉकफोर्ड सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल ऊना में सोमवार को उपभोक्ता मामलों पर एक ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को उपभोक्ता के रूप में उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में शिक्षित करना था। प्रिंसिपल शगुन सिक्का ने आधुनिक बाजार में उपभोक्ता जागरूकता के महत्व पर जोर दिया। वहीं सहायक नियंत्रक परवीन और राहुल सेठी ने छात्रों को उपभोक्ता संरक्षण कानून, शिकायत कैसे दर्ज करें और नैतिक उपभोक्तावाद के महत्व पर जागरूक किया।

# वेतन न मिलने पर काम बंद कर सडक पर उतरें नगर निगम के सफाई कर्मचारी

**रोष रैली**

**-बाल स्कूल मैदान से लेकर मिनी सचिवालय तक हाथों में झाड़ू लेकर निकाली रोष रैली**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** वेतन न मिलने के चलते नगर निगम के सफाई कर्मचारियों का गुस्सा बढ़ता ही जा रही है। सोमवार सुबह नगर निगम ऊना के तहत विभिन्न वार्डों में सफाई का जिम्मा संभालने वाले कर्मचारियों ने वेतन न चलते काम बंद कर बाल स्कूल मैदान में एकत्रित हो



गए। जहां पर सफाई कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन किया। इसके उपरांत हाथों में झाड़ू लेकर मिनी सचिवालय ऊना तक रोष रैली निकाली और नगर निगम के आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। आयुक्त ने सफाई कर्मचारियों की मांगों को सुनते हुए 1 मई तक वेतन संबंधित समस्या का हल करने का आश्वासन देते हुए पुनः काम पर लौटने की बात कही। वहीं सफाई कर्मचारियों ने कहा कि अगर तीन दिन के भीतन वेतन नहीं मिला, तो प्रदर्शन को उग्र किया जाएगा। सफाई कर्मचारियों का नेतृत्व कर रहे महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा के अध्यक्ष अमित वाल्मीकि ने बताया कि नगर निगम में सफाई के काम का दायित्व संभालने वाले कर्मचारियों वेतन नहीं मिला है, जिसके चलते नगर निगम के आयुक्त को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन अभी तक समस्या हल नहीं हो पाई है, जिसके चलते मजबूरन सडकों पर उतरना पड़ा। उन्होंने कहा कि कुछ कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्हें वेतन तो मिल चुका है, लेकिन उनका पीएफ नहीं दिया जा रहा। जिसके चलते इन सफाई कर्मचारियों का जीवन यापन मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के आयुक्त ने पहली मई तक वेतन संबंधी समस्या का हल करने की बात कही है, अगर ऐसा न हुआ तो प्रदर्शन को उग्र किया जाएगा। इस अवसर पर सफाई कर्मचारियों में सीमा, आशा, पूजा, गीता, सुमन, अनु, पूनम, सोनू, गीता, विद्या देवी, मीनू, रेखा, सोनिया, दिनेश कुमारी, दर्शना, ममता, रीना सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### दिव्यांगजनों के लिए समावेश कार्यक्रम सराहनीय पहल : कल्पना शर्मा

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

कुल्लू : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, काईस में दिव्यांगजनों के लिए समावेशी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य श्रीमती कल्पना शर्मा ने समावेश कार्यक्रम को एक सराहनीय पहल बताया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की सहायता करना हम सभी का कर्तव्य है। इस दौरान उन्होंने साम्फि?ा फाउंडेशन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और आश बाल विकास द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए दी जाने वाली सेवाओं की सराहना की। कार्यशाला में साम्फि?ा के सहायक निदेशक एवं कार्यक्रम प्रबंधक बीजू ने बताया कि संस्थान एडी हाइड्रो पावर लिमिटेड, मनाली द्वारा प्रायोजित है और जिला कुल्लू में दिव्यांग बच्चों के लिए फिजियोथैरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी एवं स्पेशल एजुकेशन जैसी सेवाएँ प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन दिव्यांगता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जिले के शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक कार्यक्रमों और त्योहारों में विशेष अभियान चला रहा है।

डॉ अनु ने विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं और उनकी आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित लोगों को थेरेपी सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला के दूसरे सत्र में आश बाल विकास केंद्र की धनेश्वरी ठाकुर ने प्रतिभागियों को दिव्यांगता का अनुभव कराने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियाँ कराईं। इस आयोजन का उद्देश्य दिव्यांगजनों की चुनौतियों को समझना और उनके लिए समाज में समावेशी वातावरण तैयार करना था। यह कार्यक्रम दिव्यांगजनों की समग्र विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को किया मजबूत : विवेक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने सोमवार को बंगाणा में पत्रकार वार्ता के दौरान अपने दस माह के कार्यकाल की उपलब्धियों और योजनाओं को जनता के बीच रखा। विधायक ने कहा कि उनका लक्ष्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। विवेक शर्मा ने स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए बताया कि थानाकलां अस्पताल में दस डॉक्टरों की तैनाती की गई है। इसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ, आथोर्पेडिक डॉक्टर समेत अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल हैं। साथ ही आवश्यक मेडिकल स्टाफ और स्टाफ नर्सों की भी पूरी व्यवस्था की गई है, ताकि क्षेत्रवासियों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि बंगाणा सिविल अस्पताल में चार डॉक्टर तैनात किए गए हैं और वहां दिन-रात एमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके अलावा अस्पताल में सभी प्रकार के खून की जांच की सुविधा भी सुनिश्चित की गई है। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ में बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में भी अहम कार्य किए गए हैं। विधायक ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा दो नए ट्रांसफॉर्मर लगाए जा रहे हैं। इनमें से एक लाठियाणी क्षेत्र में 50 लाख रुपये की लागत से स्थापित किया जा रहा है। इसके अलावा कुटलैहड़ के लगभग 60 परिवारों को राहत देते हुए उनके घरों के ऊपर से गुजरने वाली पुरानी और खतरनाक बिजली तारों को बदला गया है। विवेक शर्मा ने कहा कि जल शक्ति विभाग के तहत पानी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी विधायक ने ठोस कदम उठाए हैं।

उन्होंने बताया कि मुच्छाली जिला परिषद वार्ड की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या को समाप्त करने के लिए 16 करोड़ रुपये की लागत से तर्कवाल से पेयजल योजना की डीपीआर तैयार की गई है और जल्द ही इसका कार्य आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में भी विकास के प्रयास जारी हैं।

इस मौके पर कार्यकारी एसडीएम बंगाणा अमित कुमार, बीडीओ सुशील कुमार, एसडीओ विद्युत उदित, नायब तहसीलदार बंगाणा जितेंद्र शर्मा, सुदेश शर्मा, केसी शर्मा आदि मौजूद रहे।

## जगत नेगी का बयान शर्मनाक, कांग्रेस पाकिस्तान की भाषा बोल रही है: जमवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश के राजस्व मंत्री जगत नेगी ने आज अपने बयान से एक बार फिर साबित कर दिया कि कांग्रेस के नेताओं को न तो राष्ट्रहित की समझ है, न ही भारत की सुरक्षा नीति का सम्मान। जगत नेगी ने कहा कि पाकिस्तान के लोगों को वापिस भेजना और पानी रोकना कोई बड़ी बात नहीं यह बयान सीधे-सीधे पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाने जैसा है और देश के स्वाभिमान पर खुला हमला है। क्या पाकिस्तान को उसके ही घर में घुसकर सबक सिखाना, क्या भारत का जलसंपत्ति पर अपना हक स्थापित करना – ये बातें छोटी हैं? यह वही व्यक्ति कह सकता है जिसने सत्ता के लोभ में देशभक्ति को तिलांजलि दे दी हो। जगत नेगी के इस बयान से यह साफ हो गया है कि कांग्रेस आज भी पाकिस्तान के प्रति नरम रवैया अपनाने वाली पार्टी है। अगर कांग्रेस में जरा भी देशभक्ति बाकी होती, तो ऐसे मंत्री को तुरंत मंत्रिमंडल से बाहर कर दिया जाता। लेकिन कांग्रेस अब अपनी नापाक मानसिकता को उजागर करने से डरती नहीं है। क्या यह वही पार्टी नहीं है जिसने हमेशा पाकिस्तान से दोस्ती की बात की? क्या यही वही पार्टी नहीं है जिसने 26/11 के हमले के बाद भी पाकिस्तान को 'सर्वाधिक प्रिय राष्ट्र्र का दर्जा देने की वकालत की थी? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पहली बार पाकिस्तान के खिलाफ वैश्विक मंचों पर सख्त कदम उठाए हैं।



बालाकोट एयरस्ट्राइक इसका उदाहरण है, जिसने पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को ध्वस्त कर दिया था। फिर भी कांग्रेस के नेताओं को ऐसे बयान देने की आदत है जो पाकिस्तान के आका की भाषा में होते हैं। जगत नेगी का यह कहना कि मोदी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं पर परिणाम नहीं निकलते यह न केवल झूठ है, बल्कि हमारी सेना और सुरक्षाबलों के शौर्य का अपमान भी है। मोदी सरकार ने पाकिस्तान को हर मोर्चे पर घेरा है, और कांग्रेस के नेताओं को यह सब बर्दाश्त नहीं हो रहा। जगत नेगी आज पाकिस्तान के प्रवक्ता की भाषा बोल रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं को यह याद रखना चाहिए कि पाकिस्तान के पक्ष में बोलने से उन्हें कभी भी जनता का समर्थन नही मिलेगा। यह वही कांग्रेस है जो सत्ता में रहते हुए भी अपने दरवाजे पाकिस्तान के लिए खोले रखती है। हमने जगत नेगी से यह पहले भी कहा है, और अब फिर से कह रहे हैं। यदि कांग्रेस पार्टी में एक भी राष्ट्रभक्त सदस्य बाकी है, तो वह तुरंत इस देशद्रोही बयान पर कार्रवाई करें और जगत नेगी को उनके पद से हटा दें। कांग्रेस का यह असली चेहरा अब छुप नहीं सकता।

## ईसपुर में जला दी गेहूं की फसल, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** थाना हरोली के तहत ईसपुर गांव में एक किसान ने चार लोगों के खिलाफ गेहूं की फसल को आग लगाने का आरोप लगाया है। हरोली पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अमृत सैणी निवासी ईसपुर ने बताया कि रविवार शाम को गांव के ही तरूण कुमार ने मेरी कटी हुई गेहूं को जलाने की धमकी दी थी। रात करीब साढ़े बजे घर की छत पर था, देखा कि खेत की कटी हुई गेहूं में आग की लपटें उठ रही थी और तरूण कुमार आग लगाकर मौका से भाग गया।

# बरठीं कस्बे में पुलिस चौकी खोलने की मांग तेज : अमरनाथ धीमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर** : प्रसिद्ध समाजसेवी एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा बिलासपुर अमरनाथ धीमान ने प्रदेश सरकार से बरठीं कस्बे में पुलिस चौकी स्थापित करने की पुरजोर से मांग की है। अमरनाथ धीमान ने बताया कि बरठीं कस्बा झंडूता विधानसभा क्षेत्र का एक प्रमुख व्यवसायिक केंद्र है, जिसके अंतर्गत 10 पंचायतें आती हैं और यहां लगभग 30,000 की आबादी निवास करती है। वर्तमान में इस क्षेत्र के लोगों को अपने पुलिस



संबंधी कार्यों के लिए करीब 20 किलोमीटर दूर स्थित थाना तलाई जाना पड़ता है, जिससे आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में यातायात नियंत्रण की समस्या बनी रहती है, और साथ ही नशाखोरी जैसी सामाजिक बुराई भी तेजी से पैर पसार रही है।

ऐसे में एक पुलिस चौकी की स्थापना न केवल कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी, बल्कि नशे पर अंकुश लगाने में भी सहायक सिद्ध होगी।

अमरनाथ धीमान ने जनहित को ध्यान में रखते हुए सरकार से मांग की कि बरठीं बाजार में शीघ्र पुलिस चौकी खोली जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षा और न्याय तक सहज पहुंच मिल सके।

# हिमाचल में मन की बात का सीधा प्रसारण 7294 बूथों पर सुना : कटवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री मन की बात का सीधा प्रसारण 7294 बूथों पर सुना गया। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने यह प्रसारण नहान जिला कार्यालय में सुना। कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात के माध्यम से अपने संबोधन में आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम भारत के लोगों में जो गुस्सा है, वो गुस्सा पूरी दुनिया में है। इस आतंकी हमले के बाद पूरी

**सीधा प्रसारण**

**प्रदेश सरकार के ऊपर 1 लाख करोड़ से अधिक का ऋण, 1300 करोड़ का और ऋण लिया**

दुनिया से लगातार संवेदनाएँ आ रही हैं। वैश्विक नेताओं ने मुझे फोन भी किया है, पत्र भी लिखे हैं और संदेश भी भेजे हैं। सभी ने इस जघन्य आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदनाएँ व्यक्त की हैं। आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में पूरा विश्व 140 करोड़ भारतीयों के साथ खड़ा है। मैं एक बार फिर पीड़ित परिवारों को भरोसा दिलाता हूँ कि उन्हें न्याय मिलेगा, और न्याय होगा। इस हमले के दोषियों और साजिशकताओं को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। कटवाल ने प्रदेश सरकार के खिलाफ में मोर्चा खोलते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के ऊपर 1 लाख करोड़ से अधिक का ऋण हो गया है। हाल ही में प्रदेश सरकार ने 1300 करोड़ का और ऋण ले लिया है जो कि केवल मात्र प्रदेश में सैलरी और पेंशन को देने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा वैसे तो सैलरी और पेंशन का भुगतान 2000 करोड़ है जिससे साफ दिखता है कि 700 करोड़ की तो अभी भी कमी है। कांग्रेस सरकार में खजाना खाली, सरकार की जेब खाली, मुख्यमंत्री की जेब खाली और यह सरकार केवल खाली खाली सरकार है। यह सरकार जो भी पॉलिसी बनती है वह पूरी तरह विफल हो जाती है उसमें नुकसान ही होता है और आत्मनिर्भर हिमाचल के आड़ में प्रदेश की जनता के ऊपर महंगाई का ढोल बजा रहे हैं। दालें महंगी, राशन महंगा, पानी महंगा, सीमेंट महंगा, सरिया महंगा और इस सरकार में केवल महंगे का बोलबाला है। जहां एक तरफ केंद्र सरकार हिमाचल को राहत प्रदान कर रही है वहां हिमाचल की कांग्रेस सरकार जनता पर आर्थिक बोझ डाल रही है।

# नशा मुक्ति और सड़क सुरक्षा के लिए दौड़ा हरोली, उपमुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** राज्य स्तरीय हरोली उत्सव में सामाजिक जन जागरूकता को लेकर किए जा रहे विविध आयोजनों के क्रम में सोमवार को सडक सुरक्षा और नशा मुक्ति जागरूकता मैराथन कराई गई। प्रदेश के परिवहन और खेल विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस मैराथन को उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। । हिमाचल प्रदेश के सबसे लंबे पुल-हरोली रामपुर पुल पर आयोजित इस दौड़ में लडके-लड़कियों के जूनियर और सीनियर वर्गों में लगभग 200 बच्चों ने हिस्सा लिया। सडक सुरक्षा के



प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और नशा मुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस मैराथन में बच्चों और युवाओं में अद्भुत उत्साह देखने को मिला। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री ने कहा कि हम नशा मुक्त ऊना- नशा मुक्त हिमाचल बनाने के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रहे हैं। राज्य सरकार नशे के खिलाफ सख्त कानून बनाए है और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि इस बार राज्य स्तरीय हरोली उत्सव का थीम ही नशा निवारण रखी गई है। हरोली की धरती से नशे के खिलाफ आंदोलन को गति मिली है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने मैराथन में हर श्रेणी में पहले 6 स्थानों पर रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार से नवाजा। उन्होंने 24 विजेताओं को करीब 25 हजार रुपए के नकद पुरस्कार प्रदान किए।

इस अवसर पर डॉ. आस्था अग्निहोत्री, उप मंडल अधिकारी विशाल शर्मा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अशोक कुमार कलसी, जिला खेल एवं युवा सेवाएं अधिकारी उत्तम डोड, स्थानीय पंचायतों के प्रतिनिधि सुभद्रा चौधरी, रमना देवी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

जूनियर वर्ग में कृष्ण व दिव्या प्रथम

लडकों के जूनियर वर्ग में पहले स्थान पर कृष्ण, दूसरे पर रितिक, तीसरे स्थान पर पुनीत कुमार, चौथे पर लक्ष्य, पांचवें पर अभिषेक कुमार और जाहिद हुसैन छठे स्थान पर रहे। वहीं, लड़कियों के जूनियर वर्ग में दिव्या प्रथम, रितिका वर्मा द्वितीय, पलक तृतीय, वंशिका चौथे,बबीता पांचवें और आशिता छठे स्थान पर रहीं। इसके अलावा लडकों के सीनियर वर्ग में पहला स्थान सरबजोत, दूसरा सौरभ, तीसरा अरुण, चौथा रिहान, पांचवां सावन, और छठा स्थान अनमोल ने हासिल किया। लड़कियों के सीनियर वर्ग में पहले स्थान पर ज्योति बाला, दूसरे पर रवीना, तीसरे पर निधि, चौथे पर नव्या, पांचवें पर वैशाली, और छठे पर नव्या रहीं।

# बिलासपुर में ओमकांत ठाकुर ने अतिरिक्त उपायुक्त का कार्यभार संभाला, विकास और योजनाओं पर फोकस

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** हिमाचल प्रदेश कैडर के 2020 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी ओम कांत ठाकुर ने सोमवार को जिला बिलासपुर में अतिरिक्त उपायुक्त का कार्यभार संभाल लिया है। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इससे पहले ओम कांत ठाकुर ने करसोग और मंडी सदर उपमंडलों में उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) के रूप में कार्य किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद, उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य जिला बिलासपुर में प्रदेश



और केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और विकास परियोजनाओं को त्वरित गति से लागू करना है। वे सुनिश्चित करेंगे कि इन योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचे। एडीसी ओम कांत ठाकुर ने आगे कहा कि सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाएगा, ताकि योजनाओं की प्रभावी निगरानी की जा सके और विकास कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए। विशेष ध्यान ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास पर दिया जाएगा, खासकर ग्रामीण विकास अभिकरण के माध्यम से। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन पारदर्शिता, दक्षता और संवेदनशीलता के साथ काम करेगा। सभी अधिकारी और कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करेंगे और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

# फाईनेंस कमीशन ऑफ इंडिया की बजट को लेकर बैठक में विधायक ने करोड़ों रुपए स्वीकृत की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** फाईनेंस कमीशन आफ इंडिया की चंडीगढ हरियाणा भवन में विकास कार्यों को लेकर बजट देने को लेकर आयोजित वार्षिक बैठक में राई हलका विधायक व पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने हलके की मुख्य समस्याओं को कमीशन से अवगत करवाते हुए उनके समाधान के लिए करोड़ों रुपएं का बजट देने की मांग की। बैठक में हरियाणा के मुख्य सचिव, अन्य अधिकारीगण के अलावा भाजपा व कांग्रेस के कुछ विधायक मौजूद रहे। राई विधायक गहलावत ने फाईनेंस कमीशन को अवगत करवाया कि राई हलका दिल्ली एनसीआर से



लगता हुआ है। लेकिन उसका जो विकास होना था, वह नही हुआ है। समस्याओं, सुविधाओं, विकास, गंदे पानी की निकासी की समस्या, चिकित्सका सुविधा, बिजली व्यवस्था आदि को देखकर नही लगता की राई दिल्ली से लगता हुआ एनसीआर का हिस्सा है। गहलावत ने कहा कि राई हलके में काफी संख्या में एचएसआईआईडीसी कुंडली, राई व अन्य औद्योगिक क्षेत्र है। इसके अलावा बहुत से ऐसे गांव है जिनमें गंदे पानी की निकासी नही है। इसलिए सबसे पहले उद्योगों को सुविधा दी जाएगी, सुविधा मिलने पर उद्योग लगेगे और हलके के युवाओं को रोजगार मिलेगी। उसके साथ ही मुख्य जी टी रोड होने की वजह से वाहन चालकों के अलावा आसपास के गांवों के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के लिए ट्रामा सैंटर के अलावा अलग से बजट दिया जाए, जो राई हलके में सभी समस्याओं के समाधान पर खर्च हो। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि गांवों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुविधा देने के लिए बिजली आपूर्ति लाईन में सुधार व कम वोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिए ट्रांसफार्मर लगाए जाए ताकि बिजली आपूर्ति में सुधार के साथ लोगों को बिजली मिले और उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े। विधायक ने कमीशन को अवगत करवाया कि दिल्ली से सटा होने के कारण राई हलके के गांवों की सभी समस्याओं व सौन्दर्यकरण पर करोड़ों रुपएं खर्चना बहुत जरूरी है। उनकी मांग है कि जल्दी बजट अलाट करके सभी समस्याओं का समाधान किया जाए। विधायक कृष्णा गहलावत ने बताया कि कमीशन की बजट को लेकर बैठक में सभी समस्याओं से अवगत कराने के साथ उन्हें बजट मिलने का आश्वाशन मिला है।

# नशीला पदार्थ रखने के एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जिला पुलिस ने** नशीला पदार्थ रखने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में एंटी नारकोटिक सैल ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप मे अजय कुमार वासी गांधीनगर थानेसर कुरुक्षेत्र को काबू करके उसके कब्जे से 25.06 ग्राम हैरोइन बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 27 अप्रैल 2025 को एंटी नारकोटिक सैल के सहायक उप निरीक्षक सुखबीर सिंह, पवन कुमार, ईएसआई जगपाल, मुख्य सिपाही प्रदीप कुमार, नवीन कुमार व गाड़ी चालक प्रवीन कुमार की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में



सर्कट हाऊस चौंक के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि अजय कुमार वासी गांधी नगर थानेसर कुरुक्षेत्र हैरोईन/स्मैक बेचने का काम करता है। आज भी अजय कुमार बस में उतरप्रदेश से हैरोईन/स्मैक लेने के लिये गया हुआ है और उतरप्रदेश से हैरोईन/स्मैक लेकर वापिस नया बस अड्डा कुरुक्षेत्र पर बस से उतरकर थ्री व्हीलर में बैठकर गांधीनगर थानेसर जायेगा। अगर तुरंत नया बस अडडा कुरुक्षेत्र के मेन गेट के पास नाकाबन्दी की जाये तो अजय कुमार काबू आ सकता है और उससे काफी मात्रा में हैरोईन/स्मैक बरामद हो सकती है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नया बस अडडा कुरुक्षेत्र के मेन गेट के पास पहुंचकर निगरानी शुरू कर दी। मौका पर राजपत्रित अधिकारी सत्यवीर सिंह ईटीओ कुरुक्षेत्र को बुलाया गया। कुछ देर बाद पुलिस टीम को एक लड़का पैदल-पैदल आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम ने शक के आधार पर लडके को काबू करके उसका नामपता पूछने पर उसने अपना नाम अजय कुमार वासी गांधीनगर थानेसर कुरुक्षेत्र बताया।

## न्यूज फ्लैश

### दिशा की तीसरी बैठक में होगी सभी योजनाओं की प्रगति समीक्षा : धर्मवीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः जिला विकास** समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की तीसरी बैठक 1 मई को लघु सचिवालय, कुरुक्षेत्र के सभागार में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता कुरुक्षेत्र के सांसद श्री नवीन जिन्दल करेंगे। उपरोक्त जानकारी सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने देते हुए कहा कि सभी विभागीय अधिकारियों को बैठक का एजेंडा भेजा जा चुका है। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि वे अपने विभागों से संबंधित एक्शन टेकन रिपोर्ट (अळफ) शीघ्र प्रशासन को उपलब्ध कराएं तथा बैठक में समुचित तैयारी के साथ भाग लें। उन्होंने बताया कि बैठक में केंद्र एवं राज्य प्रायोजित तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सांसद श्री नवीन जिन्दल ने अपेक्षा व्यक्त की है कि सभी अधिकारी अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करते हुए इस बैठक में पूरी तैयारी के साथ पहुंचे ताकि विकास कार्यों में गति लाने हेतु ठोस रोड़-मैप बनाया जा सके।

### 31 विद्यार्थी युवा पर्यावरण प्रहरी पुरस्कार-2025 से सम्मानित

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) देशबंधु** गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में इको क्लब के अंतर्गत युवा प्रकृति प्रहरी पुरस्कार सम्मान समारोह-2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि प्रिंसिपल डॉ सुभाष चंद्र जागलान और विशिष्ट अतिथि उप-प्राचार्या डॉ रितु नेहरा शामिल हुई। कार्यक्रम का संचालन ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार अध्यक्ष इको क्लब के द्वारा किया गया। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि इको क्लब के अंतर्गत विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व और भविष्य के लिए यह कितना जरूरी है ये प्रति जागरूक किया जाता है। इको क्लब के अंतर्गत पूरे वर्ष इन पर्यावरण प्रहरियों ने पौधारोपण, श्रमदान अभियान, अन्य लोगो को जागरूक करके समाज व राष्ट्र हित में रोल निभाया है। ग्रीनमैन ने कहा कि इको क्लब के तहत हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक लोगो का पर्यावरण जैसे गम्भीर मुद्दे की तरफ ध्यान दिलाना है। ये पर्यावरण प्रहरी भविष्य में भी समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति दीपक दिखाते रहेंगे। प्रिंसिपल सुभाष चंद्र जागलान ने कहा कि ग्रीनमैन दलजीत कुमार ने पर्यावरण बचाने की एक अच्छी मुहीम की शुरूआत की है उसे छात्रों ने मिलकर एक जन आंदोलन का रूप दिया है। उन्होंने इस मुहीम को पुरे देश व प्रदेश में पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि हम सबको अधिक से अधिक पौधे रोपित करने होंगे। इको क्लब के तहत 31 विद्यार्थियों और 10 स्टॉफ सदस्यों को सम्मानित किया। इस दौरान डॉ नरेश कुमार, डॉ बृजेश बराड़, डॉ दलबीर देसवाल, डॉ पूजा रानी, डॉ श्रीराम शर्मा,तकदीर सिंह, ज्योति, रविन्द्र, वीरेंद्र सहित इको क्लब के विद्यार्थी मौजूद रहे।

### पानीपत ग्रामीण की भाजपा बबैल मंडल की टीम गठित हुई

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) भारतीय जनता** पार्टी द्वारा प्रदेश में मंडलों का गठन किया जा रहा है इसी क्रम में जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट ने शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा व शीर्ष नेतृत्व से विचार विमर्श करके पानीपत ग्रामीण बबैल मंडल का गठन किया गया, जिसमें जसविंदर चहल को मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र बालियान को उपाध्यक्ष प्रमोद कश्यप उपाध्यक्ष परमजीत सिंह सग्गु उपाध्यक्ष दीपक उपाध्यक्ष चितरंजन पराशर उपाध्यक्ष सुनीता कश्यप महामंत्री बिजेंद्र पांचाल महामंत्री सचिन पाल सचिव सुनील प्रजापत सचिव ममता पंवार सचिव कुलदीप कश्यप सचिव सुनेश बराना सचिव विनोद चंदेला कोषाध्यक्ष हेमंत रोहिला सह कोषाध्यक्ष नीरज पांचाल मीडिया प्रभारी नीरज कुमार सह मीडिया प्रभारी विक्की अहलावत आई टी सेल संदीप पंवार सह आई टी सेल बनाए गए! मंडल अध्यक्ष सहित पूरी टीम ने हरपाल ढांडा से मिलकर टीम गठन की बधाई दी!।

# नौकरी करते हुए भी सीखते रहें : मंजरी जरूहार

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
बिहार की पहली महिला आइपीएस अफसर मंजरी जरूहार ने सफलता के लिए मंत्र दिया कि बिना पढ़ाई के आगे नहीं बढ़ा जा सकता। अगर आपने जॉब हासिल कर ली है या फिकर स्कवरोजगार कर रहे हैं, तब भी आपको बदलते वक्कत के अनुसार अपडेट रहना होगा। इससे आप जीवनभर युवा रहेंगे और सबसे आगे भी निकलते जाएंगे। मंजरी जरूहार यहां पानीपत इंस्कटीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्कनॉलोजी (पाइट) में बीबीए विभाग के बुक्कस एंड बैंटर्स क्कलब की ओर से आयोजित बुक रीडिंग सेशन में पहुंची थीं।



उन्कहोंने क्कलब के छात्र-छात्राओं को सम्कमानित भी किया।
मंजरी जरूहार ने कहा कि नॉलेज ही पावर है। अगर आपके पास नॉलेज नहीं है तो पिछड़ जाएंगे। वक्कत के साथ तकनीक बदलती है। अब आप एआइ यानी आर्टिफिशल इंटेलीजेंस के दौर में हैं। अगर आपने इसके बारे में नहीं सुना या इस पर काम नहीं किया तो पीछे रह जाएंगे। जिंदगी में चुनौतियां तो आएंगी। आपको इनका सामना करते हुए सीखते जाना है। मंजरी जरूहार सीआइएसएफ से स्कपेशल डायरेक्कटर जनरल रिटायर हुई हैं। उन्कहोंने अपनी ऑटोबायग्राफी मैडम सर लिखी है। इसी में से कुछ किस्कसों को पढ़कर सुनाया।

**मानवता के लिए तोड़ सकते हैं नियम**

मंजरी जरूहार ने बिहार में एसपी रहते हुए अपने कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया। उन्कहोंने कहा कि कई बार नियम को तोड़कर आपको मानवता के लिए काम करना पड़ता है। जब आप ऐसा करते हैं तो सरकार भी आपका साथ देती है। इसके साथ ही उन्होंने जोड़ा कि सिविल सर्विस में राजनीतिक दबाव में न आएं। ईमानदारी से अपना काम करें।

# रिफ्रेसर कोर्स कार्यक्रम का किया जा रहा है आयोजन

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) हरियाणा सरकार के** पंचायती राज विभाग द्वारा प्रत्येक जिले में सरपंचो के लिए रिफ्रेसर कोर्स कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पानीपत जिले में जयप्रकाश नारायण, पंजाब नेशनल बैंक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, गांव सिवाह, चौटाला रोड, नजदीक गोशाला पानीपत में जिला पानीपत के सरपंचों के लिए हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी के तत्वाधान में रिसोर्स पर्सन संजय कुमार एवं नारायण दत्त ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 के तहत ग्राम पंचायत, ग्राम सभा के बारे में विस्तार से बताया। यह दो दिवशीय रिफ्रेशर कार्यक्रम जिला पानीपत में 28 अप्रैल 2025 से 8 मई 2025 तक चलेगा। सभी सरपंचों ज्यादा से ज्यादा भाग लें। सीईओ जिला परिषद डॉ. किरण सिंह ने सरपंचों को सम्बोधित करते हुए प्रशिक्षण का महत्व बताया एवं सभी सरपंचों को अधिक से अधिक संख्या में पहुँच कर इस कार्यक्रम का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। महिला सरपंच प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें घूँघट से निकल कर ग्राम पंचायत के विकास के लिए डटकर काम करने का सन्देश दिया। उन्होंने इस मौके पर पहुँच कर खाने की गुणवत्ता का निरिक्षण किया।

# विद्यार्थियों ने वुशु प्रतियोगिता में हासिल किए 6 गोल्ड मैडल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : देशभर में संचालित** श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से श्रीमती केसरी देवी जयराम पब्लिक स्कूल एवं न्यू जयराम सैनिक स्कूल के विद्यार्थी शिक्षा के साथ खेलों में भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर रहे है। विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम स्टेडियम में आयोजित 18 वीं जिला स्तरीय सब जूनियर यूथ सीनियर मैन एंड वूमेन वुशु चैंपियनशिप 2025-26 में भाग लिया। पी टीआई एवं वुशु कोच योगेश ने बताया कि सब जूनियर प्रतियोगिता में 28 किलोग्राम भार वर्ग में अवनी, 26 किलोग्राम भार वर्ग में मयंक, 39 किलोग्राम भार वर्ग में भारती, 42 किलोग्राम भार वर्ग में पावनी, 28 किलोग्राम भार वर्ग में कमल और 39 किलोग्राम भार वर्ग में सागर ने अपने-अपने वर्ग में गोल्ड मैडल हासिल किया है। स्कूल प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी और राज्य स्तर पर अच्छे खेल प्रदर्शन का आशीर्वाद दिया। सभी विद्यार्थी झज्जर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर पीटीआई शिक्षिका बबीता शर्मा भी विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए मौजूद रही।

# लिटिल मिलेनियम स्कूल में भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा के साथ मनाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : लिटिल मिलेनियम स्कूल में भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय को रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक सजावट से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। छोटे-छोटे बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में भगवान परशुराम के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों ने नृत्य, गीत और लघु नाटिका के माध्यम से भगवान परशुराम के शौर्य, पराक्रम



और ज्ञान का संदेश सभी को दिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी परशुराम जी के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक कहानियाँ सुनाईं, जिससे बच्चों में धर्म, सत्य और कर्तव्यनिष्ठा के प्रति जागरूकता बढ़ी। विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें सिखाता है कि अन्याय और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष करना चाहिए और सदैव सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए।

# नेहा शर्मा ने ऊर्जा मंत्री के प्रतिनिधि से आशीर्वाद लिया

**पानीपत , (कमाल हुसैन ) केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री** मनोहर लाल के पानीपत प्रतिनिधि के कार्यालय में पानीपत भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नेहा शर्मा ने ऊर्जा मंत्री के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा से आशीर्वाद लिया इस अवसर पर भाजपा नेता गजेन्द्र सलूजा ने कहा कि यूं तो भाजपा की केंद्र ० प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं इन योजनाओं का लाभ भी महिला समाज को मिला है महिलाओं के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी हैं महिला सशक्तिकरण को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए पार्टी हाई कमान ने अनेक जिलों के महिला मोर्चा अध्यक्ष नियुक्त की हैं।

# लू और गर्मी से बचाएंगे आयुर्वेदिक पेयः सत्तू शरबत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : हरियाणा में** अधिकतम तापमान 40 डिग्री से पार पहुंच गया है। आसमान से आग बरस रही है। लू से लोग बेहाल हैं। बढ़ती गर्मी को देखते हुए सरकार ने भी लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। ऐसे में श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के योग विभाग की चेयरपर्सन प्रोफेसर वैद्य शीतल सिंगला ने भीषण गर्मी और हीटवेव से बचाव के लिए आयुर्वेद में कई प्रभावी उपाय और पारंपरिक पेय सुझाए हैं। उनका कहना है कि गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडा रखने और ऊजार्वान बने रहने के लिए प्राकृतिक और संतुलित उपायों को अपनाना चाहिए।

**हाइड्रेटेड रहना सबसे महत्वपूर्णःडॉ. शीतल**

डॉ. शीतल ने कहा कि गर्मियों में शरीर को हाइड्रेट रखना जरूरी है। पानी के अलावा छाछ, नारियल पानी और ताजे फलों के रस का सेवन तरलता बनाए रखने और गर्मी से राहत दिलाने में मददगार होता है। नींबू पानी भी शरीर की गर्मी को कम करता है। यही नहीं, गर्मी के मौसम में भारी और तैलीय भोजन से परहेज करें। इसकी बजाय हल्का,जल्दी पचने वाला भोजन लेना शरीर को अतिरिक्त गर्मी से बचाता है।

**आयुर्वेद में बताए गए ठंडक देने वाले प्राकृतिक पेय**

आयुर्वेद के अनुसार, निम्बूक फल पानक (नींबू रस, चीनी पानी और काली मिर्च से बना पेय), आम्र पानक (कच्चे आम से बना शरबत),चिंचा पानक (इमली आधारित पेय) जैसे पारंपरिक पेय गर्मी से बचने में बेहद प्रभावी हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि ये पेय शरीर को शीतलता प्रदान करते हैं और हीटवेव के असर को कम करते हैं। डॉ.शीतल का कहना है कि जिन लोगों को एसिडिटी की दिक्कत रहती हो उन्हें चिंचा पानक से परहेज करना चाहिए।

**सत्तू शरबत से पाएं ताजगीः डॉ. सिंगला**

डॉ. सिंगला ने बताया कि चना,जौ और गेहूं के सत्तू से बने शरबत गर्मियों में विशेष रूप से लाभकारी माने जाते हैं। मीठे या नमकीन सत्तू शरबत न सिर्फ ऊर्जा प्रदान करते हैं,बल्कि शरीर को लंबे समय तक ठंडा भी रखते हैं। उन्होंने बताया कि रागी से बनी खीर भी गर्मियों में एक बेहतर विकल्प है। यह ठंडक देने के साथ-साथ फाइबर और आवश्यक पोषक तत्वों का भी अच्छा स्रोत है।

**त्वचा की देखभाल भी जरूरीः डॉ. सिंगला**

डॉ. सिंगला ने गर्मियों में त्वचा को ठंडा रखने के लिए चंदन और ग्वारपाठा (एलोवेरा) से बने लेप लगाने की सलाह दी।

# विधायक कादियान ने जनता दरबार लगा सुनी समस्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** शिक्षा विभाग पार्ट-टाइम सफाई कर्मचारी एसोसिएशन चतुर्थ श्रेणी के बैनर तले कर्मचारियों ने हलका विधायक देवेंद्र कादियान को उनके कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रवीन तेवड़ी, सुनील कुमार, दीपक, गोविंद, सुभाष, कृष्ण, अमित सनपेड़ा, संदीप आदि ने बताया कि वे सरकारी स्कूलों में 10 से 20 साल से अस्थायी तौर पर कार्यरत हैं। संघ की मांग है कि विभागीय नीति के अनुसार पार्ट टाइम कर्मचारियों को नियमित किया जाए। कर्मचारियों ने बताया कि साल 2012 और 2018 के बीच कुछ पार्ट टाइम कर्मचारियों को नियमित किया गया था। उसके बाद से अब तक किसी को नियमित नहीं किया गया। मांग की गई कि जिन पार्ट टाइम कर्मचारियों का निधन हो गया या जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनके परिवार को आर्थिक सहायता या रोजगार दिया जाए। जो स्कूल मर्ज किए गए हैं, उनके कर्मचारियों को अन्य स्कूलों में समायोजित किया जाए। विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को अपने निजी कार्यालय पर जनता दरबार लगाया। लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। इस मौके पर लोगों ने राशन कार्ड, बुढ़ापा पेंशन, साफ-सफाई जैसी समस्याएं रखीं।

# सरस्वती नदी को लेकर सरस्वती हेरिटेज बोर्ड की मीटिंग हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : हरियाणा सरस्वती** बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि सरस्वती नदी को लेकर राजस्थान सरकार की पहल पर एक मीटिंग सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के साथ बिरला विज्ञान अनुसंधान संस्थान जयपुर में एक बैठक का आयोजन किया। हरियाणा सरस्वती बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि सरस्वती नदी को लेकर राजस्थान सरकार की पहल पर एक मीटिंग सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के साथ बिड़ला इंस्टीट्यूट जयपुर में हुई जिसमें राजस्थान गवर्नमेंट के इरीगेशन मंत्री सुरेश रावत



शामिल हुए और सरस्वती बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धुमन सिंह किरमच व बिरला विज्ञान अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर महावीर पूनिया व वर्चुअल जुडके वाले अधिकारी इसरो के रिटायर्ड मुख्य सामान्य प्रबंधक डॉक्टर जे आर शर्मा और डॉक्टर बी के भद्रा डॉक्टर सुल्तान सिंह प्रोफेसर एच. एस. शर्मा डॉक्टर एस. सी. धीमान पूर्व अध्यक्ष सी जी डब्ल्यू बी व विभिन्न वैज्ञानिक शामिल हुए। जिसमें सरस्वती नदी को हरियाणा के तर्ज.पर राजस्थान में बहाने को लेकर एक प्लान इरीगेशन राजस्थान निष्ठा के साथ बना रहा है। इसका प्रपोजल सरस्वती बोर्ड हरियाणा के द्वारा रखा गया जिसमें प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश सिंह रावत ने इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने की बात कही और इस प्रोजेक्ट को प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल के समक्ष रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी इस क्षेत्र में युगों युगों से बहती थी और अब इस नदी को धरातल पर लाने का काम हरियाणा के साथ राजस्थान सरकार ने शुरू किया है। अभी तक राजस्थान में पुष्कर झील गुजरात का सिद्धपुर बड़ा क्षेत्र सरस्वती के पैलियो चैनल पर आता है। यह हरियाणा से हनुमानगढ़ अनूपगढ़ से होते हुए कच्छ का रण में गिरती थी। इसके ऊपर भी दोनों सरकारें मिलकर काम करना चाहती है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी भी इस प्रोजेक्ट में काम करने के के लिए आदेश कर चुके हैं और राजस्थान सरकार की इच्छा शक्ति इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ा सकती है और राजस्थान के सूखे क्षेत्र को हरा भरा बनाने में बहुत बड़ा काम कर सकती है। उन्होंने कहा कि इस बैठक में मुख्य मुख्य बिंदुओं पर चर्चा हुई जिस तरह से झेलम,रावी ब्यास सतलुज का पानी हरियाणा पंजाब राजस्थान की नदियों को दिया जा सकता है॥

# वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीड कालवा में छात्रों ने किया पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : आज राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीड कालवा में इको क्लब लाइफ मिशन के तहत स्कूल में प्रधानाचार्य,स्टाफ सदस्यों व छात्रों द्वारा पौधारोपण किया गया। प्रधानाचार्य श्री ज्ञानचंद सैनी जी ने बताया कि पौधों का जीवन में कितना महत्व है । पौधे हमें जीवन देते हैं । अगर पौधे न हो तो हमारा जीवन असंभव है । पेड़ पौधे हमें ऑक्सीजन देते हैं । अगर पेड़ पौधे ना हो तो इससे वर्षा भी प्रभावित होती है । जहां पर पेड़



पौधे ज्यादा है वहां पर वर्षा होती रहती है । इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए। हर व्यक्ति को अपने जीवन काल में कम से कम एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए ।इस मौके पर डॉक्टर संजीव कुमार, दिनेश कुमार,अशोक कुमार, ममता सैनी ,पूनम सैनी, रेखा छाबडा ,अंजू शर्मा, राकेश कुमार, कृष्ण कुमार, राजेश शास्त्री,एकता, राकेश कश्यप, नवीन सैनी ,पंकज कुमार, वैशाली, प्रवीण कुमार स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# नरेला: पहलगाम नरसंहार के खिलाफ गुरुकुल खेड़ा में रोष प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: जम्मू-कश्मीर** के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए भीषण आतंकी हमले के विरोध में केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में दिल्ली देहात के गुरुकुल खेड़ा खुर्द में सोमवार को एक जोरदार रोष प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस प्रदर्शन में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और आतंकवादियों को फांसी देने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां और राष्ट्रीय ध्वज लिए थे, जिन पर आतंकवादियों को फांसी दो, पाकिस्तान मुदार्बाद, और कश्मीर को बचाओ जैसे नारे लिखे थे। प्रदर्शनकारियों ने मोमबत्ती जलाकर शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी और




पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। स्थानीय निवासियों की भारी भागीदारी ने इस आयोजन को और प्रभावशाली बनाया। गुरुकुल खेड़ा में आयोजित यह प्रदर्शन न केवल पहलगाम नरसंहार के खिलाफ आक्रोश का प्रतीक है, बल्कि देश की एकता और आतंकवाद के खिलाफ सामुदायिक संकल्प को भी दशार्ता है। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद ने भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों के माध्यम से जागरूकता फैलाने और शांति की अपील जारी रखने का संकल्प लिया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा, यह घटना पूरी मानवता को शर्मसार करने वाली




है। निहत्थे और निर्दोष लोगों की हत्या एक कलंक है। हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि आतंकवादियों को तत्काल फांसी की सजा दी जाए और कश्मीर में शांति बहाल करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उनके इस बयान ने प्रदर्शन को और गर्मजोशी प्रदान की। गुरुकुल खेड़ा के प्रधान चौधरी ब्रह्म प्रकाश मान ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा, इसकी जितनी निंदा की जाए, कम है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज हिंदू होने के कारण अपने ही देश में हत्याएं हो रही हैं। यह देश की एकता और संस्कृति पर हमला है। प्रदर्शन में शामिल अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस हत्याकांड की भर्त्सना की और कठोर कार्रवाई की मांग की। आचार्य सुधांशु, धर्म पाल आर्य, सुरेश आर्य, सूर्य देव आर्य, सौरभ गुप्ता और अवधेश प्रताप सिंह ने अपनी बात रखते हुए आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं कश्मीर की शांति और पर्यटन को नष्ट करने की साजिश हैं। दिल्ली प्रदेश के महामंत्री अरुण आर्य ने प्रदर्शन का संचालन किया और लोगों को इस मुद्दे पर जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा, हम सबको मिलकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ना होगा और देश की एकता को मजबूत करना होगा।
प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय युवक आर्य परिषद के पदाधिकारियो समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संघ ने महापौर से गांवों के हाउस टैक्स माफ करने की मांग तेज की: थान सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली पंचायत** संघ ने दिल्ली के नवनिर्वाचित महापौर और उपमहापौर को बधाई देते हुए उनसे दिल्ली देहात और गांवों के लंबित मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है। संघ ने विशेष रूप से हाउस टैक्स माफी के पुराने संघर्ष को पूरा करने की मांग की।
पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि दिल्ली के ग्रामीण इलाकों को वर्षों से उनकी वाजिब मांगों से वंचित रखा गया है। आपने भी गांवों के हित में हाउस टैक्स माफ करने की बात की थी। अब दिल्ली देहात की जनता को राहत देने का समय आ गया है। दिल्ली



पंचायत संघ लंबे समय से दिल्ली के सभी गांवों को मालिकाना हक देने हाउस टैक्स कन्वर्जेंस चार्ज और पार्किंग शुल्क से पूर्णतः मुक्त करने गांवों को भवन उपनियमों से बाहर रखने रोजगार सृजन के लिए गांवों को व्यावसायिक श्रेणी में शामिल करने और नगर निगम की नौकरियों में ग्रामीण युवाओं के लिए सौ फीसद आरक्षण की मांग करता आ रहा है। थान सिंह यादव ने कहा कि दिल्ली के गांवों का ऐतिहासिक और सामाजिक योगदान हमेशा महत्वपूर्ण रहा है, लेकिन सरकारी नीतियों में गांवों को हाशिए पर रखा गया। उन्होंने कहा कि अब जब निगम में नई नेतृत्व टीम आई है तो ग्रामीणों को उम्मीद है कि वर्षों से लटके हुए मुद्दों पर अमल होगा और गांवों को उनका हक मिलेगा। पंचायत संघ ने महापौर और उपमहापौर से अनुरोध किया कि वे इस मुद्दे को प्राथमिकता दें।

## कवियत्री संध्या नवोदिता को मिला शीला सिद्धांतकर स्मृति सम्मान-2024

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** साहित्य अकादमी, रविंद्र भवन के सभागार में दिवंगत क्रांतिकारी कवियत्री शीला सिद्धांतकर स्मृति सम्मान-2024 के वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर नित्यानंद तिवारी की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा युवा कवयित्री संध्या नवोदिता के काव्य संग्रह 'सुनो जोगी एवं अन्य कविताएं' का चयन कर पुरस्कृत किया।
कार्यक्रम की शुरूआत वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर शिवमंगल सिद्धांतकर ने करते हुए कहा कि आज कृत्रिम मेधा के
दौर में मनुष्यता की पहचान की अहम भूमिका में संध्या नवोदिता की कविताएं मील का पत्थर हैं। उनके लेखन में विविधता है,



इसलिए यह पुरस्कार के योग्य पाई गई। उनके लेखन को आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने अपना वक्तव्य खत्म किया। इस कार्यक्रम का साहित्यकार एवं संस्था के सचिव ज्योतिष जोशी ने मंच संचालन करते हुए भेंट किये जाने वाले प्रशस्ति पत्र में स्त्री समाज के दबे सवालों को उकेरती निःसंदेह संध्या नवोदिता की धारदार कविताएं हैं। जो सुनो जोगी के माध्यम से कही गई है।
मुख्य वक्ता कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आशुतोष कुमार ने अपनी बात रखते हुए संध्या जी को महिला समाज की जागरूक लेखनी बताया। प्रेम के विभिन्न रूप उनकी कविताओं केअलग से दिखाई देते हैं। कवियत्री संध्या नवोदिता ने इस उत्कृष्ट पुरस्कार के चयन के लिए चयन समिति का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि वह शीला जी की कविताओं से बेहद प्रभावित हैं। उन्होंने अपने लेखन में प्रयास किया है उनकी परंपराओं को लगातार आगे ले जाने का, कुछ कविताओं का पाठ भी किया गया जिसकी सभी उपस्थित विद्वानों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया ।
कार्यक्रम में उपस्थित समकालीन देशज के संपादक आशुतोष राय, सौरभ सिंह क्रांतिकारी, कलमकार राजवर्त, नरेश गुप्ता, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट अरुण मांझी, सामाजिक कार्यकर्ता कामरेड नरेंद्र, श्रीनाथ, उदित नारायण, विज्ञान पत्रकार वाई एस गिल, ट्रेड यूनियन नेता पीके शाही आदि थे। कार्यक्रम के संयोजक ज्ञानचंद बागड़ी ने कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों का शुक्रिया अदा करते हुए समापन की घोषणा की।



राजा इकबाल सिंह को दिल्ली नगर निगम का मेयर बनने पर बधाई देते हुए सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब।

## यमुना की सफाई के प्रति अधिकारियों के ढुलमुल रवैये पर परिषद में खासी नाराजगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: यमुना नागरिक** परिषद, सिटीजन कौंसिल फॉर यमुना, यमुना की सफाई व आसपास के क्षेत्र का सौंदर्यीकरण कर पाने में विफल रहने पर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र ही कारण बताओ नोटिस शो कॉज नोटिस भेजेगी। साथ ही इस कार्य में देरी और लापरवाही करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की माँग करेगी। यह फैसला आज शनिवार को यमुना नागरिक परिषद की बैठक में लिया गया। बैठक में यमुना स्वच्छ कार्य योजना के क्रियान्वयन और राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण एनजीटी द्वारा निर्देशित विभिन्न गतिविधियों की समय सीमा की उपलब्धियों की समीक्षा की गई।
परिषद के प्रमुख डॉ प्रेम अग्रवाल ने नवगठित दिल्ली की भाजपा सरकार की यमुना नदी की सफाई को लेकर गंभीरता व सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और जल संसाधन मंत्री प्रवेश वर्मा ने एनजीटी के निदेर्शों को समय सीमा में पूरा करने के जो निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए हैं वे बेहद सराहनीय हैं।

## नवनिर्वाचित डिप्टी मेयर जयभगवान यादव का शिक्षक संघ ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** नगर निगम के नवनिर्वाचित उप महापौर जयभगवान यादव का राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ तथा अध्यापक शक्ति मंच द्वारा भव्य स्वागत किया गया।
इस अवसर पर समस्त शिक्षक समाज की ओर से उन्हें नए पद पर नियुक्ति के लिए हार्दिक बधाइयाँ और शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं। जीएसटीए के महासचिव अजय वीर यादव ने बताया कि जयभगवान यादव स्वयं भी नगर निगम में शिक्षक के पद पर कार्यरत रहे हैं। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने नगर निगम



शिक्षक संघ के महासचिव के रूप में शिक्षकों के हितों की रक्षा हेतु उल्लेखनीय कार्य किए। उनकी लोकप्रियता और सेवा-भावना को देखते हुए उनके निर्वाचन क्षेत्र की जनता ने उन्हें लगातार तीसरी बार निगम पार्षद के रूप में चुना। इस बार दिल्ली नगर निगम के समस्त निर्वाचित पार्षदों ने उन्हें उप महापौर डिप्टी मेयर पद हेतु निर्विरोध चुना। यह समस्त शिक्षण समाज के लिए अत्यंत गौरव की बात है कि एक शिक्षक इस उच्च पद पर आसीन हुआ है।

## कन्या गुरुकुल में पर्यटकों को दी गई श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: पहलगाम में** पर्यटकों पर हुए हमले के विरोध में देश में जगह-जगह श्रद्धांजलि दी जा रही हैं और आतंकवादियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी कडी में कन्या गुरुकुल नरेला में भी 28 पर्यटकों सहित शहीद हो रहे सैनिकों को हवन करके और श्रद्धा सुमन अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई और सरकार से सख्त कार्रवाई करने की मांग की। यह कार्यवाही देश और कश्मीरियों के हित में होगी।
पर्यटकों की हत्या के बाद कश्मीरियो के द्वारा भी कश्मीर को बंद करके आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश देने का प्रयास किया है। कुछ कट्टरपंथियों और



राजनीतिकों को छोड़कर कश्मीरी भी अब यह समझ रहे हैं कि आतंकवाद हमारे विकास में बधा है।
इसी से घबराकर आतंकवादी और पाकिस्तान बौखलाया हुआ है ऐसी घटना करके कट्टरपंथियों का हौसला अफजाई कर रहा है। जिससे वह संगठित होकर भारत सरकार के खिलाफ कार्रवाई कर सकें। कन्या गुरुकुल नरेला के द्वारा रविवार को हवन करके पर्यटकों को श्रद्धांजलि के साथ सरकार से उचित कार्रवाई करने की मांग की गई। जिससे आतंकवादियों और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके और भारत के मुकुट कश्मीर में शांति स्थापित हो सके।
इस अवसर पर मातृशक्ति में सीमा जटराणा, सविता आर्य प्रधानाचार्य गुरुकुल, सरोज आर्य आदि सहित कन्या गुरुकुल की अध्यापिकाएं ,छात्राएं उपस्थित थी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ हरपाल सिंह जटराणा, संयोजक शहीद सम्मान अभियान दिल्ली और आयोजन सोमवीर शास्त्री महामंत्री कन्या गुरुकुल सहित स्वामी आनंद स्वरूप रामहेर प्रधान, श्रीकृष्ण लाल छिकारा ,मास्टर दिनेश आर्य, शास्त्री रामपाल आर्य, अनिल मलिक प्रेमपाल, रॉकी राणा आदि व्यक्ति उपस्थित थे।

## रोहिणी: सरकार पीड़ितों के साथ, हरसंभव मदद कराएंगे मुहैया: रविन्द्र इंद्राज सिंह

**तीरथ राज/टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने सोमवार को रोहिणी के सेक्टर-17 में आग से प्रभावित शाहबाद डेयरी क्षेत्र की झुग्गियों का दौरा किया। उन्होंने पीड़ितों से मिलकर संवेदनाएँ प्रकट कीं। रविन्द्र इन्द्राज ने पीड़ितों को भरोसा दिलाया की, सरकार उनके साथ खड़ी है और हर संभव सहायता मुहैया कराई जाएगी। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि घायलों के इलाज का समुचित प्रबंध किया



जा रहा है। एसडीएम व अन्य संबंधित अधिकारियों ने मौके पर आकर राहत कार्यों का समन्वय किया है। मोबाईल शौचालय, मेडिकल सहायता और भोजन की व्यवस्था मौके पर उपलब्ध कराई जा रही है। विस्थापित परिवारों को नजदीकी स्कूलों में बनाए गए अस्थायी आश्रयों में शिफ्ट किया जा रहा है, जहाँ उनकी सभी जरूरतों का ध्यान रखा जा रहा है।
रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि मैं खुद पल-पल की स्थिति पर नजर रख रहा हूँ और यह सुनिश्चित कर रहा हूँ कि सभी प्रभावित परिवारों को समय पर मदद और पुनर्वास मिले। दिल्ली सरकार और हमारी यशस्वी मुख्यमंत्री इस कठिन घड़ी में पूरे संकल्प के साथ हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।

## भगवान परशुराम जी के दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम उन्नत समाज का निर्माण कर सकेंगे: आदेश भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भगवान श्री परशुराम** गौड़ ब्राह्मण सभा पंजी. अटेली रेवाड़ी ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया। संस्था के अध्यक्ष एलसी जोशी ने कार्यक्रम में न सिर्फ क्षेत्र बल्कि देश के विभिन्न क्षेत्रों से ब्राह्मण समाज के कई नामचीन लोगों को आमंत्रित कर इस कार्यक्रम को एक विशाल आकर देने का काम किया। इस कार्यक्रम में दिल्ली की कई ब्राह्मण संस्थाओं से जुड़े और करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने भी शिरकत कर




अलग अलग क्षेत्रों के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कमाना की। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने समाज को सामाजिक अखंडता का संदेश देते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज की पहचान हमेशा से समाज को एकजुट कर लोक कल्याण कार्य करने की रही है और इसी पहचान को बनाए




रखना आज हमारे लिए एक अहम जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि शास्त्रों में ब्राह्मण के लिए 6 कार्य निहित किए गए हैं। शिक्षा लेना, शिक्षा देना, दान देना, दान लेना, यज्ञ करवाना, यज्ञ करना और मुझे बहुत खुशी है कि आज भी समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग इस परंपरा को तन्मयता से निभा रहा है।

## अश्वनी कुमार के व्यक्तित्व-कृतित्व पर आधारित टू मीडिया पत्रिका का हुआ लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के प्रेस** क्लब ऑफ इंडिया में टू मीडिया समूह और पर्पल पेन संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक गरिमामय समारोह में अश्वनी कुमार के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित टू मीडिया पत्रिका का लोकार्पण बड़े धूमधाम से सम्पन्न हुआ।
कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध शायर मासूम गाज़ियाबाद ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रामकिशोर उपाध्याय, वसुधा 'कनुप्रिया' और ओमप्रकाश प्रजापति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन कुशलतापूर्वक



सुषमा शैली ने किया। जिन्होंने अपने मधुर और प्रभावी अंदाज से पूरे समारोह को जीवंत बनाए रखा। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके उपरांत अश्वनी कुमार ने मंचासीन अतिथियों का अंगवस्त्र, पुष्पमाला और डिजिटल कलम भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।
इस अभिनंदन में भारतीय संस्कृति की गरिमा और साहित्यिक परंपरा का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

# मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने ईसोमसा के ई-कल्याण पोर्टल का किया शुभारंभ

**शुभारम्भ**

**यह ई-कल्याण पोर्टल हिम-परिवार पोर्टल के अन्तर्गत तैयार किया गया है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:**मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खु ने गत दिवस को अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम का सशक्तिकरण (ईसोमसा) विभाग के ई-कल्याण पोर्टल का शुभारम्भ किया। यह पोर्टल हिम-परिवार पोर्टल के अन्तर्गत तैयार किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के सभी पात्र आवेदक ईसोमसा निदेशालय के अन्तर्गत कार्यान्वित की जा रही पेंशन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रदेश सरकार कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के अनुसार कार्य करने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा के लिए आठ पेंशन योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। पिछले वित्त वर्ष के दौरान इन पेंशन योजनाओं पर 1410 करोड़ रुपए व्यय किए गए, जिनसे 8 लाख 24 हजार 928 व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं। इस वित्त वर्ष के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 37 हजार नए लाभार्थियों को शामिल किया जाएगा। इसके लिए, लगभग 67 करोड़ रुपए अतिरिक्त व्यय किये जाएंगे। इस अवसर पर अवगत करवाया गया कि ई-कल्याण पोर्टल को हिम भूमि, हिम परिवार, आधार और पीडीएस राशनकार्ड डाटाबेस से एकीकृत किया गया है। आवेदक स्वयं या लोकमित्र केन्द्र के माध्यम से द्धद्धद्धद्धद्धद्धः//द्धद्धद्धद्धद्धद्ध1द्धद्ध.द्धद्ध. द्दश1.द्धद्ध/द्धद्धद्धद्ध4द्धद्ध वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकता है। आवेदक को प्रमाण-पत्र बनवाने तथा आवेदन करने के लिए कार्यालयों में नहीं जाना पड़ेगा। आवेदन की त्रुटियों तथा सत्यापन व स्वीकृति की सूचना भी आवेदक को डिजिटल माध्यम से घर में प्राप्त होगी। निदेशक डिजिटल टेक्नोलॉजी एंड गवर्नेंस डॉ. निपुण जिंदल ने इस अवसर पर पोर्टल की विस्तृत प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, ेक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, उपाध्यक्ष, राज्य योजना बोर्ड भवानी सिंह पठानिया, विधायक संजय अवस्थी, सचिव आशीष सिंहमार व राखिल काहलों, निदेशक ईसोमसा किरण भड़ाना, विशेष सचिव मुख्यमंत्री डॉ. हरीश गज्जू, अतिरिक्त निदेशक राजीव शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने वर्ष 2025-26 के लिए एफआरए कैलेंडर जारी किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**कैलेंडर जारी**

**मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कैलेंडर राजस्व अधिकारियों के लिए मार्गदर्शिका का कार्य करेगा**

**शिमला:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खु ने शिमला में वर्ष 2025-26 के लिए एफआरए कैलेंडर जारी किया। कैलेंडर में वन अधिकार अधिनियम के तहत वर्ष भर की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों का विवरण दिया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कैलेंडर राजस्व अधिकारियों के लिए मार्गदर्शिका का कार्य करेगा, इसमें प्रत्येक गतिविधि के लिए व्यापक कार्यक्रम की जानकारी दी गई है। इससे प्रदेश में एफआरए से संबंधित कार्यों के लिए बेहतर क्रियान्वयन और निगरानी सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, विधायक हरीश जनारथा और अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा उपस्थित थे।

# पेंशन कंप्यूटेशन जैसे उधारी के लाभ बंद करके सरकार को कोई फायदा नहीं : विनोद सूद

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**आग्रह**

**सदस्यों ने एक सुर में आशा व्यक्त की कि जल्दी ही सरकार ऐसे विवादित आदेशों को वापस लेगी।**

**मंडी:** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की प्रांत इकाई हिमाचल प्रदेश शिक्षक महासंघ के सभी पदाधिकारियों ने धरने के माध्यम से अपने हितों की रक्षा के लिए जेबीटी शिक्षकों के निलंबन के आदेशों को वापस लेने का आग्रह सरकार से किया है। प्रांत अध्यक्ष विनोद सूद ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में शिक्षा सुधारों के नाम पर हिमाचल प्रदेश कि शिक्षकों के वित्तीय लाभों और उनके पदोन्नति के अवसरों को छिनने का डर अध्यापकों को सता रहा है ।ऐसे में यदि लोकतांत्रिक तरीके से शिक्षक अपनी बात रख रहे हैं तो ऐसा निलंबन और फिर 900 शिक्षकों पर एफआइआर जैसा कड़ा प्रहार करना सुख की सरकार के नाम के अनुरूप नहीं है। प्रांत मीडिया प्रमुख शशि शर्मा ने कहा कि शिक्षक पहले ही कई प्रकार से आशंकाओं से घिरे हुए हैं। क्योंकि हिमाचल प्रदेश सरकार में बैठे अधिकारी नित नए-नए फरमान निकाल कर शिक्षकों को परेशान कर रहे हैं उन्होंने कहा कि शिक्षक तीन-तीन जगह अपनी उपस्थिति देकर उपहास का पात्र बन रहे हैं। शिक्षक अधिकारियों से प्रश्न कर रहे हैं कि क्या उन्हें पाठशाला में बिठाए गए प्रधानाचार्य पर, जिला में बिठाए के उपनिदेशक पर भरोसा नहीं है ?क्या विभाग को अपने शिक्षकों पर भी भरोसा नहीं है? अच्छा हो कि शिक्षकों को शिक्षा में गुणता के सरकार के प्रयासों की दिशा को आगे बढ़? का अच्छा वातावरण देते हुए विश्वास का माहौल कायम किया जाए और हाजिरी एक जगह सुनिश्चित की जाए चाहे वह रजिस्टर पर हो चाहे ऑनलाइन हो। ऊपर से अधिकारियों के द्वारा शिक्षकों को मिले हुए वित्तीय लाभ हो और प्रशासकीय शक्तियों को घटाने के प्रयासों की खबरें आए दिन विभाग की तरफ से चली रहती हैं जिससे शिक्षक आंदोलन के लिए विवश हुए हैं। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में रिसोर्स मोबिलाइजेशन कमेटी की तथा कथित रिपोर्ट मीडिया और सोशल मीडिया में घूम रही है जिसमें कहा गया है कि कर्मचारियों की पेंशन की कंप्यूटेशन की गणना को खत्म कर दिया जाएगा। जिससे सभी कर्मचारियों का बहुत बड़ा अहित होगा हालांकि यह राशि एक उधार के रूप में सेवानिवृत कर्मचारियों को मिलती है और उसको पूरा धन ब्याज सहित वापस करना पड़ता है जो अंत में बहुत बड़ा अमाउंट हो जाता है। इसमें कल्याणकारी इतना ही है कि कहीं दुर्भाग्य से यदि कर्मचारी की मृत्यु होती है तो यह राशि वापस नहीं करनी पड़ती इससे ज्यादा इसका कर्मचारियों को कोई ज्यादा लाभ नहीं है।

हैरानी की बात है कि जहां सरकार कर्मचारियों को छठे पे कमीशन की देनदारियां नहीं दे पाई है, विभिन्न प्रकार के भत्तों का निर्धारण नहीं कर पाई है, कर्मचारियों का महंगाई भते का भुगतान नहीं कर पाई है, ऐसी स्थिति में कर्मचारियों के ऊपर विभिन्न प्रकार की नई सेवा शर्तें थोपना, अपने हक के लिए न्यायालय जाना भी रोक देना, लोकतांत्रिक तरीके से किए गए धरना प्रदर्शन के नाम पर विभिन्न नियमों से डराना आदि अफसर शाही के मनमाने फरमानों से मानसिक रूप से विभिन्न प्रकार की परेशानियों से कर्मचारियों को ग्रसित कर दिया है। हिमाचल प्रदेश शिक्षक महासंघ के सभी पदाधिकारियों ने सुख की सरकार से आग्रह किया है कि नाम के अनुरूप जिस प्रकार आपने सरप्लस अध्यापकों दूरदराज के क्षेत्र में किए गए तबादलों को स्थगित किया उसी प्रकार कर्मचारियों के प्रति किसी भी प्रकार की दमनकारी नीति को न अपनाने के लिए अफसर शाही को मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री निर्देश दें । पवन मिश्रा उपाध्यक्ष अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, प्रदेशाध्यक्ष विनोद सूद, महामंत्री नरेश शर्मा,संगठन मंत्री जयशंकर ठाकुर,उत्तर क्षेत्र प्रमुख पवन कुमार, हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ राष्ट्रीय प्रमुख बलबीर नेगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दर्शन लाल,प्रान्त महामंत्री नरेश शर्मा, अतिरिक्त महामंत्री भीष्म सिंह, हेम राज,सुनील कुमार,उपाध्यक्ष ललिता वर्मा ,बलदेव महांस,विजय कंवर, तीर्थानन्द शर्मा , पुरेन्द्र ,सुषमा कुमारी, प्रांत कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार प्रांत शैक्षिक प्रकोष्ठ सह प्रमुख रवि शर्मा ,शैक्षिक प्रकोष्ठ(प्रमुख) रामकृष्ण मार्कण्डेय,प्रशिक्षण प्रकोष्ठ (प्रमुख) राज कुमार,प्रकाशन प्रकोष्ठ (प्रमुख) कमल देव,समर्थ भारत आयाम (प्रमुख) शमशेर सिंह सहित सभी जिला अध्यक्षों और समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने एक सुर में आशा व्यक्त की कि जल्दी ही सरकार ऐसे विवादित आदेशों को वापस लेगी।

# पंचायती राज मंत्री 29 अप्रैल को भट्ठाकुफर व न्यू शिमला के प्रवास पर

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह 29 अप्रैल, 2025 को भट्ठाकुफर व न्यू शिमला के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि पंचायती राज मंत्री 29 अप्रैल को दोपहर 12.30 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, भट्ठाकुफर में एचपीएसईबीएल, शिमला द्वारा आयोजित 46वीं एआईईएसबीबी की कबड्डी (पुरुष और महिला) चैंपियनशिप के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

# नलसर में 61 लोगों ने करवाया फ्री हेल्थ चेकअप

**निःशुल्क जाँच**

**कैंसर, मधुमेह, रक्तचाप, मोटापा व अन्य सभी प्रकार के रोगों की निःशुल्क जाँच की गई**

**कमल शर्मा**



**नेरचौक :** सोमवार को पतंजलि ग्रामीण आरोग्य केन्द्र नलसर द्वारा फ्री हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन किया गया। एक दिवसीय इस फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का शुभारंभ व्यापार मंडल नलसर के प्रधान हरीश कुमार ने रिबन काटकर किया। व्यापार मंडल के प्रधान हरीश कुमार ने पतंजलि ग्रामीण आरोग्य केंद्र नलसर के संचालक दर्पण शर्मा, चिकित्सकों की टीम जिसमें डॉ. ईशान वशिष्ठ, कोऑर्डिनेटर मनोहर लाल, धर्मचंद शर्मा के सेवा भाव की सराहना की और भविष्य में भी क्षेत्र में इस प्रकार के कैंप लगाने का आग्रह किया। फ्री हेल्थ चेक अप कैंप में नलसर व इसके आसपास के लगभग 61 लोगों ने अपना चेकअप करवाया और चिकित्सक द्वारा प्रैसक्राइब की गई दवाइयां ली केंद्र संचालक दर्पण शर्मा ने बताया कि कैंप में नाड़ी परीक्षण श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण से प्रशिक्षण प्राप्त वैद्य द्वारा किया गया और कैंसर, मधुमेह, रक्तचाप, मोटापा व अन्य सभी प्रकार के रोगों की निःशुल्क जाँच की गई कैंप में शामिल मरीजों को दवाइयां 5त्र विशेष छूट प्रदान कर दी गई इस अवसर पर व्यापार मंडल के महासचिव विनोद जसवाल, सह कोषाध्यक्ष रामलाल बंसवाल, पैटर्न हितेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष कश्मीर शर्मा, कुलदीप ठाकुर सहित हीरा ठाकुर व संतोषी देवी भी मौजूद रहे ।

# प्रेस क्लब सोलन की कार्यकारिणी भंग, 12 मई को होंगे चुनाव

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**



**सोलनः** प्रेस क्लब सोलन की बैठक आज प्रधान मनीष शारदा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सदस्य मनीष ने कार्यकारिणी का तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने का हवाला देते हुए नए चुनाव कराने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। इसके पश्चात वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नई कार्यकारिणी के चुनाव 12 मई को संपन्न होंगे, जबकि नामांकन प्रक्रिया 9 मई को पूरी की जाएगी। बैठक के दौरान क्लब के विस्तार पर भी विचार किया गया और पांच नए पत्रकारों को सदस्यता प्रदान की गई। कुल लगभग 25 सदस्यों ने बैठक में भाग लिया। वरिष्ठ पत्रकारों में मुकेश कुमार, मनीष शारदा, बलदेव चौहान, अरविंद कश्यप, मनीष कुमार, सतीश बंसल और मोहिनी सूद की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# कहानियों की कहानी का छठा सफल मंचन भारत भारती सीनियर सैकेंडरी स्कूल कुल्लू में हुआ

**मंचन**

**कहानियों की कहानीइ का छठा सफल मंचन भारत भारती सीनियर सैकेण्डरी स्कूल कुल्लू में हुआ**



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** रंगमंच गांव गांव आंगन आंगन के तहत स्थानीय संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल ऐसोसिएषन ने कुल्लू के 14 स्कूलों में चल रही केहर सिंह ठाकुर द्वारा अभिनीत व निर्देशित एकल नाट्य प्रस्तुति 'कहानियों की कहानीइ का छठा सफल मंचन भारत भारती सीनियर सैकेण्डरी स्कूल कुल्लू में हुआ। नाटक की तीन कहानियों का प्रदर्शन करते हुए जहां एक तरफ सत्ता के भूखों का सत्ता हासिल करने के लिए साम दाम दण्ड भेद अपनाने की प्रवृति को दिखाया तो दूसरी तरफ हमारी व्यवस्था के लचर रवैइये को व्यंग्यात्मक तरीके से प्रस्तुत किया और तीसरी ओर समाज में कुछ ढोंगियों द्वारा धर्म की आढ़ में अपना हित साधने के लिए देवी देवताओं और भगवान को ही कैसे इस्तेमाल किया जाता है यह दिखाया गया। नाटक में समाज में युवाओं में फैल रही नषे की लत पर गहन विमर्ष दिखा और चिन्तन दर्षकों के समक्ष रखा गया कि क्या नारों भाशणों और रैलियों से हम नषा भगा पाएंगे? यह संदेष दिया गया कि जब तक हम युवा के सामने कोई ऐसी गतिविधि नहीं रखेंगे जो उसे नषे से कहीं ज्यादा आकर्शक लगे तब तक समाज में नषे की कमर तोड़ नहीं सकते। नाटक स्कूल के छात्रों सहित अध्यपकों ने देखा और पसन्द किया।
स्कूल की उप प्रधानाचार्य रीना कात्यायन ने केहर सिंह ठाकुर को कुल्लवी टोपी और मफलर पहनाकर सम्मानित किया

# रायपुर सहोड़ा में सट्टा लगाते एक काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** रायपुर सहोड़ा में पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टा लगाते हुए काबू किया है, जिसके खिलाफ मैहतपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मैहतपुर पुलिस रविवार रात रायपुर सहोड़ा में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने राजेश कुमार निवासी मोगा, पंजाब के पास से 700 रुपये की नगदी व सट्टे की पर्चियां बरामद की।

# 30 अप्रैल से 08 मई तक राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी होंगे किन्नौर जिला के प्रवास पर

**शुभारंभ**

**राजस्व मंत्री 04 मई को निचार उपमण्डल की तराण्डा पंचायत के थाच गांव के लिए बस सेवा का शुभारंभ करेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**किन्नौर:**राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी 30 अप्रैल से 08 मई, 2025 तक जिला के प्रवास पर रहेंगे। राजस्व मंत्री 30 अप्रैल को सायं 03:30 बजे चोलिंग में जिला किन्नौर के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों हेतु सेना द्वारा प्रदत्त दो रोगी वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे तथा तांगलिंग खड्ड पर निर्मित बेली पुल का उद्घाटन करेंगे। 01 मई को राजस्व मंत्री रामलीला मैदान रिकांग पिओ में मजदूर दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होगें। 02 मई को कैबिनेट मंत्री प्रातः 11 बजे रिकांग पिओ स्थित आई.टी.डी.पी भवन के सम्मेलन कक्ष में परियोजना सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। जगत सिंह नेगी 03 मई को प्रातः 11 बजे रिकांग पिओ स्थित आई.टी.डी.पी भवन के सम्मेलन कक्ष में जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे तथा सांय 5 बजे क्षेत्रीय अस्पताल रिकांग पिओ में विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई का उद्घाटन करेंगे। राजस्व मंत्री 04 मई को निचार उपमण्डल की तराण्डा पंचायत के थाच गांव के लिए बस सेवा का शुभारंभ करेंगे व जाईका भवन का उद्घाटन करेंगे और दि तरण्डा बहुउद्देश्य सहकारी सभा तराण्डा का शुभारंभ करेंगे तथा जन समस्याएं सुनेंगे।बागवानी मंत्री 06 मई को प्रातः 11:30 बजे रिकांग पिओ स्थित आई.टी.डी.पी भवन के सम्मेलन कक्ष में जिला स्तरीय योजना विकास एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे तथा सायं 4 बजे जवाहर नवोदय विद्यालय रिकांग पिओ में विद्यालय सलाहकार समिति व जिला स्तरीय मेस समिति की अध्यक्षता करेंगे। जनजातीय विकास मंत्री 07 मई को प्रातः 11 बजे रिकांग पिओ स्थित आई.टी.डी.पी भवन के सम्मेलन कक्ष में लाडा की बैठक की अध्यक्षता करेंगे तथा सायं 3 बजे कल्पा व सांगला क्षेत्रों से संबंधित स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक लेगे।

# जिला किन्नौर में फल एवं सब्जी वह मीट विक्रेताओं का किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**किन्नौर:**



जिला नियन्त्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले जिला किन्नौर अभिषेक बरवाल ने बताया कि निरीक्षक चंदू लाल नेगी खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के द्वारा रिकांग पिओ बाजार,भावानगर व स्पीलो में 35 फल एवं सब्जी विक्रेताओं,मीट विक्रेताओं तथा ढाबा व होटलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानों,ढाबा व होटल में हिमाचल प्रदेश जीव अनाशित कूड़ा कचरा अधिनियम 1995 के अंतर्गत प्रतिबंधित पॉलिथीन व परिसर में कूड़ा कचरा पाए जाने पर ग्यारह विक्रेताओं पर 8000 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। अभिषेक बारवाल ने बताया कि जिला किन्नौर में व्यापारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल तत्काल प्रभाव से बंद करें तथा गली-सड़ी फल/ सब्जियों को अलग कर उचित माध्यम से नष्ट करना सुनिश्चित करें तथा कहा कि इस प्रकार का औचक निरीक्षण जनहित में जारी रहेगा और नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ उचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत डण्ढाल**
**विकास खंड सदर मंडी**

ग्राम पंचायत डण्ढाल विकास खंड सदर मंडी जिला मंडी आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न निर्माण सामग्रियों की, वित्त वर्ष 2025-26 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 06.05.2025 को 5 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जाएगी व दिनांक 07.05.2024 को अपराहन 11.30 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

| क्र.स. | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1 | रेत (KANSA QUERRY) | Per cubic meter |
| 2 | रेत(CRUSHER) | Per cubic meter |
| 3 | बजरी (20MM KANSA QUERRY) | Per cubic meter |
| 4 | बजरी(10MM CRUSHER)) | Per cubic meter |
| 5 | बजरी (20MM CRUSHER)) | Per cubic meter |
| 6 | बजरी (40MM CRUSHER)) | Per cubic meter |
| 7 | सोलिंग/बोल्डर पत्थर | Per cubic meter |
| 8 | पत्थर (CUT STONE) | Per cubic meter |
| 9 | ईंट | Per brick/per thousand |
| 10 | जेसीबी कार्य ढुलाई व ब्रेकर | Per hour |
| 11 | सेंटरिंग लकड़ी , स्टील इत्यादि | Per sqm |
| 12 | सीमेंट किराया HPS CSC Depot | Per Bags |

**शर्तें:**
1. निविदादाता के पास अपना पंजीयन पैन संख्या, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है।
2. दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएं।
3. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता की व विभाग से हस्ताक्षतिर एम-फार्म जमा करवाने होंगे, एम-फार्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सम्बधी रायटी 60 रुपये प्रति टन के हिसाब से काटी जाएगी।
4. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी।
5. निविदादाता प्रति सामगो आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा।
6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवत्ता के चयन का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा।
7. सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहां तक गाडी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी।
8. निविदाता को 50000/-रु धरोहर राशि साथ में जमा करवानी होगी।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत डण्ढाल**
**विकास खंड सदर मंडी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत उपरली सुरारी**
**विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी हि.प्र. 175001**

ग्राम पंचायत उपरली सुरारी विकास खंड सदर मंडी जिला मंडी आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न निर्माण सामग्रियों की, वित्त वर्ष 2025-26 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 06.05.2025 को 3 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जाएगी व दिनांक 07.05.2024 को अपराहन 1 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

| क्र.स. | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1 | रेत (KANSA QUERRY) | Per cubic meter |
| 2 | रेत(CRUSHER) | Per cubic meter |
| 3 | बजरी (20MM KANSA QUERRY) | Per cubic meter |
| 4 | बजरी(10MM CRUSHER)) | Per cubic meter |
| 5 | बजरी (20MM CRUSHER)) | Per cubic meter |
| 6 | बजरी (40MM CRUSHER)) | Per cubic meter |
| 7 | सोलिंग/बोल्डर पत्थर | Per cubic meter |
| 8 | पत्थर (CUT STONE) | Per cubic meter |
| 9 | ईंट | Per brick/per thousand |
| 10 | जेसीबी कार्य ढुलाई व ब्रेकर | Per hour |
| 11 | सेंटरिंग लकड़ी , स्टील इत्यादि | Per sqm |
| 12 | सीमेंट किराया HPS CSC Depot | Per Bags |

**शर्तें:**
1. निविदादाता के पास अपना पंजीयन पैन संख्या, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है।
2. दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएं।
3. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता की व विभाग से हस्ताक्षतिर एम-फार्म जमा करवाने होंगे, एम-फार्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सम्बधी रायटी 60 रुपये प्रति टन के हिसाब से काटी जाएगी।
4. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी।
5. निविदादाता प्रति सामगो आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा।
6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवत्ता के चयन का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा।
7. सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहां तक गाडी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी।
8. निविदाता को 30000/-रु धरोहर राशि साथ में जमा करवानी होगी।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत उपरली सुरारी**
**विकास खंड सदर मंडी**

# चारधाम यात्रा: सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश

## किरायेदारों का सत्यापन न कराने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए, नियमित रूप से इसकी निगरानी करने के निर्देश दिए

**चाक-चौबंद**

मुख्यमंत्री आवास से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल बैठक के दौरान जिलाधिकारियों को यह निर्देश दिए



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा, धार्मिक स्थलों और पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किरायेदारों का सत्यापन न कराने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए और ठेली, फड़ व झुग्गी-झोपड़ी में रहने वालों का भी अनिवार्य रूप से सत्यापन कराया जाए। जिलाधिकारियों को नियमित रूप से इसकी निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री आवास से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल बैठक के दौरान जिलाधिकारियों को यह निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण मामलों में विभिन्न माध्यमों से फेक न्यूज चलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई करने और जिलाधिकारियों की ओर से सही जानकारी नियमित रूप से विभिन्न माध्यमों से साझा की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राशन कार्ड, आधार कार्ड, बिजली के कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड और अन्य दस्तावेज अपात्र लोगों को देने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की जाए। जनपदों में जिलाधिकारियों की ओर से सभी विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी सत्यापन के लिए लगाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनाग्नि प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के साथ ही वनाग्नि की घटनाओं में संलिप्त पाये जाने वालों पर कठोर कार्रवाई की की जाए। मुख्यमंत्री ने डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण के लिए भी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए नियमित फॉगिंग के साथ ही डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। अस्पताओं में बिजली की रोस्टिंग न करने और ग्रीष्मकाल में प्रदेश में बिजली और पानी की सुचारू आपूर्ति रखने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये हैं। प्रदेश में पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी कैंचीधाम वार्षिकोत्सव के दृष्टिगत भी सड़कों की बेहतर स्थिति के साथ पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी जिलाधिकारियों को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये हैं कि वे समय-समय पर विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण करें, जिससे व्यवस्थाएं भी सही बनी रहेंगी और जन समस्याओं का समाधान भी तेजी से होगा। उन्होंने कहा कि बहुद्देशीय शिविरों, तहसील दिवस और बीडीसी की बैठकें नियमित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्ट मीटर की प्रगति की नियमित निगरानी की जाए। विद्युत बिल की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए। सरकारी संपति को नुकसान पहुंचाने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि 10 करोड़ तक के टेंडर स्थानीय ठेकेदारों को ही मिले। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के साथ भी जिलाधिकारी नियमित संवाद बनाये रखें। मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना को बढ़ावा देने के लिए सभी जनपदों को टारगेट देकर लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा के दृष्टिगत यातायात प्रबंधन और सड़कों की स्थिति सही रहे इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। चारधाम यात्रा के लिए घोड़ा-खच्चर के स्थानीय संचालकों को प्राथमिकता दी जाए। चारधाम यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ स्वच्छता और सौन्दर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। यात्रा मार्गों पर रेट लिस्ट चेक कर ली जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि आवररेटिंग की शिकायत न आये। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुदंरम, अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी. अंशुमन, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, वर्चुअल माध्यम से कुमांऊ कमिश्नर दीपक रावत एवं सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## पहलगाम हत्याकांड के विरोध में सराहा बाजार बंद

**नाहन।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में सनातन धर्म के अनुयायियों की पहचान कर की गई निर्मम हत्या के विरोध में सोमवार को सिरमौर जिला के पच्छाद उपमंडल मुख्यालय सराहा में व्यापारियों ने स्वेच्छा से बाजार बंद रखा। इस दौरान स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने संयुक्त रूप से सराहा बाईपास से लेकर पूरे बाजार क्षेत्र में एक रोष रैली भी निकाली। रैली के दौरान विभिन्न हिंदू संगठनों ने पहलगाम हत्याकांड की कड़ी निंदा की और मृतकों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं देश की सहिष्णुता और एकता को चुनौती देती हैं तथा समाज में असंतोष पैदा करती हैं। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए और आरोप लगाया कि इस कायरतापूर्ण घटना में पाकिस्तान का हाथ हो सकता है।

## पाकिस्तान को सबक सिखाने की जरूरत: विक्रमादित्य सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार के साथ मजबूती से खड़ी है। विक्रमादित्य सिंह ने सोमवार को शिमला में कहा कि देश के 140 करोड़ लोग एक स्वर में आतंक के खिलाफ खड़े हैं और अब समय आ गया है कि आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पहलगाम हमले का प्रतिशोध लिया जाना चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अब पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाने का वक्त आ गया है। सिंह ने याद दिलाया कि 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी और उसे दो हिस्सों में बांट दिया था। आज भी देश में वैसी ही एकजुटता की आवश्यकता है ताकि निर्णायक कदम उठाए जा सकें। सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने के फैसले का स्वागत किया और कहा कि यह कदम देशहित में उठाया गया है। उन्होंने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी ने अपने सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं ताकि शोक की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ संवेदना प्रकट की जा सके। विक्रमादित्य सिंह ने इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर भी निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि जब देश शोक में डूबा है तब विपक्ष के नेता और बीजेपी के अन्य पदाधिकारी सार्वजनिक मंचों पर कार्यक्रम आयोजित कर नाटी कर रहे हैं जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने बीजेपी नेताओं से आग्रह किया कि वे इस संवेदनशील समय की गंभीरता को समझें और अपने आचरण में संयम बरतें।

## चार धाम: डीएम ने लिया पंजीकरण केन्द्र का जायजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार।** चार धाम यात्रा को सरल, सुखद, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिये जिला प्रशासन व सम्बंधित विभागों द्वारा सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है, जिसके लिये चार धाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिये जनपद हरिद्वार के ऋषिकुल मैंदान में पंजीकरण केन्द्र बनाया गया है, जिसका जिलाधिकारी ने सोमवार को स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने पंजीकरण केन्द्र में उपस्थित कार्मिकों को निर्देश दिये कि सभी कार्मिक अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी सवेंदनशीलता एवं तन्मयता के साथ करें तथा आने वाले तीर्थयात्रियों को पंजीकरण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने चार धाम यात्रा से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिये कि यात्रा पर आने वाले सभी तीर्थयात्रियों के साथ अपना व्यवहार सौम्य रखें एवं अतिथि देवो भवः के तहत व्यवहार करें।

जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल ने जिलाधिकारी को तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि तीथयात्रियों के पंजीकरण के लिये ऋषिकुल मैदान में 20 कॉउटर बनाए गये है, जिसमें महिलाओं, पुरूष, दिव्यांग तथा वरिष्ठ श्रद्धालुओं के लिये अलग-अलग काउण्टर की व्यवस्था की गई है तथा पूछताछ केन्द्र की भी व्यवस्था की गई है। उन्होनें बताया कि श्रद्धालुओं को गर्मी से निजात दिलाने के लिये 40 सिलिंग फैन 12 कूलर 5 स्टैण्ड फैन लगाये गये है। इसके साथ ही तीर्थयात्रियों के चिकित्सा सुविधा हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल स्थापित किया गया, भीड़ भीड़ नियन्त्रण, शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। तीर्थयात्रियों के लिये शौचालय सुविधा के लिये 35 सुलभ शौचालय तथा 2 मोबाइल टॉलेट की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही स्वच्छ पेयजल के लिये 8 स्टैण्ड पोस्ट और टंकी स्थापित की गई, इसके साथ ही रोशनी के लिये ऋषिकुल में हाई मॉस्क लाईट लगाई गई है ताकि आवश्यकता पड़ने पर रात्रि के समय भी पंजीकरण करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

